2 | फरीदाबाद
अवैध निर्माण बचाने को हाइवे का रुख ग्रीन बेल्ट की तरफ, चढ़ रही वृक्षों की बलि

6 | अभिमत
गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया

9 | देश/विदेश
कोविड-19 रोधी टीकाकरण के सुरक्षा चक्र से कोई छूटे नहीं: मोदी


12 | स्पोर्ट्स
तीसरे वनडे में भारत ने आस्ट्रेलिया को दो विकेट से हराया

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 229
फरीदाबाद, सोमवार, 27 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



योगासन से एसिडिटी और गैस की समस्या पर पाया जा सकता है काबू

पेज - 11

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 33.01°C
न्यूनतम 26.01°C

**आज का मैच**
IPL राजस्थान रॉयल्स VS सनराइजर्स हैदराबाद

## क्विक न्यूज

### चक्रवाती तूफान गुलाब का लैंडफॉल शुरू

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान गुलाब का लैंडफॉल रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे शुरू हो गया। मौसम विभाग के अनुसार तूफान के देर रात तक ओडिशा के गोपालपुर और आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम तटों के बीच टकराने की आशंका है। आंध्र के श्रीकाकुलम में तूफानी हवाओं व भारी बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्रप्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी से चर्चा कर उत्पन्न हालात की समीक्षा की। पीएम ने केंद्र से हरसंभव मदद और सभी की सुरक्षा व खुशहाली की कामना की।

### आईपीएल चेन्नई ने केकेआर को दो विकेट से हराया

**अबुधाबी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को दो विकेट से हराया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 171 रन बनाए, जिसके जवाब में चेन्नई ने आठ विकेट पर 172 रन बनाकर जीत दर्ज की।

● विस्तृत खबर पेज-11

### उत्तर भारत के सबसे बड़े पामेटम का उद्घाटन

**देहरादून।** हल्द्वानी में रविवार को उत्तराखंड के पहले और उत्तर भारत के सबसे बड़े पामेटम का उद्घाटन किया गया। पामेटम, पेड़ की किस्म पाम की बागबानी करने का स्थान है। पामेटम का उद्घाटन कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के वनस्पति विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर ललित तिवारी द्वारा किया गया।

### यूपी में गन्ना किसानों के साथ धोखा हुआ : प्रियंका

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा गन्ना खरीद मूल्य बढ़ाकर 350 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि भाजपा ने गन्ना किसानों को बड़ा धोखा दिया है, क्योंकि उसके शासन में कीमतों में मामूली वृद्धि हुई है, जबकि लागत मूल्य कई गुना बढ़ चुका है।

### अंबाला में महिला ने खुद को मारी गोली

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले के एक गांव में अपने पति हरजीत के लाइसेंसी हथियार से 39 वर्षीय महिला सुरजीत कौर ने कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना शनिवार को पंजोरी गांव में महिला के घर पर हुई। पति फौज से सेवानिवृत्त होकर सीआईडी में कार्यरत है। घटना के वक्त घर पर महिला की बेटी ही मौजूद थीं।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

# हरियाणा में परिवार पहचान कानून लागू

**दो से शुरू होगी हरियाणा पीपीपी अथॉरिटी, पंचकूला होगा मुख्यालय**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**राज्य** सरकार ने मानसून सत्र में हरियाणा परिवार पहचान कानून पारित करने के बाद इसे प्रदेश में लागू कर दिया है। वहीं अभी तक नागरिक संसाधन सूचना को अलग विभाग का दर्जा नहीं दिया गया है। यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ड्रीम प्रोजैक्ट है। राज्यपाल ने इसे बीती चार सितंबर को मंजूरी प्रदान की थी, जिसके बाद सरकार ने छह सितंबर को गजट नोटिफिकेशन जारी किया था।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि बीती 17 सितंबर को हरियाणा सरकार के सिटीजन रिसोर्सेज इन्फार्मेशन के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर द्वारा जारी एक गजट नोटिफिकेशन से उक्त कानून को उसी दिन लागू कर दिया गया। अन्य नोटिफिकेशन जारी कर सरकार ने कहा है कि 2 अक्टूबर से उक्त कानून के अंतर्गत गठित होने वाली हरियाणा परिवार पहचान अथॉरिटी भी अस्तित्व में आ जाएगी, जिसका मुख्यालय पंचकूला होगा। हेमंत ने बताया कि उक्त अथॉरिटी के चेयरपर्सन स्वयं मुख्यमंत्री होंगे, एक डिप्टी चेयरपर्सन होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग, वित्त विभाग और नागरिक संसाधन सूचना के प्रशासनिक सचिव इसके पदेन सदस्य होंगे। राज्य सरकार प्रधान सचिव रैंक के अधिकतम दो अधिकारियों को भी इस अथॉरिटी का सदस्य नामजद कर सकेगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अधिकतम पांच विशेषज्ञों को भी सरकार इसमें मनोनीत कर सकेगी। अथॉरिटी के सदस्य सचिव के तौर पर एक सीईओ भी होगा। जनवरी 2020 में 1993 बैच के आईएएस वी उमाशंकर को नागरिक संसाधन सूचना का प्रधान सचिव तैनात किया गया था। गत माह 2001 बैच के आईएएस विकास गुप्ता को नागरिक संसाधन सूचना डिपोसिटरी अथारिटी का सीईओ तैनात किया गया है।



नागरिक संसाधन सूचना को नहीं बनाया अलग विभाग

### क्या काम करेगा हरियाणा में नया विभाग

सरकार द्वारा पिछले साल नागरिक संसाधन सूचना विभाग बनाया गया था। इस विभाग द्वारा प्रदेशवासियों को परिवार-पहचान पत्र जारी करना, सूचना विज्ञान और सूचना अवसंरचना के उपयोग से सामान्य डेटाबेस के रूप नागरिक संसाधनों के विकास की सूची तैयार करना, नागरिक सेवाओं के लिए सामान्य डेटाबेस तैयार करना, सरकारी सेवाओं और सरकारी स्कीमों में ई-गवर्नेंस (ई-शासन) को लागू करवाना आदि कार्य शामिल हैं।

**अभी सामान्य प्रशासन का हिस्सा होगा:** नव सृजित नागरिक संसाधन सूचना वास्तव में आधिकरिक तौर पर प्रदेश सरकार का विभाग ही नहीं है क्योंकि इसे हरियाणा सरकार कार्य (आबंटन) नियम, 1974 में सामान्य प्रशासन विभाग के ही अंतर्गत डाला गया है। हेमंत ने बताया, यह सामान्य प्रशासन विभाग का ही भाग है।

# यमुनानगर में होगा हरियाणा का पहला मशरूम सर्वेक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार द्वारा वनस्पति, जीव-जंतुओं की समृद्ध विविधता का पता लगाने और इसे संरक्षित करने के लिए पहला मशरूम सर्वेक्षण का 30 सितंबर को यमुनानगर जिले के कलेसर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य में किया जाएगा। सर्वेक्षण के परिणाम कलेसर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य के वनस्पति और जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए एक प्रभावी प्रबंधन रणनीति तैयार करने में मदद करेंगे।

यह क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर वास की अव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखने का आधार भी बनेगा। हरियाणा वन विभाग के एक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यह सर्वेक्षण हरियाणा के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) और डॉ. एनएसके हर्ष के नेतृत्व में किया जाएगा, जिसमें कालेसर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य के जीव-जंतुओं और मशरूम विविधता का आंकलन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि पेड़, झाड़ियां, लताएं और जड़ी-बूटियां बिना फफूंद के भूमि पर नहीं रह सकतीं। वे कई कीड़ों और अन्य जीवों की खाद्य श्रृंखला का एक अभिन्न अंग हैं।

**मिशन यूपी चुनाव : सात नए मंत्रियों ने ली शपथ**

# योगी का मिश्रित मंत्रिमंडल तैयार

**03 ओबीसी, 2 दलित एक एसटी और एक ब्राह्मण चेहरा**

**जितिन कैबिनेट मंत्री, बाकी छह राज्य मंत्री बने**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** विधानसभा चुनाव से करीब 6 महीने पहले योगी सरकार का दूसरी बार कैबिनेट विस्तार हुआ। 7 नए मंत्रियों ने शपथ ली। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए जितिन प्रसाद ने सबसे पहले शपथ ली। वे कैबिनेट मंत्री होंगे। बाकी 6 राज्य मंत्री होंगे। नए मंत्रियों में 3 ओबीसी, दो दलित, एक एसटी और एक ब्राह्मण चेहरा हैं। चुनाव से पहले सरकार का यह आखिरी विस्तार है। अब योगी कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है। इससे पहले राज्यपाल आनंदी बेन पटेल दोपहर 12.45 बजे गुजरात से लखनऊ राजभवन पहुंचीं। इसके बाद दोपहर 2 बजे एक हाई लेवल मीटिंग हुई। इसमें कैबिनेट विस्तार की आधिकारिक घोषणा की गई।

कैबिनेट विस्तार के जरिए भाजपा की पहली प्राथमिकता जातीय समीकरण साधने की रही है। 2017 विधानसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में सभी जातियों का साथ मिला था, इसीलिए पार्टी ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर 325 सीटें जीती थीं। यूपी में ओबीसी करीब 40 फीसद हैं। दलित वोटर्स करीब 21 फीसद हैं। इस लिहाज से ये भी सियासत में काफी मायने रखते हैं। इसीलिए इन दोनों समुदायों को मंत्रिमंडल में तरजीह मिली है। इसके बाद नंबर आता है 20 फीसद अगड़ी जातियों का। इसमें सबसे ज्यादा 11 फीसद ब्राह्मण, 6 फीसद ठाकुर और 3 फीसद कायस्थ और वैश्य हैं। यादव को छोड़कर पिछले चुनाव में पिछड़ी जाति का बड़ा वोट भाजपा को मिला था। साथ ही जाटव को छोड़ बड़ी संख्या में दलितों ने भी भाजपा को वोट किया था, लेकिन जिन छोटे दलों को साथ लेकर भाजपा इन वोट बैंक को अपने पाले में लाई थी, वह अब पार्टी से या तो दूर हैं या फिर नाराज।



### इन सात चेहरों ने ली शपथ

1. **जितिन प्रसाद (ब्राह्मण):** सबसे पहले जितिन प्रसाद ने शपथ ली। वे कैबिनेट मंत्री बने हैं। तीन महीने पहले वे कांग्रेस से भाजपा में आए थे। पहली बार वे 2004 में अपने गृह क्षेत्र शाहजहांपुर से लोकसभा चुनाव जीते थे।
2. **छत्रपाल गंगवार (कुर्मी):** ये बरेली के बहेड़ी से विधायक हैं। कुर्मी समाज से आते हैं। उम्र 65 साल है। रुहेलखंड क्षेत्र को कवर करेंगे।
3. **पलटू राम (दलित):** तीसरे नंबर पर शपथ ली। ये बलरामपुर से आते हैं। 2017 में पहली बार जीते थे। दलित समुदाय से आते हैं।
4. **संगीता बिंद (ओबीसी):** चौथे नंबर पर शपथ ली। पहली बार विधायक चुनी गई हैं। 42 साल उम्र हैं। पिछड़ी जाति से आती हैं। गाजीपुर सदर सीट से आती हैं। छात्र राजनीति भी की है।
5. **संजीव कुमार (अनुसूचित जनजाति):** सोनभद्र के ओबरा सीट से विधायक हैं। ये अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष हैं। आदिवासी समुदाय से आते हैं।
6. **दिनेश खटीक (एससी):** छठे नंबर पर शपथ ली। मेरठ के हस्तिनापुर सीट से विधायक हैं। खटीक (सोनकर) समाज से आते हैं। दलित समुदाय से आते हैं। पश्चिम यूपी से मंत्री बने हैं।
7. **धर्मवीर प्रजापति (ओबीसी):** सबसे आखिर में शपथ ली। धर्मवीर प्रजापति हाथरस से आते हैं। विधान परिषद सदस्य हैं। 2021 में ही विधान परिषद में पहुंचे हैं। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

### दूसरी बार मंत्रिमंडल का विस्तार

19 मार्च 2017 को सरकार गठन के बाद 22 अगस्त 2019 को यूपी की योगी सरकार ने पहली बार मंत्रिमंडल विस्तार किया था। तब मंत्रिमंडल में 56 सदस्य थे। इसके बाद कोरोना के चलते तीन मंत्रियों का निधन हो गया। इसलिए 7 जगह खाली थीं। यूपी में कैबिनेट मंत्रियों की अधिकतम संख्या 60 तक हो सकती है। पहले मंत्रिमंडल विस्तार में 6 स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों को कैबिनेट की शपथ दिलाई गई थी। इसमें 3 नए चेहरे भी थे। यूपी सरकार में अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। मौजूदा मंत्रिमंडल में 23 कैबिनेट मंत्री, 9 स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 21 राज्य मंत्री हैं, यानी कुल 53 मंत्री हैं। इस हिसाब से 7 मंत्री पद अभी खाली थे। इस विस्तार के साथ अब कोटा फुल हो गया है।

# चन्नी की टीम में कैप्टन सरकार के नौ पुराने मंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### पंजाब का नया मंत्रिमंडल, पहली बार मंत्री बने छह विधायक

**पंजाब** के नए मंत्रियों ने रविवार शाम चंडीगढ़ में शपथ ली। पहले कैप्टन कैबिनेट में भी शामिल रहे ब्रह्म मोहिंदरा, मनप्रीत बादल, तृप्त राजिंदर बाजवा, अरुणा चौधरी, सुख सरकारिया, राणा गुरजीत, रजिया सुल्ताना, विजयेंद्र सिंगला, भारत भूषण आशु ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद पहली बार मंत्री बन रहे रणदीप नाभा, राजकुमार वेरका, संगत सिंह गिलजियां, परगट सिंह, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, गुरकीरत कोटली ने शपथ ली। पंजाब सरकार में 15 मंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी और दो डिप्टी सीएम सुखजिंदर रंधावा और ओपी सोनी पहले ही शपथ ले चुके हैं। हालांकि, इससे पहले अंतिम समय में फैसला हुआ था कि कुलजीत नागरा को मंत्री नहीं बनाया जाएगा। उनकी जगह अमलोह से विधायक काका रणदीप नाभा को मंत्री बना दिया गया। नागरा वर्किंग प्रधान हैं, इसलिए उन्हें संगठन में काम करना होगा।

पंजाब के दोआबा क्षेत्र के नेता और विधायक दागी कहकर राणा गुरजीत का विरोध कर रहे थे। इसके बावजूद उनका नाम नहीं काटा गया। राणा गुरजीत 2017 में कैप्टन सरकार की कैबिनेट में थे। तब उन पर रेत खनन में भूमिका के आरोप लगे थे। फिर राहुल गांधी की मंजूरी के बाद कैप्टन ने राणा का इस्तीफा लिया था। अब वह चन्नी सरकार में फिर मंत्री बन गए हैं। चन्नी मंत्रिमंडल का जो स्वरूप सामने आया है, उसमें छह विधायक ऐसे हैं, जो पहली बार मंत्री बनेंगे। पंजाब में मुख्यमंत्री बदलने के साथ ही नए सिरे से मंत्रिमंडल का गठन भी किया गया है। मंत्रियों की अंतिम सूची में जिन नामों पर मुहर लगी, उनमें 9 कैप्टन सरकार के समय कैबिनेट में थे, जिनकी अब वापसी हो गई है। हालांकि, कैप्टन के करीबी 6 की छुट्टी कर दी गई है।

पंजाब मंत्रिमंडल में मनप्रीत बादल, विजयइंद्र सिंगला, रजिया सुल्ताना, ब्रह्म मोहिंदरा, अरुणा चौधरी, भारत भूषण आशु, तृप्त राजिंदर बाजवा और सुख सरकारिया की वापसी हो रही है। इसके अलावा राणा गुरजीत भी पहले कैप्टन की कैबिनेट में रह चुके हैं। मंत्री पद पाने वालों में नए चेहरे राजकुमार वेरका, परगट सिंह, संगत गिलजियां, गुरकीरत कोटली, काका रणदीप नाभा और अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग शामिल हैं। कैप्टन की कैबिनेट से चन्नी की टीम में साधु सिंह धर्मसोत, बलवीर सिद्धू, राणा गुरमीत सोढ़ी, गुरप्रीत कांगड़ और सुंदर शाम अरोड़ा को नई कैबिनेट में जगह नहीं मिली है।

### उत्तराखंड : हाथियों ने युवक को कुचला

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवपुरी में राफ्टिंग कैंप क्षेत्र में हाथियों ने गंगा नदी के किनारे एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मुनि की रेती क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि संभवत: शनिवार देर रात हुई घटना की सूचना रविवार सुबह मिली। मृतक की पहचान देहरादून के विकासनगर निवासी मयंक डोभाल के रूप में हुई है। वह शिवपुरी क्षेत्र में गंगा किनारे कैंप का संचालन करता था।

## प्रदेश को अभी भी 13 फीसद हिस्सा नहीं मिला : ज्ञानचंद

**रोहतक।** रोहतक में रविवार को हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता पहुंचे। यहां उन्होंने कहा हरियाणा को पंजाब से अलग हुए करीब 55 साल हो गए। नियमों के तहत हरियाणा को 40 फीसदी क्षेत्र मिला था, लेकिन अभी तक सिर्फ 27 फीसदी ही मिला है। 13 फीसदी पर अभी भी पंजाब का कब्जा है। पंजाब विवि पर भी हरियाणा का हिस्सा है।

चौधरी बंसीलाल सरकार ने न जाने किन कारणों से हिस्से से कब्जा छोड़ दिया था। मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। हम पंजाब यूनिवर्सिटी को ग्रांट देने के लिए तैयार हैं, यदि हमें अपना हिस्सा मिल जाए। उन्होंने कहा कि अगले बजट सत्र से पहले हरियाणा विधानसभा को पेपरलेस किया जाएगा। नए विधानसभा भवन के निर्माण की भी कोशिश है। हरियाणा और पंजाब का विभाजन हुआ, उस समय विधानसभा के सदस्यों की संख्या 56 ही थी। अब सदस्यों की संख्या 90 है।

## देश को एसबीआई जैसे चार-पांच बैंकों की जरूरत: वित्तमंत्री

**नई दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि उच्च आर्थिक गतिविधियां और वित्तीय समावेशन पर भारी जोर होने के बावजूद कई जिलों में बैंकों की मौजूदगी शून्य है। वित्तमंत्री ने बैंकों से कहा कि या तो ऐसे जिलों में वह सभी सुविधाओं से लैस शाखाएं खोलें या बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाली एक छोटी इकाई की स्थापना करें। सीतारमण ने हैरानी जताई कि आखिर किस तरह उन क्षेत्रों में भी बैंक नहीं हैं जहां आर्थिक गतिविधियां उच्च स्तर पर हैं।



सीतारमण ने यह बात इंडस्ट्री लॉबी ग्रुप इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) की 74वीं वार्षिक महासभा के दौरान कही। उन्होंने कहा, आज भी देश में ऐसे कई जिले हैं जिनकी कई बड़ी पंचायतों में भी एक भी बैंक नहीं है... ऐसे कई जिले हैं जहां एक भी बैंक भौतिक रूप से मौजूद नहीं है। उन्होंने आईबीए सदस्यों को सभी जिलों को डिजिटल रूप से मैप करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि ऐसे जिलों की पहचान हो सके और वहां बैंक शाखा खोली जा सके। उन्होंने कहा, भारत को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) जैसे चार-पांच अन्य बैंकों की जरूरत है।

**दिल्ली में घरों से कबाड़ वाहन हटाने की योजना**

# 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप कराएगी सरकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** में अब घरों में खड़े 15 साल पुराने वाहनों के लिए सरकार ने प्लान तैयार कर लिया है। दिल्ली सरकार ऐसे वाहनों को जब्त करके स्क्रैप कराने का काम करेगी। परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक तीन चरणों में इस प्लान को अंजाम दिया जाएगा। सबसे पहले केवल डीजल वाहन, उसके बाद पेट्रोल और फिर दुपहिया वाहनों को इसमें शामिल किया जाएगा।

स्क्रैप कराने के बाद जो पैसे मिलेंगे उससे टोल शुल्क काटकर बाकी पैसे वाहन मालिक को दे दिए जाएंगे। परिवहन विभाग के मुताबिक, सरकार वाहनों को घरों से टो करने के लिए कोई जुर्माना नहीं लगाएगी। वाहन की हालत के हिसाब से उसके मालिक को प्रति किलो अधिकतम 25 रुपये के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। वाहनों को कबाड़ करने के लिए परिवहन विभाग ने सात कंपनियों को भी चिह्नित कर लिया है। परिवहन विभाग की ओर से जारी आदेश में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यून (एनजीटी) के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि दिल्ली में 15 साल पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने डीजल वाहन नहीं चल सकते हैं। पहले चरण में 10 से 15 साल के बीच के डीजल वाहनों को छूट रहेगी। इसके बाद इन्हें भी स्क्रैप किया जाएगा।

**पानीपत में किसान महापंचायत, टिकैत बोले**

# इतिहास में सत्ता को 700 किसानों का हत्यारा लिखा जाएगा

**चढ़ूनी ने कहा, प्रधानमंत्री की कोठी के आगे गाड़ेंगे टेंट**

**पायनियर समाचार सेवा।** पानीपत

**पानीपत** जिले में रविवार को जिला स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन हुआ। नई अनाज मंडी के शेड में आयोजन के दौरान सभी अतिथि और किसान नीचे ही बैठे। किसी के लिए भी सोफे या कुर्सी की व्यवस्था नहीं रही। मंच पर और खुले शेड में जमीन पर दरी बिछाई गई। राकेश टिकैत ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी किसान आंदोलन का इतिहास लिखा जाएगा, तो वर्तमान में सत्ता में बैठे लोगों को 700 किसानों का हत्यारा कहा जाएगा। सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है। सरकार ने दिल्ली में 10 साल पुराने ट्रैक्टर बंद कर दिए हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि अपने पुराने ट्रैक्टर तैयार रखो, कभी भी कॉल आ सकती है। यदि सरकार नहीं मानी तो दिल्ली में फिर 10 साल पुराने ट्रैक्टर चलेंगे।



टिकैत ने कहा कि कानून वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा। सरकार को हर हाल में नए कृषि कानून वापस लेने होंगे। समय रहते वर्तमान सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस नहीं लिए तो आने वाली सरकार में वापस होंगे। किसानों का मिजाज और इतिहास पढ़े बिना ही सरकार ने कानून बना दिए। सरकार ने इस बार गलत जगह पंगा लिया है। किसान कुश्ती और कबड्डी वाले लोग हैं, धूल चटा कर ही दम लेंगे। महापंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांगें जल्द नहीं मानीं तो प्रधानमंत्री की कोठी के आगे टेंट लगाएंगे। सरकार किसानों को कमजोर समझने का वहम निकाल दे। आंदोलन में 700 किसान शहीद हो चुके हैं। किसान ऐसे ही विरोध जारी रखेंगे, सरकार का कोई नुमाइंदा गांव में नहीं घुस पाएगा। कोई भी किसान समन आने पर न तो कोर्ट जाएगा और न ही थाने। पुलिस पकड़ने आए तो उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। किसान नेता अभिमन्यु कुहाड़ ने कहा कि किसान आंदोलन आर्थिक आजादी की लड़ाई है। सरकार में आने से पहले मोदीजी ने दो करोड़ युवाओं को हर साल रोजगार देने का वादा किया था। उल्टा युवाओं को बेरोजगार कर दिया। मोदीजी को ऐसे ही झोला उठा कर जाने नहीं देंगे, एक-एक चीज का हिसाब उनसे मांगा जाएगा।

### मांगें पूरी होने तक पीछे नहीं हटेंगे

भकियू के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर ने कहा की मीडिया के माध्यम से सरकार किसानों के आंदोलन को बदनाम कर रही है। उन्होंने कहा कि जो कानून 2012 में काले थे और 2020 आते-आते साफ सुथरे कैसे हो गए। एमएसपी लागू न होने से मंडियां बंद हो रही हैं और किसान की फसल कौड़ियों के भाव जा रही है। किसान नेता जगजीत सिंह ने कहा कि सरहद पर किसान के बच्चे रक्षा कर रहे हैं और उन्हें ही अपने हक के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। अपने हक के लिए लड़ाई लड़ रहे किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। किसान इससे दबने वाले नहीं हैं, वे मांगें पूरी होने तक पीछे नहीं हटेंगे। वहीं करनाल से पहुंचे किसान नेता सुभाष गुर्जर ने कहा कि पानीपत की धरती ऐतिहासिक है। पिछले 10 महीने से राकेश टिकैत और अन्य नेताओं की अगुवाई में किसान आंदोलन चल रहा है। हरियाणा के किसान पूरी तरह इनके साथ हैं। जहां इनका का पसीना गिरेगा हरियाणा के लोग खून बहा देंगे। कृषि कानूनों के विरोध में इससे पहले यूपी के मुजफ्फरनगर में 5 सितंबर को किसानों की महापंचायत हुई थी। इसमें भारी संख्या में किसान इकट्ठे हुए थे। इसके बाद बसताड़ा टोल लाठीचार्ज मामले में करनाल में किसान महापंचायत हुई।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 27 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 24.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- जिले में विभिन्न स्थानों पर लगेगी वैक्सीन: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें और मॉल्स खुलेगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**सिप** को आप अपने फाइनेंशियल टारगेट्स से जोड़ सकते हैं, जैसे मकान खरीदना, बच्चों की पढ़ाई के लिए फंड जुटाना, रिटायरमेंट के बाद के लिए पैसे जुटाना। हर चीज का टारगेट तय करें और फिर कितने फंड चाहिए इसका अंदाजा लगाएं। फिर उस हिसाब से निवेश तय होना चाहिए। जब आपका लक्ष्य तय होगा, तभी आप उसके लिए अच्छी एसेट कॉम्बिनेशन चुन सकते हैं। ऐसे में आपको यह भी पता होगा कि आपको हर महीने कितनी बचत करनी है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### भारत बंद को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**फरीदाबाद।** जिला मजिस्ट्रेट जितेंद्र यादव ने बताया कि 27 सितंबर को संयुक्त किसान संघर्ष समिति द्वारा भारत बंद के आह्वान को देखते हुए जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। अपने आदेशों में उन्होंने कहा कि जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नौ अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इनमें कन्हैयालाल नायब तहसीलदार बल्लभगढ़, अजय कुमार नायब तहसीलदार तिगांव, तरुण नायब तहसीलदार फरीदाबाद, प्रदीप कुमार बीडीपीओ फरीदाबाद, यशवंत नायब तहसीलदार बड़खल, नेहा सहारण तहसीलदार बड़खल, जीपी वाधवा एक्सईएन एमसी फरीदाबाद, दिनेश कुमार नायब तहसीलदार दयालपुर और अजीत सिंह एक्सईएन एचएसवीपी फरीदाबाद शामिल है।

**क्विक न्यूज**

### यूनियन की बैठक सम्पन्न

**फरीदाबाद।** ओ एम पी वर्कर यूनियन की बैठक सिटी पार्क बल्लभगढ़ में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता यूनियन के सेक्रेटरी अरविंद कुमार ने की। बैठक को सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने ओ एम पी के मैनेजमेंट पर वर्करों की जायज मांगों को लागू नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि एग्रीमेंट पर हुए समझौते को हूबहू लागू नहीं किया जाता है। उन्होंने एक वर्कर को ड्यूटी से बाहर निकालने पर प्रतिशोध व्यक्त करते हुए मैनेजमेंट से थोड़ा बहुत गर्मा गर्मी में ही मजदूर को बाहर का रास्ता दिखाने के प्रयासों की आलोचना की और यूनियन शिष्टमंडल से प्राथमिकता के आधार पर मांग पत्र में कार्य से बाहर निकाले गए कर्मचारी को ड्यूटी पर वापस लेने के लिए मैनेजमेंट से बातचीत करने की योजना बनाई। बैठक में स्टाफ से वर्करों की श्रेणी में शामिल हुए कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव पर भी चिंता व्यक्त की गई।

# अवैध निर्माण बचाने को हाइवे का रुख ग्रीन बेल्ट की तरफ, चढ़ रही वृक्षों की बलि

**अपनी कार्यशैली से केंद्र सरकार की परियोजनाओं को भी पलीता लगा रहा है जिला प्रशासन**

राजेश दास। फरीदाबाद





**अपने** निजी स्वार्थ और कार्यशैली से सरकारी विभागों के अधिकारी केंद्र सरकार की प्रमुख बड़ी परियोजनाओं को भी पलीता लगाने से नहीं चूकते हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण है बाईपास रोड पर बनने वाला मुम्बई बड़ोदरा एक्सप्रेस वे। इस हाइवे के रास्ते में आने वाली नहर के किनारे बनी सैंकड़ों झुग्गियों को नोडल एजेंसी एचएसवीपी की तरफ से हटाया गया था, लेकिन हाइवे की सबसे बड़ी बाधा बन रही बिना सीएलयू और नक्शे के बनाई कई अवैध निर्माणों को हटाने की जरूरत महसूस नहीं की। बल्कि इन्हें बचाने के लिए प्रशासन ने इस हाइवे का रूख अवैध निर्माण की तरफ से बदल कर ग्रीनबेल्ट की तरफ कर दिया। जिसके बाद से लगातार ग्रीनबेल्ट पर लगे हजारों हरे भरे पेड़ पौधों की बलि देने का सिलसिला जारी है। एनआईटी 86 के विधायक नीरज शर्मा ने इस मामले को विधानसभा में भी उठा था, लेकिन इसका प्रशासन पर कोई असर नहीं देखा गया। हाइवे की एनलाइनमेंट बदलने से जहां ग्रीनबेल्ट उजाड़ने से पर्यावरण पर बुरा असर पड़ने वाला है। वहीं दूसरी तरफ से इस रास्ते पर बने पेट्रोल, सीएनजी पंप, अंडरग्राउंड गैस लाइन, रैनीवेल की मुख्य पाइप लाइन और एसटीपी को शिफ्ट करने में सरकारी को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ेगा।

### अवैध निर्माणों को अभयदान क्यों ?

**मुम्बई** एक्सप्रेस वे के काम में 143 निर्माण सबसे बड़ी बाधा के रूप में खड़े हुए हैं। जिसके कारण गत वर्ष नवंबर के महीने में दूसरी एनलाइनमेंट पर काम करते हुए नोडल एजेंसी एचएसवीपी ने ग्रीनबेल्ट से पड़ों की कटाई काम शुरू कर दिया था। लेकिन बाद में आसपास स्थित सेक्टर के लोगों के विरोध करने और विधायक नीरज शर्मा द्वारा मामला विधानसभा में उठाए जाने के बाद फिर से एनलाइनमेंट बदल कर रास्ते में आने वाले निर्माणों को हटाने का दावा किया जा रहा था। सूत्र बताते हैं यह 143 निर्माण सिंचाई और अन्य विभागों की जमीनों पर बने हुए हैं। लेकिन कुछ निर्माणों के मालिकों द्वारा रजिस्टरी होने का दावा किया जा रहा है। जिसके कारण इन्हें हटाने में एचएसवीपी कतरा रही है। बेशक इनमें से कुछ लोगों के पास रजिस्ट्री हो सकती है। लेकिन इनमें से किसी भी कथित जमीन मालिक ने न तो जमीन की सीएलयू करवायी है और न ही संबंधित विभाग से नक्शा पास करवाया है। नियमों के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते में आने वाले वैध निर्माण को भी मुआवजा देकर हटा दिया जाता है।

### जनता के हितों पर डाका



**बाईपास** रोड से लगते सेक्टरों में रहने वाले लोगों ने इस रोड की हरी भरी ग्रीनबेल्ट को देख कर ही हूडा से प्लॉट खरीदे थे, लेकिन अब एक्सप्रैस वे के निर्माण के लिए अवैध निर्माणों को बचाने के लिए इस ग्रीनबेल्ट की बलि चढ़ाई जा रही है। जो सीधा-सीधा आसपास के सेक्टरों में रहने वाले लोगों के हितों पर डाका है। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन अवैध निर्माणों को बचाने के लिए ग्रीनबेल्ट को उजाड़ने के साथ साथ भारी आर्थिक नुकसान भी उठाने को तैयार है, क्योंकि बाइपास रोड पर ग्रीनबेल्ट वाली साइड पर दो तीन पेट्रोल और सीएनजी पंप भी बने हुए हैं। इन पंपों को यहां से शिफ्ट करने के लिए प्रशासन को मुआवजा और अन्य जगह भी देनी पड़ेगी। इसके अलावा इस तरफ ग्रीनबेल्ट के नीचे से अंडरग्राउंड सीएनजी व पीएनजी पाइप लाइन, रैनीवैल की मुख्य पाइप लाइन भी गुजर रही है। इन लाइनों को शिफ्ट करने में लाखों रुपये खर्च होंगे। यहां एक एसटीपी प्लांट भी है। इसके टूटने के बाद इसका निर्माण भी अन्य स्थान पर करवाना पड़ेगा। इस तरह की कई अड़चने सामने आने वाली हैं। लेकिन प्रशासन को इस तरह की अड़चनों से कोई लेना देना नहीं है।

### पर्यावरण से खिलवाड़



**समाजसेवी** एवं एक संघर्ष एनजीओ के अध्यक्ष अजय बहल ने बताया कि अवैध निर्माणों को बचाने के चक्कर में हूडा प्रशासन पर्यावरण से खिलवाड़ करने पर तुला हुआ है। हजारों की संख्या में पेड़ों को काट कर एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क से संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए आरटीआई दायर की गई है। लेकिन हूडा ने इसका कोई जबाव नहीं दिया। जिसके कारण उन्होंने राज्य सूचना आयोग में अपील की हुई है।

### विधायक ने उठाया था मुद्दा

**पिछले** दिनों कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने अवैध निर्माणों के चलते एक्सप्रेस वे का रूट डायवर्ट करने की कवायद के खिलाफ विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किया। इस पर विधानसभा सचिवालय को सरकार से विवरण मिल गया था। इसमें विभाग ने स्पष्ट किया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को 26.2 किलोमीटर लंबे बाईपास को 70 मीटर चौड़ी जमीन उपलब्ध कराने के लिए अवैध कब्जे हटाने की प्रक्रिया शुरू है।

यह कब्जे सेक्टर-13-14 और सेक्टर-8-9 विभाज्य मार्ग के सामने हैं। कब्जे एचएसवीपी और सिंचाई विभाग की जमीन पर हैं। अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी बनाया गया है। नीरज शर्मा ने विधानसभा में कहा था कि एक्सप्रेस वे पर अवैध निर्माण बचाने के लिए ग्रीन बेल्ट में लगे पेड़ भी काटे जा रहे हैं। जबकि यह ग्रीनबेल्ट बाइपास रोड से लगते सेक्टरों में रहने वाले लोगों की है। प्रशासन अवैध निर्माणों को बचाने के लिए एक्सप्रेस वे का रूट डायवर्ट करने की प्रक्रिया को अंजाम देने में जुटा है, लेकिन विधानसभा में मुद्दा उठने पर ग्रीनबेल्ट पर सड़क बनाई जा रही है।

## जेजेपी की मजबूती को जोड़ रहे हैं युवाओं को

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**किसी** भी पॉलिटिक्ल पार्टी का आधार उसका संगठन होता है और तिगांव विधानसभा में जेजेपी पार्टी की नीव मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर जेजेपी का कुनबा बढ़ाना ही उनका टारगेट है।

ये बातें तिगांव विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी और जेजेपी नेता उमेश भाटी ने गांव सराय में अजित यादव के कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। यहां कई लोगों ने जेजेपी पार्टी की निति और कथनी पर विश्वास करते हुए पार्टी ज्वाइन की। इस मौके पर जेजेपी नेता उमेश भाटी ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को जेजेपी का झंडा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने जेजेपी नेता उमेश भाटी का बुके से स्वागत किया।

वहीं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जिंदाबाद के नारे भी लगाए। सदस्यता लेकर पार्टी में शामिल हुए लोगों को संबोधित करते हुए नेता उमेश भाटी ने कहा कि आज गांव सराय से कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। मैं उन सभी गणमान्य लोगों का पार्टी में स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हुं कि जेजेपी पार्टी आप के मान सम्मान में कभी भी पीछे नहीं रहेगी। उमेश भाटी ने कहा कि हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के मार्ग-दर्शन में हरियाणा नित नए नए विकास की और आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित लाभकारी योजनाओं कोआम जनता तक पहुंचाना ही हम सब का पहला लक्ष्य है और यह लक्ष्य तभी पूरा होगा जब हम सब इस पर काम करेंगे। उमेश भाटी ने कहा कि प्रदेश में हरियाणा सरकार को दो वर्षो से ज्यादा का समय हो चुका है।

डिप्टी सीम दुष्यंत चौटाला कई ऐसी योजनाएं लेकर आए है, जिसके कारण जेजेपी पार्टी का जनाधार प्रदेश की जनता के बीच काफी बढ़ चुका है। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष बी सी सेल भारत यादव, युवा प्रदेश सचिव अनिल भाटी, भारत भारद्वाज, राहुल सिगंला, अजित कुमार यादव, प्रमोद सिंघाला, एके राय, टुनटुन कुमारी, उमेश छोटे लाल, हाजरा, दिलीप कुमार, राजेश शर्मा, संजीव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नेक्सेस स्टार ने जीता 25 रन से मैच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**सेक्टर-86** स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर प्रथम पूरी कारपोरेट लीग 2021 लीग मैच का आयोजन किया गया। जिसमें नेक्सेस स्टार और एनकर कैपिटल (सीएम) के बीच मैच खेला गया। जिसमें नेक्सेस स्टार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 19.4 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए। इस मैच में बल्लेबाज अनिल और संग्राम ने 17-17 रन बनाए।

वहीं प्रवीन मोहंती ने 14, दीपक यादव ने 13 रन, जतिन ने 12 रन और राहुल मलिक ने 10 रन बनाए। एनकर कैपिटल के गेंदबाज हिमांशु सचदेवा और प्रशांत गौड ने 3-3 विकेट लिए। वहीं सुरेन्द्र नेगी, साहिल सेतिया और आर जोशी ने 1-1 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए एनकर कैपिटल की तरफ से प्रशांत गौड ने 26 रन, रजनीश तवंर ने 23 रन, दीपक शर्मा ने 17 रन और जितेन्द्र त्रिपाठी ने 8 रन बनाए। वहीं गेंदबाज दीपक यादव और सत्येन्द्र चाहर ने 3-3 विकेट लिए। वहीं संतोष ने 2 विकेट लिए। दलीप राणा ने 1 विकेट लिया। अंत में यह मैच नेक्सेस स्टार ने 25 रन से जीत लिया। मैच के अंत में प्लेयर आफ द मैच दीपक यादव, बेस्ट बेट्समैन का खिताब प्रशांत गौड और बेस्ट बॉलर का खिताब हिमांशु सचदेवा को दिया गया।

## रक्तदान कर मनाई गई शहीद भगत सिंह की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**शहीद** भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में भेंडौली ग्राम में विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन बाला जी सेवा समिति भेंडोली ने मास्टर नेतराम जी की बैठक में किया।

सर्वप्रथम सभी उपस्तिथों ने भगत सिंह की फ़ोटो पर पुष्प अर्पित किए। शिविर का उदघाटन युवा राजेश महलावत ने रक्तदताओं को स्मृति चिन्ह देते हुए किया। शिविर में 31 स्वस्थ्य युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में अपना रक्तकोष पलवल की टीम ने डॉ. प्रशांत गुप्ता की देखरेख में रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सोसाइटी के कर्मठ कार्यकर्ता सुनील कर्दम, लाल सिंह, कपिल व मदन लाल ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर मौजूद विक्रम सिंह यात्री ने सभी रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया तथा उन्होंनेने बताया कि रक्तदान से शरीर में स्फूर्ति आती है और कई तरीके के रोगों से बचा जा सकता है। नियमित रक्तदान से हृदयघात का खतरा काम हो जाता है और कोलेस्ट्रॉल में भी कमी आती है। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया की 18-60 वर्ष की आयु के स्वस्थ्य व्यक्तियों जिनका वजन 45 किलो ग्राम से अधिक हो 90 दिनों के अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए।

## सौम्या ने यूपीएससी पास कर बढ़ाया है गौरव

**सौम्या की इस सफलता से जिले की बेटियों को मिलेगी प्रेरणाः मनोज अग्रवाल**

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ



**सेक्टर-2** निवासी राजेंद्र सिंह की सुपुत्री सौम्या आनंद द्वारा यूपीएससी की परीक्षा पास करने पर उन्हें लगतार बधाइयां मिल रही हैं।

इसी कड़ी में रविवार को बालिका दिवस के अवसर पर बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व हरियाणा कांग्रेस के स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज मनोज अग्रवाल ने सौम्या आनंद के बल्लभगढ़ स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर बल्लभगढ़ की समस्त जनता की ओर से बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

सौम्या अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मां-बाप के साथ अपने गुरुजनों को देती हैं, उन्होंने कहा कि कुछ बड़ा करना हो तो आपको धैर्यवान बनना होगा, हार नही मानेंगे तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

सौम्या ने कहा कि बेटियां अब घर में रहें ये गुजरे जमाने की बात हो गई है। अब तो बेटियां देश के हर कोने में जाकर देश की सेवा कर रहीं है इस दौरान मनोज अग्रवाल ने कहा की सौम्या आनंद ने पहली बार में ही संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में 492वीं रैंक हासिल कर पूरे फरीदाबाद का मान बढ़ाया है और उनकी इस उपलब्धि से जिले की बेटियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सौम्या का प्रेरणादायी परिश्रम और अपने लक्ष्य के प्रति उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति पूरे समाज के लिए एक मिसाल है। बल्लभगढ़ कांग्रेस उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

इस दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजना कालीरमन, युवा कांग्रेस नेता शुभम कसाना, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रताप शर्मा, धर्मवती, गौरव अग्रवाल सहित अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**सचाई है यही प्यारे यहीं पड़ता है सब भरना**
**सही है क्या, ग़लत है क्या, ये ख़ुद ही फ़ैसला करना**
**किसी में भी नहीं हिम्मत कहे जो सामने आकर**
**जहाँ अपमान होता हो वहाँ फिर पाँव मत धरना**

## मुफ्त बिजली-पानी देने लगेंगे तो होगा दुरुपयोग: कृष्णपाल

**एफआईए की 68वीं वार्षिक आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे केंद्रीय राज्यमंत्री**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार बिजली-पानी फ्री में देने लगेगी तो उसका कितना दुरुपयोग होगा इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। जब किसी चीज के लिए हमें भुगतान ही नहीं करना होगा तो उसका उपयोग कम और दुरुपयोग ज्यादा होगा।

केंद्रीय राज्यमंत्री शनिवार शाम सूरजकुंड स्थित एक होटल में फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एफआईए) की 68वीं वार्षिक आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

समारोह में उद्योगपति सुनील गुलाटी को लाइफ टाइम एचीवमेंट सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडलायुक्त संजय जून, जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव, प्रसिद्ध उद्योगपति केसी लखानी, एफआईए के महासचिव जसमीत सिंह, कोषाध्यक्ष एससी भाटिया, स्लेजहैमर ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती, नरेंद्र अग्रवाल, एचएल भूटानी, शम्मी कपूर, एसएस बांगा, वीके मलिक, विजय जिंदल, रमणीक प्रभाकर, जीएस त्यागी, एचके बतरा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। एफआईए प्रधान बीआर भाटिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनको उद्योगों के समक्ष आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। खासकर पानी और आधारभूत ढांचे की कमी के कारण उद्योगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि एफएमडीए द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे पानी को नगर निगम की लाइनों के माध्यम से उद्योगों को आपूर्ति की जाए तो समस्या का समाधान हो सकता है। श्री भाटिया ने पिछले सप्ताह औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों के निर्माण कार्य के शुभारंभ के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए सेक्टर-चार औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों को भी बनवाने की मांग की। उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि अगर हमें अच्छी सड़कें, साफ पानी और भरपूर बिजली चाहिए तो उसके लिए भुगतान करना पड़ेगा। पिछले सात-आठ सालों में शहर में आपूर्ति के क्या हालात थे, उद्यमियों से बेहतर कौन जान सकता है।

बिजली निगम घाटे में चल रहे थे, मगर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से न केवल बिजली निगम घाटे से उबरकर लाभ में आए हैं, बल्कि प्रदेश के अधिकतम गांवों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है, जहां कभी 8 घंटे बिजली आती थी। पूरे देश में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन लाख करोड़ का बजट दिया है, मगर इसका लाभ उन्हीं राज्यों को दिया जाएगा जो अपने सिस्टम में सुधार करेंगे। लोगों को फ्री में बिजली देने के लिए तो राज्यों को पैसा नहीं दिया जा सकता। कार्यक्रम को परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा और विधायक नरेंद्र गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर उद्योगपति नवदीप चावला, प्रदीप मोहंती, नरेंद्र अग्रवाल, विजय जिंदल, टीएम ललानी, सतीश भाटिया, एसएस सौरोत, केसी लखानी, सतीश गौसांई, एसके तनेजा, एचएल भूटानी, ऋषि अग्रवाल, एसके कपूर, संजय गुलाटी, राजन घई, सुनील गुलाटी, संजीव खेमका, एसके जैन, आर. महेश्वरी और राज भाटिया सम्मानित हुए।

# मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे नशेड़ी एम्बुलेंस चालक

कविता। फरीदाबाद

**सरकारी** एम्बुलेंस न मिलने पर लोग निजी एम्बुलैंसों का सहारा लेते हैं। लेकिन शहर के कुछ निजी एम्बुलेंस चालक मरीजों की जान जोखिम में डालकर वाहन चला रहे हैं। शनिवार को नशे में धुत्त चालक ने मरीज को ले जाते वक्त अजरौंदा चौक पर लगी एंगल में एम्बुलेंस घुसा दी। जिससे एम्बुलेंस में मौजूद बुजुर्ग महिला की हालत अधिक बिगड़ गई।

परिजन एम्बुलेंस चालक को पकड़कर चौकी में ले गए। जहां एम्बुलेंस को एक रात रखने के बाद पुलिस ने उसे सेक्टर-15ए चौकी का मामला बता कर वहां रविवार को भेज दिया, लेकिन पीड़ित सेक्टर 15ए चौकी नहीं पहुंचे।

## निजी एम्बुलेंस चालक नशा करके चलाते हैं वाहन






### यह है पूरा मामला

**एनएच-दो** निवासी एक बुजुर्ग महिला को परिजन तबियत बिगड़ने पर एक निजी एम्बुलेंस के जरिये शनिवार को इलाज करवाने सेक्टर-16 स्थित क्यूआरजी अस्पताल लेकर निकले थे। अजरौंदा चौक पर पहुंच कर चालक ने एक एंगल में टक्कर मार दी। जिस पर परिजन एम्बुलेंस चालक को लेकर एनएच-दो पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत दे दी। परिजनों ने बताया कि एम्बुलेंस चालक नशे में था। जिस पर पुलिस ने उसकी एम्बुलेंस को चौकी में रखवा लिया। लेकिन रविवार को पूरे मामले को देखते हुए उन्हें अजरौंदा का मामला बताते हुए दोनों पक्षों को वहां जाने के निर्देश दिए।

### नहीं होती कार्रवाई

**निजी** एम्बुलेंस जिले में धडल्ले से मरीजों को लेकर घूम रही है। लेकिन इन पर किसी तरह की कोई कार्रवाही या जांच नहीं होती है। जबकि अधिकांश चालकों के पास तो एम्बुलेंस के फिटनेश सर्टिफिकेट तक नहीं है। वहीं पोल्यूशन भी वह नहीं करवाते है। एम्बुलेंस में बिना रजिस्ट्रेशन के सीएनजी लगाना वर्जित है। लेकिन बिना रजिस्ट्रेशन के आज भी शहर में सैंकड़ों एम्बुलेंस सड़कों पर हैं। जिसके लिए न तो स्वास्थ्य विभाग आगे आ रहा है और न ही पुलिस। ऐसे में मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। लोगों का कहना है कि अधिकांश चालक नशे की हालत में ड्राइव करते हैं।

### पुलिस की कार्रवाई

**एनएच** दो स्थित पुलिस चौकी इंचार्ज ने बताया कि यह मामला उनकी पुलिस चौकी में आया था। जिसकी शिकायत उनके यहां तैनात हैंड कांस्टेबल सुलतान ने ली थी। वहीं जब सेक्टर-15ए चौकी में बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके यहां किसी भी बुजुर्ग महिला का केस नहीं आया है।

# युवाओं को स्व रोजगार देकर देश को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

## युवाओं को हुनर के आधार पर रोजगार देकर विकसित भारत की ओर कदम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि बेरोजगारों को स्व रोजगार देकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में युवाओं को कौशल के आधार पर स्व रोजगार प्रदान कर रहे हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को भागीदार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं को बेरोजगारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा बल्कि लोगों को रोजगार देने का काम करेंगे। यह बात केंद्रीय राज्य सूची गोपाल गुर्जर सेक्टर-12के कन्वेंशन हॉल में मेघा जाब मेले में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बेरोजगार युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे भी लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश में स्किल डेवलपमेंट की पहली यूनिवर्सिटी पलवल में बनाई गई है। वहां कौशल के आधार पर युवाओं को रोजगार भी मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज मेघा रोजगार मेले में 23 कंपनी आई है। जहां युवाओं को रोजगार दिया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सक्षम युवाओं को स्व रोजगार के लिए गम्भीरता से कार्य कर रहे हैं। पलवल में स्किल डेवलपमेंट युनिवर्सिटी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि एनसीआर में जल्द ही स्व रोजगार की नई क्रांति आएगी। इसके लिए सरकार ने एनसीआर में सिक्रेट पॉलिसी बनाई गई। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र में नई औद्योगिक क्रांति आएगी। इस क्रांति में सक्षम युवाओं को स्व रोजगार करने में सरकार द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। इसको सफल बनाने में प्रदेश के आईटीआई तथा अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों का विशेष योगदान होगा।

कौशल विकास विभाग के निदेशक आनंद प्रकाश ने कहा कि हरियाणा सरकार स्कील डेवलपमेंट पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हरियाणा की आबादी 65 परसेंट युवाओं की है और इन युवाओं को रोजगार के लिए स्वरोजगार स्थापित करने के लिए सरकार गंभीर है। मल्टीनेशनल कंपनियों में युवाओं को रोजगार के लिए आवेदन दिए गए उन्हें रोजगार दिलवाया जाएगा। इस अवसर पर कौशल विकास के कम्पीटिशन में जिला स्तर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 23 टीमों को 11000 रूपये की धनराशि और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली 20 टीमों को 5100-5100 रूपये की धनराशि के चैक दिए गए।

ये टीमें ऑटो ऑटोमोबाइल, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल सहित अन्य क्षेत्रों में भाग लिया था। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, निदेशक आनंत प्रकाश, चीफ स्कील डेवलपमेंट ऑफिसर दीपक शर्मा, कौशल विकास विभाग की एचएसडीडी पूनम श्योरान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# किसान मजदूर खेत बचाओ यात्रा को प्रदेश में मिला समर्थन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आम** आदमी पार्टी के जिला कार्यालय की रविवार को धूम धड़ाके के साथ ओपनिंग की गई। सुशील गुप्ता का पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रदेश के सह प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत करते हुए गुड़गांव-बड़खल रोड स्थित जिला कार्यालय का रिबन काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सुशील गुप्ता ने प्रैसवार्ता को सम्बोधित करते हुए जानकारी दी कि आज जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें एनआईटी विधानसभा क्षेत्र, बल्लभगढ़, बड़खल एवं उसके बाद तिगांव विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलनों को सम्बोधित किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश की हरियाणा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा पहला ऐसा राज्य है, जहां किसानों की जमीन एक्वायर करने से पूर्व किसानों की राय लेना जरूरी नहीं होगा। इससे खट्टर साहब किसानों की जमीन एक्वायर करेंगे और अडानी एवं अम्बानी जैसे पूंजीपतियों को बेचा जाएगा। एक तरफ तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वन क्षेत्र को उजाड़ने का काम फरीदाबाद प्रशासन कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ अलग-अलग संस्थानों के नाम पर जमीन अलॉट कर वन क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन करने का काम प्रशासन कर रहा है। हरियाणा प्रदेश पूरे देश में बेरोजगारी के क्षेत्र में नं.1 है। हरियाणा के सभी बॉर्डरों पर 10 महीने से किसान बैठा हुआ है, मगर हरियाणा सरकार जाति व धर्म से ऊपर उठकर कोई कार्य नहीं कर पाई है। हरियाणा एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां सरकार के मंत्री, सांसद अपने ही क्षेत्र में जाने से डरते हैं।

# रोटरी क्लब ट्यूलिप ने किया पंचलाइट नाटक का मंचन

## छांयास के बच्चों के प्रशिक्षण भवन निर्माण को फंड के लिए किया मंचन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**रोटरी** क्लब ऑफ फरीदाबाद ट्यूलिप द्वारा पंचलाइट नामक नाटक का मंच किया गया। इस नाटक का आयोजन छांयास के ग्रामीण बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भवन निर्माण को लेकर फंड रेज करने के लिए किया गया। यह जानकारी देते हुए रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ट्यूलिप्स की प्रधान निधि अग्रवाल ने बताया कि उनका क्लब एक मात्र महिला रोटरी क्लब है, जिसने बहुत कम समय में एक अलग पहचान बनायी है। जो समय समय पर समाज में सेवा करने के लिए तत्पर रहता है।

इसी श्रृंखला में रोटरी ट्यूलिप द्वारा विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल सेक्टर 15 में पंचलाइट नामक नाटक का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन राधा भाटी ने किया। नाटक में गांव के विकास को दिखाया गया जिसमें किस तरह से अंधेरे से जूझ रहे गांव को रोशनी मिलती है, उसका नाट्य रूपांतरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी 3011 डिप्टी गवर्नर अनूप मित्तल, वरिष्ठ रोटेरियन व उद्योगपति विजय जिंदल मौजूद रहे। जबकि विद्या मंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य आनंद गुप्ता सम्मानीय अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

जबकि विशिष्ट रूप से सचिन जैन, अंजलि जैन, दीपक तलवार, धीरज भूटानी, महेश त्रिखा, समीर गुप्ता, आशीष अग्रवाल, सोनिया लूथरा, ज्योति भल्ला, मीनू गुप्ता, बबीता, सोनिया राय, मधु ने शिरकत की। जबकि अनेक रोटेरियन्स व गणमान्य जन बतौर अतिथि उपस्थित रहे और इस नेक कार्य की सराहना की।

इस मौके पर डीजी अनूप मित्तल ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ट्यूलिप के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि अब रोटरी क्लब में महिलाएं भी सक्रियता से समाज सेवा के लिए बढ़चढ़ कर काम कर रही हैं और रोटरी ट्यूलिप ने इस मामले में मिसाल कायम की है। वहीं आनंद गुप्ता ने भी महिला रोटेरियन्स के इस प्रयास की सराहना की।

# पुलिस एसआई की लिखित परीक्षा हुई सफलता पूर्वक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिलाधीश** जितेंद्र यादव ने कहा कि रविवार को आयोजित हरियाणा पुलिस के एसआई की लिखित परीक्षाओं सही संचालन हुआ। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सके। इसके अलावा कोई भी अधिकारी व कर्मचारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन द्वारा जारी कानूनी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी रही।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस की लिखित परीक्षा के लिए फरीदाबाद में 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यह परीक्षा प्रात: 9 से 10.30 बजे तक आयोजित की गई। इसमें 13981 परीक्षार्थी परीक्षाएं दी। सरकार द्वारा जारी नियमों के अनुसार परीक्षार्थी को प्रात: 8.10 के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश ही दिया गया। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए थे। परीक्षा के संबंध में,फ्लाइंग आफिसर, ड्यूटी मैजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और परीक्षा केंद्रो के अधीक्षकों सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि परीक्षा के दौरान एसडीएम त्रिलोक चंद को नोडल अधिकारी बनाया गया था। सीटीएम/जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार को परीक्षा के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधो के लिए सभी ड्यूटी मैजिस्ट्रेट और ट्रांजिट अफसर तथा परीक्षा केंद्रो के अधीक्षक अपने कार्य दायित्व से जुड़े दायित्वों के बारे में कमीशन की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर उन्हें दिशा निर्देश दिए और परीक्षा केंद्रो से सम्बंधित समस्याओं का समाधान किया गया। इसके लिए नगराधीश कार्यालय के कमरा नम्बर 215 में कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिलाधीश ने कहा कि परीक्षा केंद्र अधीक्षक और परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी दे रहे पुलिस टीम के इन्चार्ज ने आपसी तालमेल बनाए रखा। ड्यूटी मैजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर पूरी कानून व्यवस्था बनाए रखी गई। सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार उसके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई गई।

## खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : यशपाल

**फरीदाबाद।** एमसीएफ के कमीशनर यशपाल ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों हारने वाले को जीतने वाले प्रेरणा मिलती है। नगर निगम आयुक्त यशपाल ने आज रविवार को हरियाणा पिन स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित चौथी नेशनल फिन सविमिंग चैम्पियनशिप की विधीवत शुरुआत की घोषणा उपरांत यह बात कही।

राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। सविमिंग चैम्पियनशिप स्थानीय सेक्टर-12 के खेल परीसर के स्वीमिंग पूल में आयोजित की गई। हरियाणा इन स्विमिंग एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप बेरी ने बताया कि बताया कि हरियाणा इन स्विमिंग में अंडर प्रतियोगिता में लगभग 16 प्रदेशों के खिलाडियों ने भाग लिया है। एक बच्चे ने दो घंटों में भाग लिया और भिन्न-भिन्न वर्गों में कंपटीशन करवाया गया। इस मौके पर मौजूद अमित सारथी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को पगड़ी बांधकर मान सम्मान किया और मुख्य अतिथि को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : मूलचंद शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को पंजाबी सेवा समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने रक्तदाताओं को बधाई देकर उनकी हौसला अफजाई भी की। परिवहन मंत्री ने कहा रक्तदान से बड़ा पुण्य का कार्य और इससे बड़ा पुण्य कोई नही है। रक्त मानव जीवन के अंतिम समय पर जरूरत पड़ने पर लोगो की जान बचाता है। पंजाबी सेवा समिति से प्रेम खट्टर, श्यामलाल छाबड़ा, ज्योति छाबड़ा, दयानंद विरमानी, राम जुनेजा, वासुदेव अरोड़ा, पार्षद दीपक यादव, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव, राव रामकुमार, बिट्टू पंजाबी, वीरेंद्र मनचंदा, सरवन आर्य मौजूद रहे।

# बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिले** में रविवार से 27 व 28 सितम्बर तक तीन दिवसीय प्लस पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिले में 370596 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला के 630766 घरों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पोलियों अभियान के प्रथम दिन 1670 पोलियों बुथों पर खुराक पिलाई गई। पहले दिन 54.5 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया गया।

जिसके तहत विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर नेताओं के द्वारा उद्घाटन किया गया। इसी कड़ी में बीके सिविल अस्पताल में मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बच्चे को पोलियों की खुराक पिलाई, इस मौके पर उनके साथ बडखल विधायक सीमा त्रिखा के अलावा सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. मान सिंह व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल और एफआरयू दो में मंत्री मूलचंद शर्मा ने बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर पोलियों अभियान को शुरू किया। इस मौके पर सीएमओ के अलावा जिला टीकाकरण व वैक्सीनेशन अधिकारी डॉ. मान सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**आज से डोर टू डोर :** डॉ. मान सिंह ने बताया कि जिले में पोलियों अभियान के लिए 2402 टीमें गठित की गई है। इसके अलावा 131 मोबाइल टीमें और 116 ट्राजिंट टीमें बनाई गई है। जोकि जिला में 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने में मदद कर रही है। जिला में नान माईग्रेटिड हाई रिस्क 26 क्षेत्र और कुल 571 क्षेत्र है। इनमें स्लम की 327, नोम्ड की 7, ईट भट्टे 121 और निर्माणाधीन साईटो के लिए 57 टीमें गठित की गई है। उन्होंने बताया कि आज और कल टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

## घर-घर जाकर लगाएंगे टीका



**पोलियो** अभियान की शुरूआत के साथ ही मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने डोर टू डोर जाकर लोगों को कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगाने का निर्णय लिया है। जिसके लिये उन्होंने अस्पताल से एक वाईक सवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाईक सवार डोर टू डोर जाकर स्वास्थ्य केन्द्र तक न पहुंच पाने वाले लोगों को वैक्सीन लगाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को कोरोना से बचाना होगा। इअधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कोरोना के मरीजों की संख्या कम हो गई है। प्रदेश में वैक्सीनेशन के आंकड़ों में फरीदाबाद पहले नम्बर पर है।

# संक्षिप्त समाचार

## दो नए मरीज और मिले कोरोना पॉजिटिव



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला में रविवार को कोरोना वायरस के दो मामले पॉजिटिव सामने आए है। वहीं रविवार को जिला में रिकवरी रेट भी 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यादव ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव के दो केसों को अस्पताल में भी दाखिल किया गया है। जबकि होम आईसोलेशन पर जिला मे 9 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या भी 11 हो गई है। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्शीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 580 लोगों टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1131418 लोगों ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99853 लोग कोराना पोजिटिव पाए गए। जबकि 1030826 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिले में 739 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। वहीं अब तक जिले में 99126 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं जिले में तेजी से वैक्सीनेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके तहत 6178 वैक्सीन रविवार को लगाई गई।

## आनंद मेहता बने फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**फरीदाबाद।** बीके चौके के निकट स्थित केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन में जिला फूटबॉल एसोसिएशन के सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एजीएम आफ डीएफए फरीदाबाद की तरफ से नई टीम का सिलेक्शन किया गया। यह चयन तीन वर्ष बाद किया गया। इस मौके पर एजीएम और डीएफए के 71 सदस्य इस चयन प्रक्रिया में मौजूद रहे। जिसमें सर्वसम्मिति से एक बार फिर जिला फुटबॉल एसोसिएशन का प्रेजीडेंट आनंद मेहता को चुना गया। इस मौके पर जनरन सैकेट्री, ट्रेजरार, के अलावा अन्य कई सदस्य मौजूद रहे। चयन प्रक्रिया के बाद आनंद मेहता ने कहा कि वह आगे भी पहले ही तरह ही फुटबॉल एसोसिएशन की सभी नियमों का पालन करेंगे और आगे आने वाले समय में इसे आसमान की ऊंचाईयों पर पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## शिविर में 87 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित


**फरीदाबाद।** कोरोना के मुश्किल वक्त में रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। ऐसी मुश्किल घड़ी में मरीजों की जान बचाने के लिए आज फरीदाबाद सेक्टर 58 स्थित विक्टोरा टूल कंपनी में रोटरी क्लब ऑफ फरीदबाद ईस्ट के सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अजित तेवतिया, चेयरमैन, भारतीय कृषक समाज व् सदस्य इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित हुए। रक्तदान शिविर का आरंभ मुख्य अथिति अजित तेवतिया, विक्टोरा टूल के मैनेजिंग डायरेक्टर एस एस बांगा, विक्टोरा लिफ्ट के सीईओ सतवीर बांगा, रोटरी क्लब ऑफ फरीदबाद पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर में विक्टोरा के प्रबंधन अधिकारी सहित कर्मियों ने संकल्पित भाव से 87 यूनिट रक्तदान किया। ये खास बात यह रही कि रक्त दान करने वालों में महिला कर्मियों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। इस मौके पर एसएस बांगा ने रक्तदान करने वाले कर्मियों का हौसला बढ़ाया और उन्होंने कहा है कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है। सभी दानों में रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता है, क्योंकि इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। ब्लड बैंकों में रक्त की आवश्यकता की निरंतर पूर्ति करने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त संग्रह होना जरूरी है।

## ब्राह्मण सभा ने किया सौम्या आनंद को सम्मानित



**फरीदाबाद।** यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली गांव भुआपुर की होनहार बेटी सौम्या आनंद को सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने उनके सेक्टर-2, फरीदाबाद स्थित निवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। सौम्या ने यूपीएससी परीक्षा में 492 रैंक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। उनकी कामयाबी को लेकर फरीदाबाद में लोगों द्वारा बधाईयों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली सौम्या को बधाई देने पहुंचे और कहा कि आज बेटी दिवस भी है और सौम्या ने परिवार के साथ हम सभी का गौरव बढ़ाया है। हम सभी को सौम्या पर गर्व है और हम उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने सौम्या से प्रेरणा लेकर अन्य लोगों को भी अपनी बेटियों को उनके भविष्य को लेकर सहयोग करने और उच्च शिक्षा दिलाने में अपनी रूचि दिखाने की अपील की। बेटियां पढ़ेंगी और अच्छा मुकाम हासिल करेंगी, तो एक मजबूत समाज का निर्माण हो सकेगा। इस मौके पर सौम्या ने बेटियों से अपील की, कि अगर आप लक्ष्य बनाकर उसको हासिल करने का प्रयास करते हैं, तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। भले ही उसमें देर हो जाए, मगर आप अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर हरीश पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, देवराज शर्मा, विकास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## श्रीबांके बिहारी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक



**फरीदाबाद।** विश्व हिंदू परिषद जिला पश्चिमी की बैठक श्रीबांके बिहारी मंदिर नंबर-5 फरीदाबाद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल ने की मंच संचालन विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन का प्रचार प्रसार और हिंदुओं को संगठित करना है। बैठक में तय हुआ की सभी खंड प्रखंड नगर जिला पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के मंदिरों में परिवार सहित ज्यादा से ज्यादा संख्या में मंगलवार के दिन हनुमान चालीसा का उच्चारण रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक करेंगे। नवरात्रों और विजयदशमी सप्ताह शस्त्र पूजन सभी खंड प्रखंड नगर जिला भिन्न-भिन्न स्थानों पर शस्त्र पूजन किए जाएंगे जैसी हमारी हजारों साल पुरानी परंपरा चली आ रही है हिंदू युवा सम्मेलन भी रखा जाएगा हिंदुओं को क्षेत्रवाद भाषावाद जातिवाद ऊंच-नीच पार्टी वाद मैं बड़े सुनियोजित ढंग से बांट दिया गया है। विश्व हिंदू परिषद सभी हिंदू भाइयों का वाहन करती है कि इस षड्यंत्र को समझें और क्षेत्रवाद भाषावाद जातिवाद ऊंच-नीच पार्टी वाद की दीवारों को गिराकर हम हिंदू सब एक हैं। हम सगे भाइयों से बढ़कर हैं। हमें अपनी एकता बनानी है। उन शक्तियों को मुंहतोड़ जवाब देना है, जो चाहते हैं हिंदू संगठित ना हो सके। बैठक में जिला अध्यक्ष पश्चिमी महंत ललित गिरी गोस्वामी ने भी अपने ओजस्वी विचार रखें राजकुमार मदान जिला मंत्री ने भी अपने विचार रखे। इस बैठक में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के रूप में अशोक अरोड़ा, पंडित विनोद शास्त्री, पंडित विनोद दुबे, राकेश सिंगला, राजेंद्र गुलाटी, संजय दत्ता, रवि हीरा, राघवेंद्र सिंह, जीत कुमार, पराग शर्मा, अमित बत्रा, श्याम बहादुर सिंह तथा मातृशक्ति बहन आशा इत्यादि सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एकत्रित हुए सब ने शपथ ली कि विश्व हिंदू परिषद को और अधिक मजबूत बनाएंगे तदोपरांत बैठक समाप्त हुई।

# निजी क्लीनिक में युवक की उपचार के दौरान मौत

## परिजनों ने लगाया क्लीनिक पर लापरवाही और गलत उपचार करने का आरोप

## क्लीनिक में परिजनों का हंगामा, शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

नगर के बुराका-पचगांव बाईपास पर स्थित निजी क्लीनिक संचालक व उसके स्टाफ द्वारा एक युवक का गलत उपचार करने के कारण मृत्यु होने का मामला सामने आया है। 20 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मृत्यु होने से गुस्साए परिजनों व उनके करीबियों ने देर शाम क्लीनिक में पहुंचकर जमकर हंगामा काटा।

घटना की सूचना मिलते ही शहर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार है। तावडू शहर के वार्ड नंबर-8 निवासी जीतराम ने बताया कि उनका पुत्र मोहित (20) शहर में फास्ट फूड की रेहड़ी लगाता था। शनिवार दोपहर 11: 00 बजे के करीब उसे उसे अचानक पेट में दर्द महसूस हुआ तो वह उसे लेकर शहर के एक अल्ट्रासाउंड केंद्र में जांच कराने के लिए पहुंचे। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट के मुताबिक मोहित को पेट में पथरी की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया बेटे को दर्द में आराम नहीं मिलने पर वह अपने भतीजे के साथ उसे लेकर नगर के बुराका-पचगांव बाईपास पर स्थित मैक्स हेल्थ केयर सेंटर में लेकर पहुंचे। जहां पर क्लीनिक संचालक व उसके स्टाफ द्वारा मोहित की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट को देखने के बाद उसे क्लीनिक में भर्ती कर लिया। जीतराम के मुताबिक क्लीनिक स्टाफ द्वारा शुरुआत में उन्हें ग्लूकोज की दो बोतलें लगाई गई, लेकिन उन्हें दर्द में आराम नहीं मिला। आरोप है कि ग्लूकोज चढ़ाने के बाद मोहित की हालत और ज्यादा खराब होने लगी तो स्टाफ सदस्य ग्लूकोज बोतल में दो इंजेक्शन मिलाकर अपने केबिन में चले गए। जीतराम का आरोप है कि इसके बाद मोहित बेहोश हो गया। बेटे के बेहोश होने के पर उन्होंने क्लीनिक संचालक से मोहित को अन्य अस्पताल में रेफर करने की भी गुहार लगाई, लेकिन वह उनसे रुपये ऐंठने लालच में उन्हें झूठी तसल्ली देते रहे। इसी दौरान मोहित की तबियत ज्यादा खराब होने के कारण उनकी मौत हो गई। मोहित की मृत्यु की भनक लगते ही क्लीनिक संचालक मौके से फरार हो गया।

पीड़ित जीतराम ने पुलिस को शिकायत देते हुए कहा कि उन्हें पूरा शक है कि उनके बेटे मोहित की मृत्यु क्लीनिक संचालक व उसके स्टाफ की लापरवाही के कारण हुई है। वहीं शहर थाना प्रभारी चंद्रभान भारद्वाज का कहना है कि मृतक युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मेडिकल बोर्ड टीम का गठन कर शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर ही पुलिस आगामी कार्रवाई करेगी। पीड़ित परिजनों के मुताबिक अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे मोहित की आगामी 10 नवंबर को शादी तय थी।



क्लीनिक के बाहर हंगामा करते लोग। इनसेट में मृतक मोहित का फाइल फोटो

## संक्षिप्त समाचार

### प्रजापति एकता मंच की महापंचायत तीन अक्टूबर को



होडल। आगामी 3 अक्टूबर को पलवल स्थित प्रजापति धर्मशाला में प्रजापति एकता मंच की होने वाली महापंचायत के लिए, प्रजापति एकता मंच के प्रधान दीवान दक्ष के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने होडल पहुंचकर प्रजापति समाज के चौबीसी के प्रधान पाला ठेकेदार को समाज के सैकड़ों लोगों के साथ महापंचायत में आमंत्रित किया है। इस मौके पर प्रजापति एकता मंच के प्रधान दीवान दक्ष ने बताया कि इस प्रजापति धर्मशाला में होने वाली इस महापंचायत में सर्व सम्मति या चुनाव के द्वारा प्रजापति एकता मंच की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रजापति समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने व उनकी शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा मंच की ओर से हर वर्ष होली मिलन व दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा मंच अन्य सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। उन्होंने चौबीसी के प्रधान पाला ठेकेदार को महापंचायत के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि वह अपने साथ समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर इस महापंचायत में शामिल हों। इस मौके पर प्रजापति एकता मंच के सचिव चेतन प्रजापति, उपप्रधान दीपक गोला, डोरीलाल गोला, अशोक गोला, अनिल गोला, मुकेश गोला के अलावा प्रजापति समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

### पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात से मिलती है प्रेरणाः शर्मा

फ़रीदाबाद। मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 81वें एपिसोड को भाजपा नेताओं केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, महापौर सुमनबाला, प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री सोहन पाल सिंह, जिला और प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बूथों पर लोगों के साथ सुना। गोपाल शर्मा ने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई कुछ मुख्य बातों को सांझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड रिवर डे के अवसर पर नदियों के महत्व के बारे में बताया। मोदी ने कहा, नदी हमारे लिए, भौतिक वस्तु नहीं, बल्कि जीवंत इकाई है तभी तो नदियों को मां कहा जाता है। मोदी ने कहा की एक विशेष ई-नीलामी के जरिये उपहारों की बिक्री से जो पैसा आएगा, वो नमामि गंगे के लिए ही समर्पित किया जाएगा। पीएम मोदी ने मन की बात में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और दीनदयाल उपाध्याय का भी जिक्र किया। 2 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हमें खेती में नए प्रयोग करने की भी शिक्षा देती है। 25 सितम्बर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म-जयंती होती है। उनका अर्थ-दर्शन, समाज को सशक्त करने के लिए उनकी नीतियाँ, उनका दिखाया अंत्योदय का मार्ग, आज भी प्रेरणादायक है। 3 साल पहले उनकी जयंती पर ही आयुष्मान भारत योजना लागू की गई थी, जिससे दो-सवा दो करोड़ से अधिक गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल चुका है। आज बहुत सारे युवा नए रास्तों पर आगे बढ़ना चाहते हैं। दीनदयाल के जीवन से उन्हें काफी प्रेरणा मिल सकती है। महात्मा गांधी के जीवन में छोटी-छोटी बातों की उनके जीवन में कितनी बड़ी अहमीयत थी और छोटी-छोटी बातों को ले करके बड़े बड़े संकल्पों को कैसे उन्होंने साकार किया था। आज इतने दशकों बाद, स्वच्छता आन्दोलन ने एक बार फिर देश को नए भारत के सपने के साथ जोड़ने का काम किया है।

### जमुना नदी में से एक व्यक्ति का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

होडल। हसनपुर थाना पुलिस ने गांव टप्पा के निकट जमुना नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस ने व्यक्ति के शव को पलवल स्थित मोरचरी में पहचान के लिए रखवा दिया है। हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि उन्हें ग्रामीणों ने सूचना दी कि जमुना नदी के किनारे झाड़ियों में एक शव अटका हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक व्यक्ति की आयु लगभग 35 वर्ष है। उसने नीले रंग का पेंट तथा सीधे हाथ में लाल रंग का कलावा बांधा हुआ है। पुलिस ने बताया कि शव के शरीर पर कहीं भी चोट की निशान नहीं हैं। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

सोहना। पलवल-सोहना मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शवों को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रविवार की सुबह सात बजे के करीब पलवल की तरफ से आ रही बाइक को तेज रफ्तार कार ने पीछे से ऑवर टेक करने के दौरान टक्कर मार दी। बाइक सवार दंपति कार की टक्कर से सामने जा गिरे। जिससे दंपति को गंभीर चोटें आईं। घायल दंपति की पहचान गांव गवालरा थाना गवाहना जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी संतोष (45) पुत्र रामजीत व उसकी पत्नी रेणुसिंह (42) हुई है। जिसमें संतोष ने हादसे में लगी चोटों के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया। रेणुसिंह के पैर व हाथों में गंभीर चोटें आई। आस पास से दौड़कर आए लोगों ने रेणुसिंह को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। मामले की जांच कर रहे एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि संतोष को गंभीर हालत में गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। गुरुग्राम जाते समय रेणु सिंह ने भी बीच रास्ते में ही हादसे में लगी चोटों के कारण मौत हो गई। मृतक दंपति सोहना दवा लेने लिए किसी गांव में आ रहा था। संतोष अपनी पत्नी को लेकर सुबह 6 बजे दिल्ली सरित विहार से चला था।

## एक युवक को अवैध हथियार सहित दबोचा

होडल। होडल पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सीआईए इंचार्ज हरदीप सिंह ने बताया कि अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ मुहिम के तहत स्टाफ में तैनात हेड कांस्टेबल मानसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने हसनपुर चौक पर नाकाबंदी के दौरान एक युव पर संदेह हो गया। पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव धतीर निवासी नरेश कुमार के रूप में हुई है।

## कथा वाचक राधिका दासी का विधायक ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी मुनेश शर्मा के घर नेपाल से भागवत कथा वाचक राधिका दासी का आगमन हुआ। वह वृंदावन श्री बांके बिहारी मंदिर जी के दर्शन करके सीधा जवाहर कॉलोनी स्थित उनके घर आई।



इस मौके पर समाजसेवी मुनेश शर्मा, एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा, अखिल भारतीय योगीनाथ उपाध्याय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजपाल सिंह ने उन्हें फूलों के बुके एवं शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राधिका दासी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक बार भागवत कथा अवश्य सुननी चाहिए। इससे बुरे कर्मों का नाश होता है। साथ ही समाज के लोगों को भागवत कथा का भी आयोजन करना चाहिए। इस अवसर पर मुनेश शर्मा ने उनसे भागवत कथा के बारे में चर्चा कर उनसे जाना कि यह कथा सनातन धर्म में सबसे पवित्र ग्रन्थ है। इसके श्रवण मात्र से पुण्य प्राप्त होता है।

विधायक नीरज शर्मा ने उन्हें टीम पंडित जी का पटका पहना कर उनसे विधानसभा में भी भागवत कथा करने की अपील की। ताकि एनआईटी विधानसभा की जनता को भी उनकी यह कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो। इस अवसर राधिका दासी पंडित परिवार को नेपाल आने का आमंत्रण देकर गई।

## कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

किसानों द्वारा कृषि कानून को रदद कराने की मांग को लेकर 27 सितंबर 2021 को भारत बंद का आह्वान किया गया है। भारत बंद के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत सभी एसीपी अपने क्षेत्र में हालात पर नजर बनाए रखेंगे, उनकी सहायता के लिये संबंधित थाना प्रबंधक एंव चौकी प्रभारी पूरी फोर्स के साथ हर परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। बन्द के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की संभावना के मध्यनजर वीडियोग्राफी की जाएगी।

यदि किसी स्थान पर रोड जाम या ब्लॉक किया जाता है तो संबंधित पर्यवेक्षण अधिकारी/थाना प्रबंधक, डियूटी मजिस्ट्रेट से तालमेल करके धरना-प्रदर्शन में शामिल व्यक्तियों से बातचीत कर बाधा को दूर करायें। किस को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी। इन प्रबंधों का प्राथमिक उद्देश्य सार्वजनिक शांति व व्यवस्था बनाये रखना। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों जोन के डीसीपी को अलग से आईआरबी की दो-दो रिजर्व दी गई है यह रिजर्व दंगा विरोधी साजो सामान से सुसज्जित रहेंगे। आमजन से अपील की है कि अफवाहो पर ध्यान न दे। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाये हुये है।

## स्वास्थ्य विभाग की शहरी क्षेत्र में नौनिहालों को दवा पिलाकर शुरूआत



सोहना नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर बच्चे को दवा पिलाकर पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

नागरिक अस्पताल में पोलियो अभियान की एसएमओ ने नौनिहालों को दो बूंद जिन्दगी की पिलाते हुए शुरुआत की। शहरी क्षेत्र में 7310 जीरो से 5 वर्ष की उम्र वाले बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा है। रविवार को नागरिक अस्पताल सोहना में एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने पोलियो अभियान की शुरुआत की। शहरी क्षेत्र में 86 कर्मचारियों को इस अभियान में 7310 बच्चों को दवा पिलाने का जिम्मा सौंपा है। जिसमें चार स्थानों पर ट्रांजेक्शन टीम बनाई गई है। जिसमें सामान्य बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल, इंडरी मोड़ और अंबेडकर बाईपास चौक। एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि इस अभियान में आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल है। रविवार को 60 से 65 फीसदी बच्चों का बूथ स्तर पर दवा पिलाने का लक्ष्य रखा है। शेष कार्य को डोर टू डोर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

### तीन दिन से वैक्सीनेशन बंद

नागरिक अस्पताल में कोविड वैक्सीनेशन का कार्य रविवार से मंगलवार तक बंद कर दिया है। पोलियो में कर्मचारियों की ड्यूटी होने के कारण वैक्सीनेशन का कार्य बुधवार से नियमित रुप से चलाया जाएगा।

## दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

होडल। मुंडकटी थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति को अदालत में पेश कर दो दिन की रिमांड पर ले लिया है। पुलिस मामले में लिप्त अन्य आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है। जांच अधिकारी हाजिर खान ने जानकारी में बताया कि फ़रीदाबाद के गांव भांखरी निवासी भोपाल सिंह ने अपनी दो बहनें ललिता व सविता की शादी गांव सिहा निवासी राकेश व राहुल के साथ की थी।

ससुराल वालों ने उसकी छोटी बहन सविता से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीडिता सविता ने 22 सितंबर को दिल्ली अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया था। हाजिर खान ने बताया पुलिस ने इस मामले में मृतक महिला के पति राहुल को मरौली स्थित बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। हाजिर खान ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन की रिमांड पर ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से महिला के साथ मारपीट कर हत्या करने के बारे में पूछताछ की जाएगी।

## गोरक्षा समिति ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की



होडल डीएसपी सज्जन सिंह का आभार व्यक्त करते गोरक्षा समिति के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। होडल

गोरक्षा समिति चीता फोर्स के सदस्यों ने डीएसपी सज्जन सिंह का होडल में कार्यभार संभालने पर आभार व्यक्त किया है। समिति के सदस्यों ने डीएसपी से मिलकर क्षेत्र में बढ रही गो तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

समिति के प्रधान भगत सिंह रावत, देवीलाल सौरोत, हरेंद्र सौरोत, विष्णु, महेश, परषोत्तम के अलावा अन्य सदस्यों ने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में गोतस्करी की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यूपी से गोतस्कर वाहनों में गायों को भरकर लाते हैं। क्षेत्र में से मेवात की ओर जाने वाले रास्तों से मेवात में गोवंश को तस्करी के लिए ले जाते हैं। उन्होंने डीएसपी को बताया कि पिछले कुछ दिनों में कई वाहन क्षेत्र से गायों को भरकर मेवात की ओर ले गए हैं। जिनमें से कुछ वाहनों को गोरक्षकों ने पकड़कर गायों को मुक्त कराया है। उन्होंने बताया कि गो तस्करी के मामले में जो भी आरोपी फरार चल रहे हैं। उन्हें जल्दी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाला जाए। उन्होंने डीएसपी से मांग करते हुए कहा है कि रात के समय मेवात की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। जिससे की इन गो तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## युवक ने अज्ञात घायल को अस्पताल पहुंचाया

सोहना। एक युवक ने सहृदयता दिखाते हुए सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अज्ञात व्यक्ति को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति को गंभीर चोटें लगी होने के कारण गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला नूंह का गांव कालियाका निवासी 24 वर्षीय रणबीर सिंह पुत्र बुधराम ने पुलिस को बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह पलवल-सोहना मार्ग से अपने घर जा रहा था। गांव लाखूवास के पास सड़क पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा दिखा। उसके शरीर पर चोटें लगी हुई थी। जिसे अज्ञात वाहन ने पैदल जाने के दौरान टक्कर मार दी थी। युवक ने दरिया दिली दिखाते हुए पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर नंबर पर कॉल की। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती उससे पहले सड़क से एक तरफ किया और घायल व्यक्ति खून से लथपथ था। युवक ने पीड़ित अज्ञात व्यक्ति को पुलिस की सहायता से नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## आरएसएस ने कोविड के प्रति आम लोगों को किया जागरुक

### स्वयंसेवक संघ ने आरोग्य मित्र-दिग्दर्शिका शिविर का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में आरोग्य मित्र-दिग्दर्शिका का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आम सज्जनों को कोविड-19 से सुरक्षा, सतर्कता व नियंत्रण एवं प्रबंधन की जानकारी दी गई।

रविवार को शहर की पंजाबी धर्मशाला में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की टीम ने आरोग्य मित्र-दिग्दर्शिका शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य आम लोगों को कोविड-19 महामारी से बचाव, सतर्कता और नियंत्रण एवं प्रबंधन की जानकारी दी। जिसमें नागरिक अस्पताल से आई डॉक्टर चित्रा राठौड़ ने कोविड-19 महामारी के विषय में जानकारी दी। उन्होंने महामारी को पनपने न देने, बीमारी होने पर रोगी से सुरक्षा तथा उसके उपचार में बरते जाने वाली सावधानियों के विषय में जागरुक किया। कोविड रोगी के उपचार में सहयोग करने के दौरान क्या-क्या सावधानियां और कैसे अपनानी चाहिए। कोविड रोगी का बुखार मापने से लेकर उसकी दी जाने वाली दवाइयों के दौरान क्या सुरक्षा अपनानी चाहिए। कोविड रोगी को शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने पर क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। शरीर की शारीरिक क्षमता को कम पड़ने पर बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए। दवाइयो के साथ-साथ योगासन करने की विधि और उनके फायदे बताए। शिविर के संयोजक वकील सतेन्द्र कुमार ने बताया कि इसमें भाग लेने वाले नागरिकों में महिलाएं भी शामिल हुई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कोविड महामारी के प्रति सजगता बनाना रहा।




डॉक्टर चित्रा राठौड़ शिविर में आए लोगों को कोविड महामारी के प्रति जागरुक करते हुए।

## छात्राओं को स्वास्थ्य किट वितरित की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में रोटरी क्लब एवम लक्ष्य ग्रामीण संस्था के सहयोग से छात्राओं को स्वास्थ्य किट वितरित की गई। जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि रोटरी क्लब से जगरोता, प्रवीण, गीता सिंह, मोटीवेटर लेखक अंबादत्त भट्ट एवम अन्य पदाधिकारियों ने छात्राओं को पर्सनल हेल्थ और हाइजीन के संबंध में जागरुक किया।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल ने हमें यह सिखाया है कि हमें अपने आप को एवम अपने पारिवारिक जनों को कैसे स्वस्थ रखना है बार बार हाथों को साबुन से अथवा सेनेटाइजर की सहायता से स्वच्छ रखना है। प्रख्यात साहित्यकार एवं मोटीवेटर अंबादत्त भट्ट ने छात्राओं को सफलता प्राप्त करने के विषय में जागरुक किया। उन्होंने कहा कि आप अपने लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए अपने क्षमता एवम समर्पण से कठिन परिश्रम करो और हमेशा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ध्यान केंद्रित रखो।




सामाजिक कार्यकर्ता गीता सिंह ने बालिकाओं से कहा कि वे व्यक्तिगत स्वच्छता पर अधिक ध्यान दें क्योंकि व्यक्तिगत स्वच्छता न रख पाने के कारण एक तिहाई से अधिक महिलाएं विभिन्न रोगों एवम एनीमिया से ग्रस्त हैं यदि आप सब व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ साथ मेंटल हेल्थ पर भी फोकस करेंगी तो आप हमेशा स्वस्थ रहेंगी और विद्या अर्जन करने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आएगी।

## नेशनल फिन स्विमिंग चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश विजेता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा पिन स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित चौथी नेशनल फिन स्विमिंग चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश की टीम पहले स्थान पर रही। राजस्थान दूसरे और दिल्ली के खिलाड़ियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने ट्रॉफी व पदक देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में देशभर के 16 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।

उन्होंने कहा कि खेलों से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और हम स्वस्थ भी रहते हैं। उन्होंने देशभर के अलग-अलग हिस्सों से आए सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा आज खेलों के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने



ओलंपिक ही नहीं बल्कि पैरा ओलंपिक में भी दुनिया भर में प्रदेश का नाम आगे किया है। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया में बनवाया है। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए इसको को बधाई भी दी। सेक्टर-12 के खेल परिसर के स्वीमिंग पूल में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में हरियाणा इन स्विमिंग एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप बेरी ने बताया कि बताया कि हरियाणा इन स्विमिंग में अंडर प्रतियोगिता में लगभग 16 प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया है। एक बच्चे ने दो घंटों में भाग लिया और भिन्न-भिन्न वर्गों में कॉम्पटीशन करवाया गया। इस मौके पर मौजूद अमित सारथी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को पगड़ी बांधकर मान सम्मान किया और मुख्य अतिथि को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसई राजीव शर्मा, एसटीपी संजीव मान, डॉ मोतीलाल गुप्ता, नरेश मलिक मानसा ग्रुप इंडस्ट्रीज, विनोद कुमार एसीपी, अमरदीप जैन, सरकार तलवार, डॉक्टर मोतीलाल गुप्ता, जितेंद्र चौधरी, सुभाष चौधरी एसआरसी ग्रुप, चीफ इंजीनियर रमेश बागड़ी, योगेश प्रधान आदि मौजूद रहे।

# नूंह में बीजेपी को जोर का झटका लगा धीरे से

## दो दर्जन परिवारों ने जाकिर को छोड़ दिया आफताब को समर्थन

## मेवात विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य हाजी एजाज ने कहा अलविदा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**रविवार** को मेवात जिले की नूंह विधानसभा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार रहे पूर्व विधायक जाकिर हुसैन को जोरदार झटका लगा, जब उनके दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने बीजेपी छोड़कर कांग्रेस के विधायक व सीएलपी उप नेता आफताब अहमद को अपना समर्थन दे दिया। मेवात विकास बोर्ड के सदस्य रहे हाजी एजाज ने अपने दो दर्जन से अधिक परिवारों व समर्थकों के साथ बीजेपी को अलविदा कह दिया, ब्लॉक समिति के सदस्य असद रजा भी बीजेपी छोड़ने वालों में शामिल हैं।

नूंह विधायक आफताब अहमद के समर्थन में इन्होंने सलंबा गांव में जोरदार कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें इलाके के विभिन्न गांव के काफी सरपंच, पार्षद, वकील, बुद्धिजीवी व समाजसेवी लोग मौजूद रहे। समर्थन समारोह में बोल रहे चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि अब सभी अमन पसंद व जिम्मेदार लोगों को ये बात समझ आ गई है कि बीजेपी व उनके नेता सिर्फ अपने फायदे व निजी स्वार्थ के लिए सत्ता भोग रहे हैं, जबकि आम इन्सान और इलाके की बेहतरी उनके लिए कोई मुद्दा नहीं है। दर्जनों परिवारों का बीजेपी व उनके नेता को छोड़ना इस बात का भी सबूत है कि बीजेपी व उनके नेताओं का जूठ का ढोल फट गया है। आफताब अहमद ने कहा कि वो सारे मेवात को एक धागे में पिरोकर सभी वर्गों और धर्मों को एक साथ लेकर चलेंगे ताकि बीजेपी की



सलंबा गांव में कार्यक्रम करते कांग्रेसी।

नफरत भारी राजनीति को उखाड़ फेंके। नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने बीजेपी उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दो सालों से वो हारने के बाद चण्डीगढ़ में सरकार की खुशामद कर रहे हैं ताकि अपने लिए कोई पद पा सकें जबकि जनता के काम तो दूर उनका फोन तक वो नहीं उठाते हैं। राजनीति में हार जीत चलती रहती है लेकिन इतना स्वार्थ आश्चर्यजनक है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आज गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की विचारधारा को गांधी की सरजमीं मेवात में भी कुछ जयचंद इसलिए बढ़ा रहे हैं ताकि उनके खुद के स्वार्थ पूरे हो सकें। जब लोग एक छोटे से पद के लिए कई चोले ओढ़कर अपने जमीर को गिरवी रख रहे हों, ऐसे वक्त में दर्जनों लोगों का बीजेपी को लात मारना एक साहसिक और ईमानदारी भरा फैसला है, जो आने वाले वक्त में और भी लोगों के लिए इबरत का फैसला बनेगा। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि ये समय बीजेपी की फैलाई नफरत से लड़ने का समय है और हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई के भाईचारे को बचाए रखने का समय है। उन्होंने कहा कि मेवात हित व प्रदेश हितों को बचाने के लिए सभी को छोटे मोटे गिले शिकवे भूलकर कांग्रेस व उनके साथ आने का समय है, क्योंकि बीजेपी ने सभी वर्गों को ठगने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित प्रदेश के नेता हरियाणा बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और आफताब अहमद मेवात को बीजेपी सरकार की नफ़रत से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। नूंह विधायक आफताब अहमद ने कहा कि वो अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाएंगे और राजनीतिक जिम्मेदारी भी। समाज के लिए, मेवात के लिए जब भी उनकी जरूरत पड़ेगी, वो हर कुर्बानी देने के लिए कभी भी नहीं हिचकेंगे। बात चाहे कोरोना के वक्त की हो, या जमात की, इलाके में नशा खोरी के खिलाफ अभियान हो, किसान आंदोलन में किसानों की आवाज उठाने की बात हो, सीएए एनआरसी का मामला हो या फिर कोई और मसला हो, उन्होंने हमेशा अपना फर्ज निभाने की कोशिश की है और करते रहेंगे। वहीं आफताब अहमद के अनुज पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि चाहे उनके मरहूम वालिद चौधरी खुर्शीद अहमद की बात हो या उनकी बात हो, उन्होंने निजी फायदे के लिए इलाके को धोखा कभी नहीं दिया जबकि सत्ता में बैठे उनके इलाके को ठग रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने सोमवार को किसानों द्वारा किए भारत बंद को अपना समर्थन देने का ऐलान भी किया। इस दौरान बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वालों में हाजी एजाज पूर्व मडीबी सदस्य, वन विभाग से सेवानिवृत्त शौकत सलंबा, असद रज़ा पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य, हस्सन, कछू, हाफ़िज़, लियाकत, सहजाद, नासर, शमशेर, आसक, कमाल, दीना, सराज, अलिशेर, जमशेद, शाहबुद्दीन सहित दो दर्जन परिवारों मुख्य थे।

# महिलाओं से मांगे हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 18 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाईट पर सपर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को प्रदान किया जाते हैं। इन पुरस्कारों में इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत एक लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र, बहन शर्तो देवी पंचाती राज पुरस्कार के तहत एक लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र, लाईफ टाईम अचीवर्स पुरस्कार के तहत 51 हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र, एएनएम, महिला एपीएचडब्ल्यू (दो पुरस्कारों) के तहत 21 हजार रूपए व प्रशस्ति पत्र, महिला खिलाड़ी पुरस्कार के तहत 21 हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र, साक्षरी महिला समूह सदस्य के (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र एवं सरकारी कर्मचारी के (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रूपए व प्रशस्ति पत्र व सामाजिक कार्यकर्ता (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रूपए व प्रशस्ति पत्र तथा महिला उद्यमी के (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रूपए व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

# शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार पर नहीं हुई कार्रवाई, आरटीआई एक्टिविस्ट परेशान

## शिकायत के दस माह बाद भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सका शासन-प्रशासन

सेनायत खां। फिरोज झिरका

**जिला** शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी मजबूत हो चुकी हैं कि जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के संलिप्त होने के कारण भ्रष्टाचार को समाप्त करना मुश्किल ही नहीं असम्भव सा लग रहा है। जिला शिक्षा विभाग में तैनात रहे डॉ कपिल पूनिया के अध्यापकों को मनमाने डेपुटेशन पर भेजने के बदले नजराना लेने की चर्चा हमेशा कई सालों से सुनते आ रहे हैं लेकिन अब आरटीआई में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कपिल पूनिया व लिपिक नवीन कुमार द्वारा बच्चों व स्कूलों के सहायतार्थ सरकार द्वारा दी गई राशि को हड़पने का गम्भीर आरोप लगाया है। आरटीआई कार्यकर्ता ने शिक्षा विभाग में फैले भ्रष्टाचार को बंद करने व विभाग के संलिप्त अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री से लेकर सभी सम्बंधित एजेंसी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की लेकिन आज तक दोषी कर्मचारियों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

जब विभाग का आला अधिकारी ही भ्रष्टाचार में डूबा हो तो विभाग के अन्य कर्मचारी कैसे भ्रष्टाचार से अछूते रह सकते हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ कपिल पूनिया के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप कोई पहली बार नहीं लगे हैं। पहले भी शिक्षा विभाग के आदेशों के विपरीत अध्यापकों का डेपुटेशन करने के बदले भारी नजराना वसूलने के आरोप लगते रहे है लेकिन जिला प्रशासन ने कभी इन आरोपों को गम्भीरता से नहीं लिया। बिछोर गांव के आरटीआई कार्यकर्ता सूबे खान ने बताया की प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा 2014 से 2020 तक गरीब बच्चों को दी गई सहायतार्थ राशि अब तक नहीं मिल पाई है। इसके अलावा प्राथमिक स्कूलों को 3000 व मिडिल स्कूलों को 3500 रुपये हर वर्ष मरम्मत के लिए सरकार द्वारा शिक्षा विभाग को दिए जाते हैं वर्ष 2017 से 20 तक कि राशि आज तक स्कूलों में नहीं पहुंची है। सूबे खान ने बताया कि कोविड-19 के बचाव के लिए सरकार द्वारा जिला शिक्षा विभाग को स्कूल में छिड़काव व कोविड के संक्रमण से बचाने के लिए 19 लाख 68 हजार रुपये की राशि दी गई थी लेकिन ये राशि मे से सिर्फ तावडू खंड के स्कूलों के लिए 3 लाख 3 हजार 500 रुपये का चेक दिया गया। आरोप है कि शेष लगभग 15 लाख राशि को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ कपिल पूनिया व लिपिक नवीन कुमार ने हजम कर लिए।

आरटीआई शिकायत कर्ता सूबे खान ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व लिपिक पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन सभी भ्रष्टाचार की शिकायत 28 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के अलावा प्रदेश शिक्षा निदेशक व जिला उपायुक्त नूंह व जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई थी लेकिन आज तक दोषी अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ ठोस कार्यवाई नही की गई है। जिसके कारण जिला शिक्षा विभाग बच्चों को शिक्षित करने बजाए भ्रष्टाचार में डूबता जा रहा है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां में कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सिरसा।** जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां में सत्र 2022-23 में कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2021 है। जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां के प्राचार्य ललित कालड़ा ने बताया कि जो भी छात्र या छात्रा जिला सिरसा के किसी भी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हैं, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2021 है। प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल 2022 को जिला सिरसा के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएगी।

# शहीद मोनू सिंह के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे डीसी और एसपी

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक बिजारणिया को सौंपा मांग पत्र

## डीसी ने कहा, सरकार की हिदायत के अनुसार मांगों पर किया जाएगा काम

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**मेवात** के वीर सपूत मोनू सिंह की शहादत पर जहां पूरे जिले को गर्व है। वहीं शहीद मोनू सिंह के परिजनों को गांव जाटका में सांत्वना देने के लिए जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणियां ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

बता दें कि बीते सात सितंबर को फिरोजपुर झिरका उपमंडल के गांव जाटका में पूरे राजकीय सम्मान के साथ शहीद मोनू का अंतिम संस्कार किया गया। मूलरूप से फिरोजपुर झिरका उपमंडल के गांव जाटका के रहने वाले मोनू सिंह (26) चार साल पहले भारतीय सेना की जाट रैजिमेंट में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। जो भोपाल में तैनात थे। वे दिल्ली में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। बताया जा रहा है कि प्रशिक्षण के दौरान वो शहीद हो गए।

जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह और जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बीजारानियां ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। अपने वीर सपूत की शहादत को याद करते हुए उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। शहीद मोनू के पिता दिलीप कुमार व ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त के समक्ष मांग पत्र रखा। जिसमें स्थानीय विद्यालय का नाम शहीद के नाम पर रखने, गांव में खेल स्टेडियम, गांव की मुख्य सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखने व शहीद की पत्नी को नौकरी देने की मांग की गई।

# बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल जरूरी

## हर परिवार को पौष्टिक आहार के प्रति किया जाएगा जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**महिलाओं** और बच्चों की सेहत तंदुरुस्त रहनी चाहिए। हर परिवार में गर्भवती महिलाओं व छोटे शिशु के स्वास्थ्य एवं उनके आहार विहार का पूरा ध्यान रखा जाना जरूरी है। महिलाएं और बच्चे स्वस्थ होंगे तो परिवार भी खुशहाल रहेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण माह के चलते जिला कार्यक्रम अधिकारी सविता मालिक ने कहा है कि हर आंगनबाड़ी वर्कर अपने सेंटर में किचन गार्डनिंग की शुरुआत करें। फल एवं सब्जियों के पौधे लगाए जाएं, जिससे बच्चों की माताओं को भी अपने घरों में किचन गार्डन लगाने की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं में अक्सर



पोषण अभियान के अंतर्गत तावडू खंड में महिलाओं को जागरुक करती हुई वर्कर।

अनीमिया की शिकायत पाई जाती है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करवाएगा तथा आयरन की टेबलेट बांटी जाएंगी। महिलाएं हरी पत्तेदार सब्जियां, मिश्रित अनाज, फल, दूध, दही, शहद आदि का सेवन नियमित रूप से करें। बच्चों को 6 माह तक की आयु तक मां का दूध अवश्य पिलाया जाए। उसके बाद उन्हें खिचड़ी, दलिया आदि आहार देना शुरू करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सविता मलिक ने बताया कि खंड तावडू में मोहम्मदपुर अहीर में आंगनवाडी कार्यकर्ता सरोज एवं मीरा द्वारा पोषण अभियान के तहत हस्त बाजार मेला लगा गया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को पोषण अभियान के बारे में जागरुक किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर नूंह जिला से कुपोषण की समस्या को खत्म करना है। हर परिवार को पौष्टिक आहार के प्रति जागरुक किया जाए।

# तीन दिवसीय चर्चा अर्थ चिंतन-2021 सम्पन्न

**सिरसा।** स्वदेशी जागरण मंच की प्रेरणा से आयोजित तीन दिवसीय चर्चा अर्थ चिंतन-2021 सम्पन्न का शनिवार को समापन हो गया। मंच के अखिल भारतीय सह संयोजक डा. धनपत राम अग्रवाल ने 25 सितम्बर के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जन्म आज के दिन ही हुआ था। मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल ने स्वदेशी जागरण मंच की तीस वर्षो की यात्रा के अनेक पड़ावों का उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं को मंच का स्वदेशी साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया, जो कि मंच की विभिन्न 3 साइट्स पर उपलब्ध है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर इस चर्चा को गांवों तक ले जाकर हमें स्वतंत्रता सेनानियों के स्वप्न को साकार करना है। आर्थिक स्वतंत्रता के बिना यह स्वतंत्रता अधूरी है।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत बंद को सफल बनाने को लेकर किसानों ने झोंकी ताकत

**सिरसा।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर निजीकरण, ठेकाप्रथा, तीनों कृषि कानूनों को रद्द करवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर 27 सितंबर को किए जा रहे भारत बंद व 6 अक्तूबर को कालांवाली में होने वाली महापंचायत को लेकर किसानों व अन्य कर्मचारी संगठनों ने पूरी ताकत झोंक दी है। भारत बंद को सफल बनाने के लिए किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने रविवार को जिले के कई गांवों मतड़, रंगा, लहंगेवाला, मुसाहिबवाला, पनिहारी, भरोखां बरुवाली डिंग पतली डाबर सुचान कोटली कंवरपुरा भावदीन का दौरा किया और किसानों व आमजन से इस बंद को सफल बनाने का आह्वान किया। हरियाणा किसान मंच के प्रधान प्रहलाद सिंह भारूखेड़ा व जिलाध्यक्ष लक्खा सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि 27 सितंबर का भारत बंद ऐतिहासिक होगा, क्योंकि किसानों के साथ-साथ इस बार सभी कर्मचारी संगठन व आमजन भी उनके साथ खड़ा है और इस तानाशाही सरकार को झुकाने को आतुर है। उन्होंने बताया कि 27 के बंद को लेकर किसानों की ड्यूटियां लगा दी गई है। बंद सुबह 6 बजे से सांय 4 बजे तक रहेगा। इस दौरान एमरजेंसी सेवाओं को ही जारी रहने दिया जाएगा। अन्य किसी वाहन को नहीं गुजरने दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सुबह 6 बजे से लेकर सांय 4 बजे तक अपने घरों से बाहर न निकलें।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले शुरू

**सिरसा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य लालचंद रिवाड़िया ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2021-22 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में दाखिले प्रारंभ हो गए है। जो भी बच्चा आईटीआई में दाखिला लेना चाहता है वह 30 सितंबर 2021 तक विभागीय वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि अगर किसी भी बच्चे को दाखिले, रोजगार, एससीवीटी, एनसीवीटी, छात्रवृत्ति तथा दाखिला फीस से संबंधित कोई भी जानकारी लेनी है तो वह आईटीआई में आकर जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग के अनुसार दाखिले में आरक्षण लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान में विशिष्ट इंजीनियरिंग व्यवसायों में लड़कियों को विभाग के नियमानुसार 500 रुपये प्रति माह अलग से छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिसकी अदायगी तिमाही आधार पर की जाएगी।

## कर्मचारी के साथ भेदभाव व प्रताड़ना नहीं होगी बर्दाश्त

**सिरसा।** हरियाणा पावर कॉरपोरेशन अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी यूनियन की केन्द्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग राज्य प्रधान रमेश तंवर की अध्यक्षता में बेगू रोड स्थित अम्बेडकर भवन के प्रांगण में सम्पन्न हुई। मीटिंग में पहुंचने पर सिरसा सर्कल द्वारा राज्य प्रधान रमेश तंवर सहित समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मीटिंग में प्रदेशभर से आए यूनियन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। राजपाल सोलरा प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता ने बताया कि वकगाण के तौर पर शिव लाल दहिया चेयरमैन एडवाइजरी कमेटी, राजेंद्र नौताना प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान, पवन भालोठ प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान, राजकुमार महला प्रांतीय महासचिव, सन्त राम सिन्धु मुख्य संगठनकर्ता, राजबीर चोपड़ा प्रांत वित्त सचिव, परमाल सिंह प्रांतीय उप महासचिव, राजेश सिरोही प्रांतीय उप महासचिव, अशोक कुमार प्रांतीय अतिरिक्त महासचिव, एमएस नरवाल प्रांतीय कानूनी सलाहकार, राममेहर सरोवा प्रांतीय उपप्रधान, राजेश खींची प्रांतीय उपप्रधान तथा नेकी राम सर्कल सचिव सिरसा ने यूनियन की अनेक गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

# किसानों और जवानों का सम्मान ही भाजपा की प्राथमिकता: मांढी

## किसान-जवान सम्मान समारोह में किया गया सम्मानित

## प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**नूंह** स्थित भाजपा के जिला कार्यालय पर मेवात भाजपा द्वारा किसान-जवान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविन्दर सिंह मांढी ने शिरकत की। इस मौके पर आयोजित हुए सम्मान समारोह में क्षेत्र के समृद्ध और खुशहाल किसानों और देश की सरहदों पर रक्षा करने वाले वीर जवानों तथा देश के लिए वीरगति प्राप्त करने वाले शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों और जवानों का हौसला बढ़ाते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुखविन्द्र सिंह मांढी ने कहा किसानों और जवानों का सम्मान ही भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। किसान और जवान देश के ऐसे विधाता हैं जो हमेशा राष्ट्र के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 81वां संस्करण प्रस्तुत हुआ। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखा गया। पीएम की बात सुनकर कार्यकर्ताओं में एक अलग ही जोश और उमंग देखी गई। उन्होंने कहा जब से देश में मोदी सरकार आई है तभी से ही किसानों और जवानों का आत्म सम्मान बढ़ा है। किसान हो जवान मोदी सरकार सभी को एक समान देखती है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा देश हित में लाए गए तीनों कृषि कानूनों की पैरवी करते हुए कहा यह कानून पूरी तरह किसानों के हित में हैं।

उन्होंने किसानों के चल रहे धरना प्रदर्शन पर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा किसानों का धरना प्रदर्शन राजनीतिक दलों की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। किसानों को जिस तरह कृषि कानूनों के विरोध में बरगलाया जा रहा है, वो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने



बीजेपी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम।

कहा कृषि कानून पूरी तरह किसान हितैषी ही नहीं बल्कि उनके जीवन का आधार हैं। इन तीनों कृषि कानूनों से देश का किसान समृद्ध होने वाला है। उन्होंने कहा सरकार ने अपने सात वर्ष के कार्यकाल में किसान हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। सरकार का एमएसपी में बढ़ोतरी का निर्णय भी किसानों के हित में अति महत्वपूर्ण और निर्णायक फैसला है। सरकार की सभी कवायदों और अथक प्रयासों ने किसानों की आमदनी को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत एवं समृद्ध बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा नए विधेयक के तहत सरकार ने खरीफ फसलों पर भी एमएसपी देने का प्रावधान किया है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा हरियाणा सरकार ने बाजरे का समर्थन मूल्य 2250 रुपये रखा है, जबकि राजस्थान की सरकार किसानों का बाजरा औने पौने दामों पर खरीद रही है। यदि सरकार में दम है तो हरियाणा की तर्ज पर किसानों के बाजरे को 2250 रुपए की दर पर खरीदकर कर दिखाए।

उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार की किसान नीतियों की जमकर प्रशंसा की ओर कहा मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी किसानों के हित के लिए अनेकों निर्णायक कदम उठा रहे हैं। कार्यक्रम के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष सुखविन्दर सिंह मांढी जाटका सिसवाना में शहीद मोनू सिंह के घर पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद मोनू सिंह के परिजनों को सांत्वना देते हुए वीर सपूत की शहादत पर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, विधायक सोहना कुंवर संजय सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र आर्य, जाहिद हुसैन बाई, नौक्षम चौधरी, ताहिर हुसैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आलम मुंडल, किसान मोर्चा के जिला प्रभारी शमशेर सिंह छिल्लर, जिलाध्यक्ष रमेश मानुवास, जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा. ओमवीर शर्मा, उपाध्यक्ष कमल प्रकाश सैनी, सुभाष भारद्वाज, राजकुमार गर्ग, महामंत्री शिवकुमार बंटी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री लियाकत एडवोकेट, वीरपाल कालियाका, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंजुबाला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निशा सैनी, जिला सचिव सीमा खट्टर सहित किसान मोर्चा के तमाम पदाधिकारी व भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध खनन रोकने को पुलिस ने मांगा ग्रामीणों से सहयोग

## सदर थाना प्रभारी ने उपमंडल के कई गांवों का किया दौरा



तावडू के पचगांव में ग्रामीणों से रूबरू होते सदर थाना प्रभारी रतन सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** में अरावली पहाड़ की सीमा से सटे गांवों से मिल रही अवैध खनन की सूचनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। तावडू सदर थाना पुलिस ने अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से सहयोग करने का आह्वान किया है। इसको लेकर सदर थाना प्रभारी ने उपमंडल कई गांवों में दौरा कर लोगों से सहयोग करने का आह्वान किया है। अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए ग्रामीणों द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया गया है।

सदर थाना प्रभारी रतन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी कड़ी में उन्होंने पिछले दिनों में पुलिस टीम के साथ उपमंडल के गांव सालाका, मालाका, धुलावट पचगांव, छारोडा व सीलखो सहित आदि गांवों में पहाड़ों का निरीक्षण किया है। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे आह्वान किया है कि वह अवैध खनन को रोकने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उन्होंने खनन माफियाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनके संज्ञान में अवैध खनन को लेकर कोई मामला आया तो वह ढिलाई नहीं बरतेंगे। अवैध खनन से जुड़े लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा कड़ा रुख अपनाया जाएगा। पुलिस द्वारा अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए उठाए गए इस कदम का ग्रामीणों ने स्वागत किया। उन्होंने आश्वासन दिलाया कि वह अवैध खनन रोकने में पुलिस प्रशासन की पूरी तरह मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)

9050976800
9416103259

ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटिंग लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# तालिबान को मान्यता

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतभेद

**अफगानिस्तान** के भविष्य पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका तथा चीन समर्थकों में विभाजन की स्थिति है जिसे निर्णय करना है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता दी जाए या नहीं। इस मामले में चीन की लफ्फाजी जारी है। अमेरिका के पास संख्याबल है। महासभा तेजी से देशों के एक ऐसे मंच में बदलती जा रही है जिनको तालिबान पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना है तथा यह चुनना है कि वे किस पक्ष में हैं। अंततः महासभा को एक निर्णय पर पहुंचना है। यह चाहे जो हो, पर सर्वसम्मति से नहीं होगा तथा समूह से प्रभावित होगा। चीन-रूस-पाकिस्तान धुरी ने जल्दी से एक समूह बनाया है। हालांकि, रूस यह कह कर सही पक्ष में खड़े होने का प्रदर्शन कर रहा है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता देने में उस समय तक जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए जब तक तालिबान अपने आश्वासनों का सम्मान नहीं करते हैं। लेकिन यथार्थ में वह चाहता है कि इस धुरी को अफगानिस्तान में प्रभाव डालने वाली शक्ति के रूप में दुनिया स्वीकार कर ले। चीन इसे अपने तथा अमेरिका के बीच इच्छाशक्ति के टकराव की तरह देख रहा है। वह चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र संस्थायें तालिबान के खिलाफसारे प्रतिबंध उठा लें तथा अमेरिका अफगानिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार जारी कर दे जिसे उसने फ्रीज कर दिया है। पाकिस्तान आगे बढ़ कर एक रोडमैप की मांग कर रहा है जिसका अर्थ सीधे अंतरिम सरकार को मान्यता देना है। इस धुरी के सदस्य तालिबान तथा पर्व सरकार के राजनेताओं से मिलने काबुल जा चुके हैं तथा वे आतंकवाद पर लगाम लगाने एवं समावेशी सरकार बनाने की मांग



कर रहे हैं। अमेरिकन समूह भी यही मांग कर रहा है। पी-5 या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों में महासभा से भी अधिक विभाजन है। फ्रांस वर्तमान समय में आंकुस पनडुब्बी प्रकरण से नाराज है और उसे चीन व रूस के खिलाफअमेरिका व ब्रिटेन के साथ खड़े होने में परेशानी हो रही है। स्थाई सदस्यों के कठोर दृष्टिकोण को देखते हुए यह बाकी दुनिया की क्षमता पर निर्भर है कि वह मान्यता के निर्णय पर बाकी दुनिया को एक बहुसंख्यक निर्णय की ओर ले जाए। जहां तक धुरी के समर्थन या तालिबान के भीतर अंतर्निहित वैचारिक टकराव का सवाल है, तालिबान ने अब तक अपने द्वारा पहले किए अत्याचारों पर कोई पश्चाताप नहीं किया है जिससे वह दुनिया की नजरों में अविश्वसनीय बना हुआ है। उसे अपनी मान्यता प्राप्त होने तक थोड़ी नरमी दिखाने की भी चिन्ता नहीं है। वे अपना प्रतिगामी धार्मिक एजेंडा लागू करने के मामले पर आगे बढ़ने का इरादा स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने महिलाओं के साथ व्यवहार तथा अंतरिम सरकार में उनकी अनुपस्थिति के बारे में दुनिया की राय को अनदेखा किया है। वहां धार्मिक पुलिस एक बार फिर सामने आ गई है जो इस्लामी कानून लागू करवा रही है। उन लोगों को रक्षा व खुफिया मंत्रालयों में रखा गया है जो पहले गुंआतानामो जेल में बंद थे। धार्मिक पुलिस के पूर्व प्रमुख ने हत्याओं व हाथ-पैर काटने की सजा वापस लाने की मांग की है। ऐसे में देखना होगा कि तालिबान की वर्तमान जिद का क्या कारण है। उनका विश्वास है कि मानवीय सहायता देने वाली वैश्विक संस्थायें अफगानिस्तान के लोगों को भूख से मरने नहीं देंगी, भले ही वे उसकी सरकार को मान्यता न दें। तालिबान इस बारे में प्रतीक्षा करने का खेल खेल रहे हैं।

# गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया

**दूसरे स्थानों की तुलना में गुजरात के नौजवान जातिवाद के बजाय राज्य में आधुनिक योजनाओं, प्रगति तथा गुणवत्तापूर्ण सामाजिक व आर्थिक विकास के पक्ष में हैं।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



भारत का परम्परागत विवेक कर्तव्यों को ब्रह्मा, विष्णु व महेश में बांटता है जो आवश्यकतानुसार स्रष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। कोई अकेला देवता ये सारे काम नहीं कर सकता है, भले ही वह चाहे जितना शक्तिशाली ही क्यों न हो। लेकिन जनता एक मंत्री या मुख्यमंत्री से उम्मीद करती है कि वह चुनावों में विजय प्राप्त करे, सरकार का संचालन करे, मंत्रियों की निगरानी करे, सभी विधायकों पर नजर रखे तथा फिर चुनाव जीते। गुजरात के मामले में मुख्यमंत्री को इस बात का श्रेय नहीं दिया जा रहा है कि उन्होंने 2017 का चुनाव जीता, बल्कि इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता की शक्ति पर जीता चुनाव बताया जा रहा है। यह पुराना विश्वास है कि निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री को अगले चुनाव तक पद पर रहना चाहिए जो सामान्यतः पांच साल बाद होता है। यहां तक कि अक्सर अमेरिकन राष्ट्रपति भी अपना चार साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाते हैं। राजनेता वर्ग में पक्का विश्वास है कि भूपेंद्र भाई की छोटी सी कंपनी ने साबरमती रिवर फ्रंट का निर्माण किया है जिससे अहमदाबाद का सौंदर्य बढ़ गया है। दूसरा विश्वास यह है कि उन्होंने अहमदाबाद की बस रैपिड ट्रांजिट व्यवस्था भी बनाई है जो अन्य शहरों की तुलना में ऐसी योजना बेहतर तरीके से संचालित कर रही है, जबकि दूसरे शहरों में ऐसी योजनायें परवान नहीं चढ़ सकी हैं। इन उपलब्धियों के बाद से ही भूपेंद्र भाई भाजपा के दिमाग में ऐसी आधुनिक योजनाओं के निर्माता के रूप में थे जो बिल्कुल सटीक थीं तथा समय पर पूरी हुईं। वे लेउवा पटेल के बजाय कड़वा पटेल हैं। माना जाता है कि वे भगवान राम के पुत्रों लव व कुश के वंशज हैं और इसी कारण उनके नाम में 'ल' और 'क' है।

एक अन्य तथ्य पर भी लोगों का ध्यान नहीं जाता है जिसे अवसर कहते हैं। अधिकांश विधायक चुनाव जीतने पर मंत्री बनने की इच्छा रखते हैं, बशर्ते कि उनका संबंध चुनाव में सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी से हो। गुजरात में इन विधायकों की संख्या 182 है। जो विधायक इस स्थिति में नहीं आ पाते हैं, उनकी उम्मीदें आमतौर से टूट जाती हैं जब तक कि बड़े पैमाने पर कोई दलबदल न हो। यदि बहुमत वाली पार्टी में लगभग 100 विधायक हों तो 25 को मंत्री पद मिल सकता है, लेकिन ऐसे में बाकी 75 का क्या होगा। उनके पास स्वयं को आगे बढ़ाने का कोई अवसर नहीं होता है, बस वे एक विधायक बन कर रह जाते हैं जो अवसर की प्रतीक्षा कर सकता है। इसलिए यह उपयुक्त है कि सत्तारूढ़ पार्टी अपनी सरकार में परिवर्तन करती रहे। चूंकि सभी मंत्री सक्षम नहीं होते हैं, इसलिए उनमें परिवर्तन की जरूरत होती है।

यह सच है कि भारत की खास परिस्थितियों में अधिकांश पार्टियों को एक ओबीसी के स्थान पर समान प्रतिनिधित्व करने वाले ओबीसी को लाना पड़ता है। ऐसे में आमतौर से उसके कामकाज को अनदेखा करना पड़ता है। लेकिन अब समय बदल रहा है। आज के नौजवान जाति को उतनी प्राथमिकता नहीं देते हैं जितनी उनके पिता या बाबा देते थे। ये नौजवान जीवन में कुछ प्राप्त करना चाहते हैं। यदि समाज व अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ते हैं तो उनके पास भी आगे बढ़ने का अवसर बहुत सीमित होता है। इसका अर्थ है कि

**कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है।**

पेशों में गुणवत्तापूर्ण विकास तथा मात्रात्मक वृद्धि जरूरी है। नौजवान समझ गए हैं कि वे विकास की उम्मीद उस समय तक नहीं कर सकते हैं जब तक देश की राजनीति पर जाति का बंधन लगा हुआ है। यदि राजनीति नहीं बदलती है तो समाज में केवल राजनीति को ही बढ़ावा मिलेगा, अर्थव्यवस्था में प्रगति नहीं होगी तथा समाज गतिहीन बना रहेगा। यह स्थिति विनाशकारी हो सकती है। संक्षेप में कहा जाए तो यदि चुनाव जीतने की इच्छा रखने वाली पार्टी का नेता विकास नहीं कर सकता है तथा केवल यथास्थिति बनाए रखता है तो उसके बजाय दूसरी पार्टी चुनाव में अपने आप विजय प्राप्त कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि गुजरात में आज तक तीसरी पार्टी को स्थान नहीं मिला है और यहां केवल कांग्रेस व भाजपा हैं। ऐसे में तीसरी शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले सभी लोग विफल रहे हैं। तीसरी पार्टी के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले अंतिम व्यक्ति गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशूभाई पटेल थे जिनका देहान्त हो चुका है। लेकिन इस नई पार्टी से चुनाव जीतने वालों में केशूभाई अकेले थे। हालांकि, अगले विधानसभा चुनाव में तीन पार्टियां चुनाव में उतरेंगी जिनमें भाजपा व कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी-आप भी शामिल है। इस तिकोने मुकाबले से भाजपा की स्थिति बेहतर हो जाएगी। गुजरात ऐसा राज्य है जहां राजनीति पर अर्थव्यवस्था भारी पड़ती है। लेकिन कांग्रेस ने जातिवाद को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ऐसा खासकर उस समय हुआ जब माधवसिंह भाई सोलंकी मुख्यमंत्री थे। उसने यह रणनीति उत्तर प्रदेश और बिहार से ली थी। लेकिन इसके बावजूद गुजरात में कांग्रेस का पतन हुआ। कांग्रेस पार्टी ने कुछ चुनाव विभिन्न जातियों से गठजोड़ कर लड़े जिनमें खाम, यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी व मुसलमान शामिल हैं। कांग्रेस की दूसरी गलती उसका समाजवाद था जो गुजराती सोच से मेल नहीं खाता है। कांग्रेस कुछ साल तक सत्ता में इसलिए बनी रही क्योंकि उसका मुकाबला करने वाला कोई नहीं था।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के सबसे कद्दावर नेताओं ने स्वयं को राज्य की सीमाओं तक सीमित रखने के बजाय स्वयं को देश की सेवा हेतु समर्पित किया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना करने के साथ ही शुद्धि की वैदिक अवधारणा या हिंदूवाद की ओर स्वैच्छिक वापसी को पुनर्जीवित किया। गांधीजी ने भले ही अहमदाबाद में कोछराब आश्रम की स्थापना की हो, पर वे कभी राज्य नेता के रूप में सीमित नहीं रहे। सरदार पटेल ने असाधारण रूप से देश के लिए काम किया तथा स्वतंत्रता के बाद पूरे देश को एकजुट किया। उस समय देश के पांच में से दो हिस्से ब्रिटिश भारत के बजाय देशी रियासतों के थे। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सेवा कर रहे हैं जिसके बारे में बहुत कुछ लिखा गया है और लिखा जाएगा।

लेकिन कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है और जहां केवल प्रशस्ति गायन करने वाले दरबारियों को ही सहन किया जा सकता है।

हाल ही में विधानसभा चुनाव से केवल चार महीने पहले कैप्टेन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे से सारी बातें स्पष्ट हो जाती हैं। नए आने वाले लोगों द्वारा उनका अपमान बहुत कुछ कह देता है। इससे पूरी तरह साफहो जाता है कि एक समय महान पार्टी रही कांग्रेस आज केवल अपने सुदूर अतीत की छाया बन कर रह गई है जो कब का समाप्त हो गया है।

# स्थानीय विकास का महत्व

**व्यवस्था तभी सही ढंग से काम कर सकती है जब एक सीमा तक मानकों में परिवर्तन किया जाए।**

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध सलाहकार हैं)



रिकार्ड रखना सिविल प्रशासन के कार्यों का अभिन्न अंग है। लेकिन भूमि रिकार्ड जैसे मामलों में अखिल भारतीय संदर्भ तलाशने में अधिकतर समस्या पैदा होती है। इसका कारण मापन की इकाई, एकड़, बीघा, आदि का होना है जिसे देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जब संदर्भ की इकाई सीमित व स्थानीय प्रकृति की होती है तो ज्यादा समस्या नहीं होती है। लेकिन जब विभिन्न क्षेत्रों के बीच तुलना करनी जरूरी हो जाए तो समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है। यह समस्या का अंत नहीं है। भारत के कुछ हिस्सों, जैसे गोवा में भूमि स्वामित्व अभी पुर्तगाली संदर्भ व्यवस्था के अनुरूप ही चल रहा है। इससे भूमि के स्वामित्व का पता लगाना अपेक्षाकृत रूप से अधिक जटिल हो जाता है तथा इसका आधिकारिक स्वामी तय करने में कठिनाई होती है। इसलिए बिजनेस को ऐसी स्थितियों से निपटना पड़ता है जिसके बारे में उसके पास सही संदर्भात्मक सूचना नहीं होती है।

इससे भूमि विकास मुद्दों का अखिल-भारतीय पैटर्न जटिल तथा कभी-कभी अत्यधिक जटिल हो जाता है। यदि नियोजन से संबंधित उद्देश्यों के लिए इकाई के नामकरण का प्रायोगिक संदर्भ समान प्रकृति का न हो तो स्थानीय स्तर पर अपरिचित व गलत मानकों का प्रयोग होने लगता है। इसके कारण ऐसी स्थिति पैदा हो जाती है जहां जमीनी यथार्थ तथा नियोजन हेतु मानकों के प्रयोग में विरोधाभास पैदा हो जाते हैं। इस कारण जहां सटीकता की तलाश हो, वहां भी किसी तरह काम चलाना पड़ता है। कभी-कभी इससे काम चल सकता है, लेकिन दूसरे अवसरों पर तात्कालिकता का एक तत्व हावी हो जाता है। महत्वपूर्ण



बात है कि भूमि इकाइयों के परस्पर परिवर्तन का कोई शब्दकोष नहीं है। अतः इनकी कल्पना में कठिनाई पेश आती है।

ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक खास किस्म का नियोजन संभव हो पाता है तथा नियोजन की अन्य किस्मों को स्थानीय स्तर के लिए छोड़ दिया जाता है। इसका उदाहरण लघु सिंचाई का सांदर्भिक ढांचा है। प्रभावी रूप से यह काम अनेक क्षेत्रों में जारी है। लेकिन इन जटिलताओं से सिविल कर्मचारी के औपचारिक कौशल निर्माण में कमियां आ जाती हैं जिनके कारण वह व्यवस्था संचालन का काम शुरू करने के पहले ही समस्याओं में घिर जाता है। औसत भारतीय सिविल कर्मचारी स्मार्ट, सतर्क तथा यथार्थ पर गहराई से नजर रखने वाला होता है। इन गुणों के कारण वह रचनात्मक रूप से अनेक प्रकार के काम कर सकता है। चूंकि विकास नियोजन की एक महत्वाकांक्षा संदर्भ के ढांचों का मानकीकरण है, इसलिए भूमि इकाइयों और विविधता के इस मुद्दे को घटाने की जरूरत है ताकि इसे प्रबंधन योगय सीमा में लाया जा सके। इसकी शुरुआत मापक इकाइयों के एक प्रकार से समानीकरण से की जा सकती है। इनकी शुरुआत जिला स्तर से की जा सकती है। सौभाग्य से यह काम निकट अतीत में व्यावहारिक उद्देश्यों से शुरू हो गया है।

यह भारतीय प्रशासन की शक्ति है कि जहां स्थानीय स्तर पर समाधान खोजने होते हैं और जहां औपचारिक तरीके विफल हो जाते हैं वहां मूलभूत भारतीय खोजी प्रवृत्ति लागू होती है। इसलिए मानकों में लचीलापन बरतने की जरूरत है। यदि मानकों तथा आयामों में कुछ प्रतिशत का विचलन सहन किया जा सकता है तो व्यवस्था काम कर सकती है। अत्यधिक दृढ़ता के कारण समस्यायें पैदा हो सकती हैं। आर्थिक रूप से ज्यादा सफल गुजरात, केरल या कर्नाटक जैसे राज्यों में इस समस्या से निपटने का ज्यादा प्रभावी तरीका खोजा गया है। जो राज्य सीधे ब्रिटिश शासन के अंतर्गत आते थे वहां बाहर से लाई गई मापक इकाइयां लागू करने के बहुत गंभीर प्रयास हुए थे, अतः वहां सामाजिक यथार्थ तलाशने में प्रशासन को कठिनाई होती है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में प्रवेश के समय उत्सव मनाने के साथ ही राष्ट्रीय विकास के अनेक क्षेत्रों में यथार्थ को पहचानने का भी समय है जहां विश्लेषण, निवेश, आदि के मानकों में कुछ परिवर्तन जरूरी है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि स्थानीय व क्षेत्रीय विकास प्रक्रियाओं को समुचित महत्व दिया जाए। भाषा व नस्ल की तुलना में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए ज्यादा गहन दृष्टिकोण तथा विश्लेषण की जरूरत है।

## आप की बात

### सावधानी आवश्यक

**अफगानिस्तान** में तालिबान के सत्ता पर कब्जे को देखते हुए सरकार जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के विस्तार के खिलाफ सतर्कता बरत रही है। केन्द्र सरकार ने यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की है। भारत की चिन्ता इस तथ्य से बढ़ गई है कि तालिबान ने विश्व समुदाय को यह आश्वासन नहीं दिया है कि वे अलकायदा जैसे आतंकी समूहों से अपने संबंध तोड़ रहे हैं तथा भारत के दुश्मन पाकिस्तान-आधारित आतंकी समूहों जैसे लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद को शरण नहीं देंगे। तालिबान के सत्ता में पहुंचने से इन समूहों के हौसले बढ़ सकते हैं और वे हिंसक घटनाओं के लिए कश्मीर में लड़ाकू भेज सकते हैं। आतंकियों और उनके प्रायोजकों के लिए कोई जगह दूर नहीं है और इस संदर्भ में कश्मीर की सुरक्षा समीक्षा जरूरी हो जाती है।ऐसा नहीं कि तालिबान से जुड़े हत्यारे कश्मीर में प्रवेश करना चाहेंगे, बल्कि वास्तव में पाकिस्तान अमेरिकी सैनिकों के चले जाने के बाद से अफगानिस्तान में पैदा स्थिति का लाभ उठा कर आतंकी समूहों को संरक्षण देकर उनको कश्मीर में अफगान क्षेत्र से प्रवेश कराना चाहेगा। अतः, भारत को सावधान रहना होगा।

– **नीलेश रंजन**, कानपुर

### उदार एवं प्रगतिशील है हिन्दुत्व

**आज** दुनिया के 90 प्रतिशत से अधिक हिंदू भारत में रहते हैं। इस प्रकार हिंदुत्व अपने इतिहास और व्यावहारिकता के कारण मुख्यतः भारत-केन्द्रित है। लेकिन हिन्दुत्व एक प्रगतिशील विचारधारा है, जिसका दृष्टिकोण हमेशा से उदार एवं सकारात्मक प्रकृति का रहा है। आखिरकार पश्चिमी देशों में हुई आतंकी घटनाओं में कोई हिंदू क्यों संलिप्त नहीं पाया गया है? आखिर कोई हिंदुत्व समूह बंदूक लहराने वाला नहीं है, जबकि मुस्लिम दुनिया में ऐसे समूहों की कोई कमी नहीं है? आखिर हिंदुत्व समूह 'समान नागरिक संहिता' की पैरवी क्यों करते हैं, जबकि दुनिया भर में इस्लामवादी 'शरीया' चाहते हैं? यदि हम वैश्विक दृष्टिकोण से अन्य विचारधाराओं की तुलना में हिंदुत्व पर गंभीर बहस करना चाहते हैं तो ऐसे अनेक आयाम हैं। लेकिन आयोजक ऐसी बहस से बचना चाहते हैं। दुर्भाग्य से हिंदुत्व के संरक्षक के रूप में देखे जाने वाले आरएसएस जैसे संगठन भी इस विमर्श से बचना चाहते हैं। ऐसे में इन विरोधाभासों पर विचार होना चाहिए कि कैसे खलीफत-समर्थक गांधीजी कैसे 'हिंदू देशभक्त' बन जाते हैं। इन मुद्दों पर एक सकारात्मक बहस होनी चाहिए।

– **अविनाश श्रीवास्तव**, वाराणसी


### समाधान की अनिवार्यता

**फसलें** पैदा करने के लिए परम्परागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण को भारी व स्थाई नुकसान हो रहा है। यह नुकसान मृदा की घटती गुणवत्ता है जिसका जलवायु पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती है। इस प्रकार एक ओर परंपरागत यूरिया जनसंख्या के लिए ज्यादा भोजन पैदा करने का काम करती है, वहीं दूसरी ओर यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है जो स्वस्थ जीवन की प्रमुख शर्त है। समुचित विकल्प के अभाव में दुनिया एक दुविधा में फंस गई है और हानिकारक परंपरागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग का समाधान तलाशने की जरूरत है।भूमि व जल संसाधनों की कमी तथा उनका क्षरण लगातार बढ़ती जनसंख्या के लिए भोजन, आजीविका व पोषण सुरक्षा की भारी चुनौती पेश करता है। इसलिए ऐसे समाधान की जरूरत है जो खाद्य उत्पादन की की समस्याओं के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने की समस्याओं का सामना कर सके। कुछ विकल्प सामने आए हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

– **देवेंद्र कौशिक**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** भाजपा सदस्य मुसलमानों को पसंद नहीं करते हैं तो उन्हें मुसलमानों द्वारा निर्मित मकान छोड़ देने चाहिए व बताना चाहिए कि मुस्लिम उनके लिए कैसे काम करते हैं।

– **राकेश टिकैत**
किसान नेता



**फ्रांस** और अमेरिका दोनों के ही भारत के साथ संबंध मजबूत करने में हित शामिल हैं। हम इसका पुरजोर समर्थन करते हैं।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**3000** किलोग्राम हेरोइन का पकड़ा जाना अप्रत्याशित घटना है और भारत में मुक्त रूप से चल रहे बड़े आपराधिक गिरोह की ओर संकेत करता है।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

# मुख्यमंत्री ने करनाल के विकास कार्यों का निरीक्षण किया

## कहा, करनाल-मेरठ रोड आवर्धन नहर पर शीघ्र पूरा हो पुल निर्माण

### शुगरमिल में गन्ना लाने वाले किसानों की सुविधा के लिए बनाएं सर्विस लेन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने रविवार को करनाल शहर में करोड़ों रुपये की राशि के चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री करनाल-मेरठ रोड पर पहुंचे और वहां चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मेरठ रोड पर बन रहे आवर्धन नहर के पुल के निर्माण का कार्य का अवलोकन किया। कहा कि यह कार्य 30 नवम्बर तक पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर शुगरमिल होने के कारण गन्ने के सीजन से पहले दोनों तरफ सर्विस लेन बनाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी किसान को गन्ना लाने में दिक्कत न हो। करनाल-मेरठ रोड के विस्तारीकरण पर करीब 105 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रोड पर आवर्धन नहर पर पुल बन रहा है, किसी को आने-जाने में दिक्कत न हो इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। गन्ने के सीजन को देखते हुए शुगरमिल में आने के लिए दोनों साइडों में सर्विस लेन बनाएं। मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों को बताया कि भीड़भाड़ को देखते हुए करनालवासियों की काफी समय से यह मांग भी कि इस सड़क को चौड़ा किया जाए। क्षेत्र के लोगों की दिक्कत को देखते हुए करीब 15 किलोमीटर लम्बी सड़क को ताऊ देवी लाल चौक से शुगरमिल तक 6 लेन और इससे आगे मंगलौरा पुल तक 4 लेन बनाया जाएगा।

इस मौके पर घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य आजाद सिंह व प्रशासन की ओर से उपायुक्त एवं स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशांत कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, नगरनिगम के आयुक्त मनोज कुमार, आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



### वाहनों के शहर में प्रवेश के लिए मेरठ रोड के चौराहे पर बनाएं अंडरपास: मुख्यमंत्री खट्टर

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल-मेरठ रोड के निरीक्षण के दौरान सेक्टर-6 के पीछे से होकर मेरठ रोड से मिलने वाले चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए और पार्षद मेघा भंडारी की मांग पर अंडरपास बनाने की योजना के निर्देश दिए। कहा कि शहर का यह बाईपास ऐसा बने कि किसी भी साईड से आने-जाने वाले वाहन को दिक्कत न आए।

### निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं: सीएम

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि जिला में चल रहे विकास कार्यों में प्रयोग लाई जाने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। समय-समय पर निर्माण सामग्री का अधिकारियों द्वारा सैंपल लिए जाते हैं। जहां कोई कमी नजर आती है उसे तुरंत ठेकेदार से कहकर ठीक करवाया जाता है फिर भी अगर इस प्रकार की शिकायत मिलेगी तो इस पर कड़ा संज्ञान लिया जाएगा।

### प्रदर्शन के दौरान कानून हाथ में लेने पर होगी कार्रवाई

भारत बंद के आह्वान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना सबका अधिकार, कानून अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ की जाएगी प्रशासनिक कार्यवाही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीडिया के 27 सितम्बर को किसानों द्वारा भारत बंद आह्वान के प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रदर्शन पर सरकार को भी कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन किसी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है।

"

विधायक ने दिया शुगरमिल में गन्ना के लिए सर्विस लेन बनाने का सुझाव घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने करनाल-मेरठ रोड के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में अधिकारियों को सुझाव दिया कि शुगरमिल के पिराई सीजन के शुरू होने से पहले इस सड़क के साथ सर्विस लेन की व्यवस्था करें ताकि किसानों को अपना गन्ना शुगरमिल तक लाने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विधायक के इस सुझाव पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताई।

**एचएसएससी परीक्षाओं के लिए किए पुख्ता इंतजाम** : सीएम मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं को नकलरहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए शासन व प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अभी तक कोई दिक्कत नहीं आई है फिर भी सरकार द्वारा विजिलेंस ब्यूरो का नम्बर जारी किया गया है।



# शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों का पोलियोरोधक दवा लेना जरूरी: सीएम खट्टर

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने रविवार को प्रात: 8 बजे लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सब नेशनल पल्स पोलियो प्रोग्राम अभियान का 0 से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियोरोधक दवाई की दो बूंद पिलाकर शुभारम्भ किया।

इस मौके पर उपायुक्त निशांत कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, नगर निगम के आयुक्त मनोज कुमार, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य आजाद सिंह, सिविल सर्जन डा. योगेश शर्मा, उप सिविल सर्जन (प्रतिरक्षण) डा. नीलम वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ करने का सौभाग्य मिला है, यह एक अच्छा अभियान है। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा छूट गया-समझो सुरक्षा चक्र टूट गया। इसलिए 0 से 5 वर्ष तक की आयु के सभी नवजात बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पोलियोरोधक दवा लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में जनवरी 2010 से कोई पोलियो केस नहीं हुआ है। भारतवर्ष में जनवरी 2011 से पोलियो का कोई केस नहीं मिला है। इसलिए भारत देश को 11 फरवरी 2014 को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री ने दवा पिलाकर किया सब नेशनल पल्स पोलियो प्रोग्राम अभियान शुरू

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के 13 जिलों में 26 सितम्बर से 28 सितम्बर 2021 तक सब-नैशनल पल्स पोलियो अभियान किया जाएगा। जिला करनाल में 0 से 5 साल तक के 1 लाख 99 हजार 898 बच्चों को दवाई पिलाई जाएगी। सीएमओ डा. योगेश शर्मा ने बताया कि सब नैशनल पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में 856 बूथ और 1520 हाऊस-टू-हाऊस टीमें बनाई गई हैं। जिनकी निगरानी 145 सुपरवाइजर द्वारा की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा दिव्यांगों का आंदोलन: वर्मा



**भिवानी।** ऑल हरियाणा दिव्यांग अधिकार संघर्ष समिति कि मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जगदीश जमालपुर ने की व मंच का संचालन कृष्णा देवी ने किया। बैठक का मुख्य मुद्दा दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को हरियाणा में पूर्ण रुप से लागू करवाना 18 सूत्रीय लंबित मांगों को लागू करवाना रहा। इस पर विनोद वर्मा प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए बताया कि हमारा 4 जिलों में आंदोलन शुरू हो चुका है। धीरे-धीरे यह प्रदेश स्तर पर विस्तार हो रहा है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती है। तब तक वे चुप बैठने वाले नहीं हैं। रमेश कुमार लाडवा आंदोलन कार्यक्रम प्रभारी ने अपने संबोधन में बताया कि अब दिव्यांग समाज हरियाणा में पूरी तरह कमर कस चुका है। जो जिम्मेदारी हरियाणा में आंदोलन करने की उन्हें मिली है। उस पर वे खरा उतरेंगे, संगठन और समाज के लिए अंतिम कतरे तक संघर्ष जारी रहेगा। सुनील कुमार एडवोकेट ने बैठक को संबोधित करते हुए का कहा कि दिव्यांग समाज की अधिकतर मांगें कानून है सरकार के रवैए से पता चलता है कि सरकार व प्रशासन दिव्यांगों के अधिकारों को लागू करने में रुचि नहीं ले रही। इसलिए उन्हें संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए दिव्यांग प्रतिनिधियों ने विचार विमर्श के बाद आगे का कार्यक्रम निर्धारित किया कि इस आंदोलन की अगली कड़ी है दादरी जिला, कुरुक्षेत्र जिला सहित अन्य जिलों में अपनी मांगों बारे हम संघर्ष तेज करेंगे जिससे दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को हरियाणा में अति शीघ्र लागू करवाया जा सके व दिव्यांगों की 18 सूत्रीय लंबित मांगों को अति शीघ्र पूरा करवाया जा सके।

### नाटक पार्क में दिखी 18वीं से 21वीं सदी की झलक



**कुरुक्षेत्र।** किसी को जब उसके घर या स्थान से निकाल कर दूसरी जगह फेंक दिया जाता है, तो वह कभी भी उसे अपनी जगह के रूप में स्वीकार नहीं कर पाते। वो, उनकी पुश्तें पूरी जिन्दगी इंतजार करती हैं, कि एक दिन सब कुछ ठीक हो जाएगा। उन्हें वापस बुला कर उनकी जगह दे दी जाएगी पर ऐसा कभी होता नहीं। विस्थापन का दर्द जो झेलता है, वहीं उस दर्द की पीड़ा को समझता है। इस तरह की गंभीर समस्याओं को एक पार्क की तीन बेंचों के माध्यम से न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों ने बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। मौका था हरियाणा कला परिषद की साप्ताहिक संध्या का, जिसमें फिल्म अभिनेता मानव कौल के लिखे नाटक पार्क का रंगकर्मी विकास शर्मा के निर्देशन में मंचन हुआ। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित रहे। वहीं न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी, कार्टूनिस्ट वीपी वर्मा, नरेश सागवाल तथा शिवकुमार किरमच विशेष रुप से उपस्थित रहे। हरियाणा कला परिषद की ओर से कार्यालय प्रमुख धर्मपाल गुगलानी ने अतिथियों का स्वागत किया। मानव कौल की लेखनी से सजे और विकास शर्मा के निर्देशन में तैयार नाटक पार्क ने विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डालने का कार्य किया। नाटक पार्क तीन अन्जान लोगों की बातचीत पर आधारित रहा। नाटक में उदय का किरदार विकास शर्मा ने निभाया। वहीं मदन की भूमिका नितिन गुप्ता, नवाज की भूमिका चंचल शर्मा तथा हुसैन की भूमिका पार्थ शर्मा ने निभाई। संगीत संचालन साजन कालड़ा, प्रकाश व्यवस्था मनीष डोगरा ने सम्भाली। सहयोगी के रुप में गौरव दीपक जांगड़ा रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया।

### नवरात्रि कार्यक्रम के लिए लगाई सेवादारों की डयूटी

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सान्निध्य में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नवरात्रि कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई और सेवादारों की डयूटी लगाई गई। इस बार नवरात्रि कार्यक्रम 7 अक्टूबर से आरंभ होकर 20 अक्टूबर को समाप्त होगा। प्रथम नवरात्र 7 अक्टूबर से प्रतिदिन मंगला आरती प्रात: 6 बजे और संध्याकालीन आरती सायं 6 बजे होगी। प्रथम नवरात्र को कलश स्थापना प्रात: 9 बजे होगी और उसके बाद ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रथम नवरात्र पर मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। 13 अक्तूबर को श्रीदुर्गाष्टमी को सांय 6 बजे से 10 बजे तक 52 जागरण ज्योति परम्परा निभाई जाएगी। इस मौके पर नरेंद्र वालिया, हाकम चौधरी, देवेंद्र गर्ग, रामपाल लाठर, मीना जोशी, निरंजन लाल गर्ग, हेमराज शर्मा, सतपाल शर्मा, पवन आश्री, विनोद अरोड़ा, रामकुमार, लवली, रामपाल, सुरजीत आदि मौजूद रहे।

### 10095 परीक्षार्थियों ने दी उप निरीक्षक पद की परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** महिला व पुरुष उप निरीक्षक पद के लिए रविवार को सुबह और सायं के सत्र में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। प्रशासन की तरफ से महिला व पुरुष उप निरीक्षक पद की परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। डीईओ अरुण आश्री ने कहा कि उप निरीक्षक की परीक्षा में सुबह के 9 बजे से 10.30 बजे तक के सत्र में थानेसर, पिहोवा व शाहबाद में कुल 60 सेंटर बनाए गए। इन केंद्रों में कुल 16600 परीक्षार्थी और सायं 3 बजे से 4.30 बजे तक के सत्र में थानेसर व शाहबाद में कुल 51 सेंटर बनाएं गए है और इन सेंटरों में 14000 परीक्षार्थी को परीक्षा देनी थी। उन्होंने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को सुबह के सत्र में 16600 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसमें से 10095 परीक्षार्थियों ने यह परीक्षा दी है।

### भाजपा खेल प्रकोष्ठ के शिविर में 71 लोगों ने किया रक्तदान

**भिवानी।** देश में प्रतिदिन सैंकड़ों लोग रक्त के अभाव में अपनी जान गंवा देते हैं। रक्त की कमी को पूरा करने व किसी जरूरतमंद की जान बचाने के उद्देश्य से भाजपा खेल प्रकोष्ठ द्वारा आज रविवार को हरियाणा बॉक्सिंग अकादमी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 71 लोगों ने रक्तदान किसी जरूरतमंद की जान बचाने के अभियान में सहयोग दिया।

शिविर की अध्यक्षता भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश धनखड़ ने कहीं। बतौर मुख्यअतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद रेडमैन धर्मबीर सिंह ने शिरकत की तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं शिविर में अति विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम सिंह एवं जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने कहा कि कई बार सड़क हादसों के शिकार, गर्भवती महिला तथा जरूरमंद व्यक्तियों को समय पर रक्त ना मिलने के चलते अपनी जान गंवानी पड़ती है।

## जल निकासी के लिए पंप सेटों के लिए डीजल की नहीं कोई कमी : उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**गांवों** के खेतों में भरे पानी की निकासी के लिए डीजल पंप सेट दिन-रात चालू रखने के निर्देश देते हुए उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि तेल की कोई कमी नहीं है। तेल की खरीद के लिए पैसे की भी कोई कमी नहीं है। साथ ही उन्होंने बिजली के पंप सेटों के भी जल निकासी में निरंतर प्रयोग के निर्देश दिए। जिसके लिए विद्युत आपूर्ति निर्बाद्ध नहीं होने दी जाएगी।

ग्रामीणों-किसानों की सुविधा व समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन 24 घंटे उपलब्ध है। उपायुक्त सिवाच ने रविवार की सुबह गांवों में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। जिसकी शुरुआत उन्होंने बड़वासनी गांव से की। उन्होंने हुल्लाहेड़ी, चिटाना, बागडू, जट माजरा, भादी, जुआं, रौलद, बीधल, जौली, लाठ, मोई, माजरी, दुभेटा, खेड़ी दमकन, बड़ौता, कटवाल, छिछड़ाना, बलि, बरोदा, गढ़वाल आदि गांवों का दौरा किया। उन्होंने दौरे की शुरुआत में ही जुआं ड्रेन का निरीक्षण किया। बड़वासनी व हुल्लाहेड़ी में पानी की निकासी के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि ड्रेन की नियमित रूप से सफाई करवाएं।



मोई माजरी के नंबरदार सुखबीर ने उपायुक्त से मांग की कि जल निकासी के उचित प्रबंध किये जाएं, जिस पर उपायुक्त ने जानकारी दी कि बिजली व डीजल के पंप सेट लगवाकर पानी निकालने के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं। उन्होंने विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उनकी मांगों व समस्याओं की सुनवाई भी की। लाठ में ग्रामीणों ने पंप सेट पर बड़ी मोटर लगवाकर निकासी की व्यवस्था की मांग की। उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को इसके लिए निर्देश दिए।

## दूसरों को झुकाने से पहले खुद झुकना पड़ेगा : जयभगवान रोहिल्ला

### महाराजा रणबीर सिंह रोहिल्ला एवं संत शिरोमणि नामदेव की जयंती मनाने को हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



संत नामदेव रोहिला टांक धर्मशाला में बैठक के दौरान मौजूद रोहिल्ला।

**संत** नामदेव रोहिला टांक क्षत्रिय सभा देव नगर द्वारा जवाहर नगर स्थित संत नामदेव रोहिला टांक धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान संतलाल रोहिल्ला की अध्यक्षता की गई। जबकि मंच संचालन धर्मराज रोहिल्ला ने किया।

बैठक में मौजूद सभी रोहिल्ला समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने सर्वसम्मित से निर्णय लिया की आगामी 25 अक्टूबर को महाराजा रणबीर सिंह रोहिल्ला एवं संत शिरोमणि नामदेवजी की जयंती पर सप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में मौजूद सभी समाजबंधुओं ने एकमत होकर इस प्रस्ताव को पास करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का गहनता से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संतलाल रोहिल्ला, जयभगवान रोहिल्ला, जगदीश रोहिल्ला, पूर्व कर्मचारी नेता बलबीर रोहिल्ला, राई से वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश रोहिल्ला, प्रेम रोहिल्ला सहित कई अन्य व्यक्तियों ने समाज की तरक्की व समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। जयभगवान रोहिल्ला ने कहा कि सभी को अपने विचार रखने की आजादी है। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट करने के लिए त्याग की आवश्यकता है। दूसरों को झुकाने से पहले खुद झुकना पड़ता है। जब हम झुकेगे तो दूसरा अपने आप झुक जाएगा। पूर्व कर्मचारी नेता बलबीर रोहिल्ला ने कहा कि आगामी 25 अक्टूबर को दीप प्रज्जविलत करके दोनों महापुरुषों की जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

31 अक्टूबर को संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज ओर महाराज रणबीर सिंह रोहिल्ला जयंती का समापन समारोह बड़े धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए नरेश रोहिल्ला ने कहा कि कार्यक्रम में दूर-दूराज के क्षेत्रों के साथ-साथ एनसीआर के लोग भी कार्यक्रम में शामिल हो, ताकि महापुरुषों की जयंती मनाई जाए।

### क्षमा भाईचारे की भावना को प्रबलता प्रदान करती: उपेन्द्र



**सोनीपत।** जैन संप्रदाय के लोगों द्वारा क्षमावाणी पर्व धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया। पुराना शहर स्थित दिगंबर मंदिर से रथ यात्रा, भक्ताम्पर का पाठ कथा प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व मंत्री कविता जैन ने रथयात्रा का शुभारंभ किया। उपेंद्र मुनि महाराज ने क्षमावाणी के पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षमा हमारे जीवन से वैमनस्य, ईर्ष्या, द्वेष, खत्म कर भाईचारे की भावना को प्रबलता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि एक दिन की बजाय क्षमा का भाव हमारे अंदर 24 घंटे विद्यमान रहना चाहिए। कविता जैन ने कहा कि मन, वचन, काया से किसी भी प्रकार की जाने अनजाने में हुई भूल के लिए क्षमा प्रार्थी हूं।




## पैनासोनिक ने अपने 'ग्रैंड डिलाइट्स' ऑफरों के साथ रोशन किया त्योहारी सीजन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ

**विविध** कारोबार वाली अग्रणी तकनीकी कंपनी पैनासोनिक इंडिया ने आगामी त्योहारी सीजन में खुशियां बढ़ाते हुए अब अपने फेस्टिव ग्रैंड डिलाइट्स ऑफर पेश किए।

त्योहारी खरीद को सभी के लिए किफायती और टिकाऊ बनाते हुए पैनासोनिक अपने सभी इलेक्ट्रॉनिक्स, होम अप्लायंसेज, सौंदर्य और लाइफस्टाइल उत्पादों में आकर्षक ऑफर्स और प्रमोशन लाई है। देश भर के (केरल के अलावा) सभी अधिकृत पैनासोनिक स्टोर्स में ये ऑफर 10 नवंबर 2021 तक लागू रहेंगे। पैनासोनिक इंडिया के डिविजनल हेड कंज्यूमर सेल्स डिविजन सुगुरु ताकामात्सु ने फेस्टिव ऑफर्स के बारे में कहा, अब उपभोक्ता अपनी खरीद से आराम, सुरक्षा तथा स्वच्छता के रूप में भरपूर कीमत ढूंढ रहे हैं। हमारा मकसद अपने त्योहारी ऑफर्स 'ग्रैंड डिलाइट्स' के जरिये शानदार कीमत और अतिरिक्त रिवार्ड्स के साथ अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्ता एवं स्मार्ट उत्पादों का बेमिसाल संगम देना है। उपभोक्ताओं के सकारात्मक हौसले और मूल्य आधारित उत्पादों की मांग में लगातार वृद्धि देखकर हमें इस त्योहारी सीजन में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स श्रेणी में अच्छी खासी वृद्धि होने की उम्मीद है।

### पेश किए शानदार प्रमोशनल ऑफर, एक्सटेंडेड वारंटी और आकर्षक कंज्यूमर फाइनेंस ऑफर

ग्रैंड डिलाइट्स ऑफर्स उपभोक्ताओं को स्मार्ट उत्पाद खरीदने, अपनी रोजमर्रा की जिंदगी को और भी आरामदेह तथा कनेक्टेड बनाने का मौका प्रदान करते हैं। इन ऑफर्स में पैनासोनिक के अनेक उपकरणों जैसे टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव, होम थिएटर, ब्यूटी और लाइफस्टाइल उत्पादों की श्रेणियों में जीरो डाउन पेमेंट, नो कॉस्ट ईएमआई योजनाओं जैसे वित्तीय फायदे शामिल हैं।

### भिवानी जिला में दर्जनों मार्गों को किया जाएगा जाम: जोगेन्द्र तालु

**भिवानी।** केंद्र सरकार की ओर से लाए गए कृषि कानूनों के विरोध में जारी किसानों के धरने को 27 सितंबर को दस माह पूरे हो जाएंगे। इस दौरान विरोध स्वरूप संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 27 सितंबर को किसानों द्वारा भारत बंद किया जाएगा।

तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। भारत बंद के अस्पताल, मेडिकल स्टोर, राहत एवं बचाव कार्य सहित सभी आवश्यक सेवाओं को बंद से छूट दी गई हैं। इसी कड़ी में भी भिवानी में भी दर्जनों स्थानों पर किसानों द्वारा रोड जाम किए जाएंगे। किसान नेता जोंगेंद्र तालु ने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानून लाकर किसानों की कमर तोड़ने का काम किया है। किसान पिछले 10 दस माह से तीन कृषि कानूनों के खिलाफ धरनारत हैं, लेकिन सरकार किसानों की मांगें सुनने की बजाए उन पर लाठियां बरसाती है। जिसके तहत किसानों के संघर्ष को दस माह पूरे होने पर 27 सितंबर को सुबह छह से शाम चार बजे तक भारत बंद का आह्वान किया गया है।

### आकाश इंस्टीट्यूट की नेशनल स्कॉलरशिप, एएनटीएचई 2021 से

## पांच छात्र करेंगे नासा की नि:शुल्क यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक / नारनौल।

**आकाश** एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी की प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा, आकाश नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा (एएनटीएचई) 2021 बारहवां संस्करण, इच्छुक डॉक्टरों और इंजीनियरों के लिए इंस्टीट्यूट की सबसे अधिक मांग वाले नीट और आईआईटी-जेईई कोचिंग कार्यक्रमों के लिए कक्षा सातवीं-बारहवीं के छात्रों को 100% तक की छात्रवृत्ति देगा।

एएनटीएचई 2021 देश के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4-12 दिसंबर, 2021 तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम द्वारा आयोजित किया जाएगा। ट्यूशन फीस पर स्कॉलरशिप के अलावा टॉप स्कोर करने वालों को कैश अवॉर्ड भी दिया जाएगा। इस वर्ष छात्रों के लिए एक नवीनता यह है कि सभी ग्रेड के पांच छात्रों को माता-पिता में से कोई एक के साथ नासा की नि:शुल्क यात्रा प्रदान की जाएगी। एक अतिरिक्त लाभ के रूप में, एएनटीएचई उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को मेरिटनेशन स्कूल बूस्टर कोर्स भी मुफ्त मिलेगा। मेरिटनेशन एईएसएल की सहायक कंपनी है।

एएनटीएचई ऑनलाइन एक घंटे की परीक्षा होगी जो सभी परीक्षा दिनों के दौरान सुबह 10:00 बजे से शाम 07:00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। ऑफलाइन परीक्षा पांच और 12 दिसंबर, 2021 को दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी, 10:30 एएम-11:30 एएम और 04:00 पीएम-05:00 पीएम बजे तक। ऑफलाइन परीक्षा आकाश इंस्टीट्यूट के देश भर में सभी 215+ केंद्रों पर कोविड -19 संबंधित राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आयोजित किया जाएगा। छात्र अपने लिए सुविधाजनक एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं।

एएनटीएचई-2021 के लिए नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि क्रमश: ऑनलाइन और ऑफलाइन परीक्षा शुरू होने की तारीख से 3 दिन और 7 दिन पहले है। परीक्षा शुल्क रु. 99 है जिसका भुगतान ऑनलाइन या सीधे आपके निकट किसी भी आकाश इंस्टीट्यूट के सेंटर पर किया जा सकता है।


एएनटीएचई 2021 के परिणाम 02 जनवरी, 2021 को दसवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए और 04 जनवरी, 2021 को कक्षा सातवीं नवमी के छात्रों के लिए घोषित किए जाएंगे। एएनटीएचई 2021 पर टिप्पणी करते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर, आकाश चौधरी ने कहा, चूंकि यह डॉक्टर और आईआईटीयन बनने के सपनों को उनके लिए संभव बनता है, इसलिए एएनटीएचई ने स्वाभाविक रूप से छात्रों से जबरदस्त प्रतिक्रिया हासिल की है, और वर्षों से उनके माता-पिता ने सराहा है। मेडिकल कॉलेज की सीट प्राप्त करने या आईआईटी, एन ईटी या किसी अन्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित कॉलेजों के पोर्टल में प्रवेश करने में कोचिंग से एक छात्र को बहुत फर्क पड़ता है। जब से हमने 2010 में एएनटीएचई की शुरुआत की।

# भारत बंद को लेकर पुलिस ने किये व्यापक सुरक्षा प्रबंध

## बंद की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों की खैर नहीं : एसपी

### विभिन्न स्थान निर्धारित करके पुलिस कर्मचारी और अधिकारियों की लगाई गई है ड्यूटी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल


पत्रकारों को जानकारी देते हुए कैथल पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह।

**संयुक्त** किसान मोर्चा व अन्य किसान संगठनों द्वारा केन्द्र सरकार के कृषि कानून को रदद कराने की मांग को लेकर दिनांक 27 सितंबर 2021 को किसान संगठनों द्वारा भारत बंद के आह्वान को लेकर कैथल पुलिस द्वारा एसपी लोकेंद्र सिंह के दिशा निर्देश अंतर्गत जिला में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुख्ता पुलिस प्रबंधन किया गया है। जिसके दौरान विभिन्न स्थान निर्धारित करके पुलिस कर्मचारी व अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। वाहनों का सुचारु आवागमन व निर्बाध यातायात व्यवस्था कायम रखने की व्यवस्था की जा रही है, तथा आवश्यकता पड़ने पर रुट डायवर्ट करके वाहनों का सुचारु आवागमन जारी रखा जाएगा। बंद की आड़ में उपद्रव करने वाले संदिग्ध वाहनों तथा असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा निरंतर पैनी नजर रखी जाएगी। जिसके दौरान किसी को हथियार, लोहा रॉड, हॉकी, बैट, स्टीक, लाठी, डंडे ईत्यादि लेकर नहीं चलने दिया जाएगा।

जिला के अंतर्गत धरना स्थल के संभावित स्थानों/क्षेत्रों को चिन्हित कर डीएसपी स्तर के अधिकारी को पर्यवेक्षण अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है, जिनकी सहायता के लिये कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए संबंधित थाना प्रबंधक एवं प्रभारी चौकियों को उनके स्टाफ सहित तैनात रहने के आदेश दिए गये है। इसके अतिरिक्त किसी भी विषम परिस्थिती से निपटने के लिए महिला व पुरुष पुलिस रिजर्व का गठन किया गया है।

बलों की तैनाती दंगारोधी साजो सामान के साथ की गई है। जिला कैथल में राष्ट्रीय राजमार्ग या रोड जाम की संभावना के मद्देनजर ट्रैफिक डायवर्सन की भी अलग से व्यवस्था की गई है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके नाका लगाए गए हैं। ये आह्वान के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की संभावना के मध्यनजर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी साथ में की गई है।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्थानों पर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, क्रेन वाहन तथा वाटर कैनन गाडियों को तैनात किया गया है, जिन पर वॉकी-टॉकी सेट सहित विशेष रूप से एक-एक पुलिस कर्मचारी की भी डयूटी लगाई गई है।

किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस की सहायता के लिए उपायुक्त कैथल द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गये हैं। सभी थाना प्रबंधक अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के जिम्मेवार होंगे। सडक के आसपास होटल/ढ़ाबों पर कोई संदिग्ध वाहन खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था भंग करने करने की किसी को भी इजाजत नहीं दी जाएगी, तथा पुलिस आम-जन के जान-माल तथा सर्वजनिक संपत्ती की सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से सतर्क हैं। डयूटी के दौरान पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को हैल्मेट, बॉडी प्रोटैक्टर, कैन-शिल्ड सहित अन्य एंटी राईट एक्यूपमैंट से लैस रहने के निर्देश दिए गये है। शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विशेष नाकों सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मचारी व अधिकारी निरंतर सजगता के साथ कर्तव्यपालन करेंगे। यदि किसी स्थान पर रोड जाम या ब्लॉक किया जाता है तो संबंधित पर्यवेक्षण अधिकारी तथा थाना प्रबंधक डयूटी मजिस्ट्रेट से तालमेल करके धैर्य से मार्ग में आने वाली बाधा को दूर कराएं। इन प्रबंधों का प्राथमिक उद्देश्य सार्वजनिक शांति व व्यवस्था बनाये रखना, किसी भी प्रकार की हिंसा को रोकना, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को बनाये रखना तथा यातायात एंव परिवहन प्रणाली के कामकाज को सुविधाजनक सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशों अनुसार सभी नागरिकों को इन व्यवस्थाओं के बारे में पहले से सूचित किया जा रहा है ताकि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना पहले से ही बनाने अथवा उसमें संशोधन करने में सक्षम हो सकें।

#### आमजन गलत अफवाहों पर ध्यान ना दें : एसपी

**एसपी** ने आमजन से अपील की है कि गलत अफवाहों पर ध्यान ना दें और यदि कोई गलत अफवाह फैलाता है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाये हुये है। इस आह्वान की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होनें अपील की है कि कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करे। कैथल पुलिस आपकी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। जिसके लिए आमजन से केवल आवश्यक कार्य के लिए ही घर से बाहर निकलने की अपील की गई है।

# टिकरी बार्डर पर मृत दो किसानों के घर पहुंचे पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी



### मुख्यमंत्री ने दोनों किसानों के परिजनों को सौंपे नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी रविवार को बठिंडा जिले के गांव मंडी कलां पहुंचे जहां उन्होंने कृषि कानूनों के कारण चल रहे आंदोलन में मारे गए खेत मजदूर सुखपाल सिंह (30) के भाई नत्था सिंह को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा।

विदित हो कि सुखपाल सिंह टिकरी बॉर्डर पर धरने के दौरान बीमार हो गया था। पीजीआई में उपचाराधीन भी रहा था। 31 मार्च को सुखपाल सिंह का निधन हो गया था।

इस कदम के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए नत्था सिंह ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा किए गए ऐलान के अंतर्गत भोग पर परिवार को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई थी। इस राशि को वह अपने खस्ता हाल घर के पुनर्निर्माण पर खर्च कर रहे हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने बठिंडा जिले की रामपुरा तहसील के गांव चौके गुरमेल सिंह को भी नियुक्ति पत्र सौंपा, जिनके अकेले पुत्र जशनप्रीत सिंह की इसी साल दो जनवरी को टिकरी बॉर्डर पर मौत हो गई थी।

पीड़ित परिवार के सदस्यों के साथ जज्बात साझे करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उनको संकट की घड़ी में से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन किसानों और खेत कामगारों ने कठोर कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ाई के दौरान अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण तक कुर्बान कर दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने आयोजित किया योग शिविर



**कैथल।** आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर द्वारा संचालित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग की कैथल इकाई के तत्वावधान में साधकों को आध्यात्मिक पथ पर आरूढ़ रखने के लिए योग, ध्यान तथा गुरु-ज्ञान जैसे दिव्य गुणों से सुसज्जित राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सुदर्शन क्रिया फॉलोअप कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्या अल्पना मित्तल संग प्रतिभागी साधकों द्वारा सम्पूर्ण विश्व-कल्याण के लिए मंगलकामना तीन बार ओम के मंगल गायन के साथ हुआ। फॉलोअप संयोजक डॉक्टर राजेश सीकरी ने बताया कि आचार्या अल्पना मित्तल के पावन सानिध्य में साधकों ने परमपूज्य गुरुदेव रविशंकर की पवित्र वाणी में अद्भुत सुदर्शन क्रिया के पश्चात ध्यान करते हुए परमानन्द एवं दिव्य-ऊर्जा की सुखद अनुभूति अर्जित की। इसके अतिरिक्त परमपूज्य गुरुदेव रविशंकर द्वारा मानव-जीवन के सन्दर्भ में भक्ति के भिन्न-भिन्न आयामों की पांडित्यपूर्ण विवेचना किया जाना आज के आयोजन की दिव्य विशेषता रही। प्रतिभागियों में से राज सिक्का ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि, प्राण ऊर्जा का स्तर बढ़ने से न सिर्फ कार्य क्षमता में वृद्धि हुई है, अपितु शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में भी अद्भुत सुधार महसूस हुआ है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में परमपूज्य गुरुदेव संग प्रतिभागी साधको द्वारा पावन श्लोक असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतं गमय। ओम शान्ति शान्ति शान्तिः के मधुर गायन के माध्यम से प्रार्थना की गई। आज के आयोजन से डॉक्टर शिवा माथुर, अक्षय मित्तल, डेजी बंसल, डॉक्टर सुनीला सीकरी, डॉक्टर राजेश सीकरी, राज सिक्का, चन्द्रप्रकाश शर्मा, प्रणव शर्मा, युधिष्ठिर मित्तल, बल्लभ कुलकर्णी, सोनू, पंकज धवन तथा कमल कान्त गांधी आदि साधक लाभान्वित हुए।

### धूमधाम से मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंति : नीरज



**सिरसा।** श्रीअग्रवाल सभा सिरसा के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें महाराज अग्रसेन की जयंती को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान नीरज बंसल ने की। इस मौके पर नीरज बंसल ने बताया कि महाराजा अग्रसैन की जयंति 7 अक्तूबर को धूमधाम से महाराजा अग्रसेन पार्क में मनाई जाएगी। बंसल ने बताया कि जयंति के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुबह सवा 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। सवा 9 बजे महाराजा अग्रसैन पार्क में हवन यज्ञ किया जाएगा, जिसमें अग्रवाल समाज से जुड़े लोग आहूति डालेंगे। सवा 11 बजे लंगर-भंडारा लगाया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। बंसल ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण समाज की कई महान हस्तियां संसार को छोड़कर चली गई हैं। इन लोगों का समाज के उत्थान में अह्म योगदान रहा है। कोरोना के प्रकोप को देखते हुए ही कार्यक्रम को सूक्ष्म रखा गया है। क्योंकि पूर्व में ढोल नगाड़ों के साथ शोभा यात्रा भी निकाली जाती थी और काफी लंबा कार्यक्रम होता था। इस मौके पर कृष्ण सिंगला, राजेंद्र गनेरीवाला, सुशील बंसल, नवीन केडिया, महासचिव एडवोकेट सुभाष तलवाडि़या, कोषाध्यक्ष यशपाल बंसल, संदीप गर्ग, रितेश लंबोरिया व कीर्ति गर्ग सहित अन्य उपस्थित थे।

### अणुव्रत संप्रदायमुक्त धर्म : साध्वी मंजुप्रभा

**सिरसा।** अणुव्रत अनुशास्ता महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमण जी की विदूषी शिष्या शासनश्री साध्वी मंजुप्रभा के पावन सान्निध्य में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का प्रथम दिन सांप्रदायिक सौहार्द दिवस तेरापंथ भवन में अणुव्रत समिति के तत्वावधान में मनाया गया जिसमें शासनश्री साध्वी मंजुप्रभा जी ने समस्त जनमेदनी को प्रेरित करते हुए कहा कि अणुव्रत एक असंप्रदायिक मानव धर्म है। संप्रदाय अनेक हो सकते हैं, पर धर्म सभी का एक ही है वह है मानव धर्म। हमें सभी संप्रदायों के साथ मैत्री, एकता, सामंजस्य का सम्भाव होना चाहिए। प्रत्येक धर्म अपने आप में स्वतंत्र है। अणुव्रत एक ऐसी सूई है जो सभी को जोडने् का काम करता है। अणुव्रत एक वर्ण, जाति, रंग, संप्रदायमुक्त धर्म है जो अनेकांतवाद पर श्रद्धा रखता है। हिंदु, मुस्लिम, सिख इसाई सभी हैं भारतीय भाई भाई। जो भी सत्य, नैतिकता, अहिंसा, सौहार्द में भरोसा रखता है वह अणुव्रती बन सकता है। इस पावन अवसर पर उन्होंने अधिकाधिक भाई बहनों को अणुव्रती बनने की भी प्रेरणा दी। आज के दिन साध्वी गुरुयशा जी ने सांप्रदायिक सौहार्द पर कहा विभिन्नता में एकता, यही मानव संस्कृति का प्राणतत्व है। अणुव्रत के प्रवर्त्तक आचार्य तुलसी ने अणुव्रत का जो अवदान दिया और लोगों को सांप्रदायिक सद्भाव एवं धार्मिक सहिष्णुता की तरफ मोड़ा।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिल पति को उतारा मौत के घाट

### कमरे में मिट्टी के नीचे दबा मिला आरोपी के पति का शव

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



**गांव** अमीन में पत्नी ने प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। किसी को शक न हो इसके लिए पति को घर के एक कमरे में कोने में बैठा कर उस पर मिट्टी डाल दी। आरोपितों पूरे कमरे को मिट्टी से भर दिया।

रविवार को पुलिस ने जब शव को बाहर निकाला तो वह कंकाल बना हुआ था। माना जा रहा है कि उसकी हत्या करीब एक माह पहले कर मिट्टी में दबाया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका प्रेमी अभी फरार है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव का पोस्टमार्टम करनाल के कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में होगा। गांव अमीन निवासी मुरारी ने 22 सितंबर को केयूके थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका बहनोई नई दिल्ली के आजादपुर निवासी फारूख पिपली चार साल से गांव अमीन में मकान बना कर रह रहा था। उसकी बहन की मौत के बाद उसने दिल्ली निवासी शबनम से दूसरी शादी की थी। उसके बहनोई के पास एक पांच वर्षीय बेटी व तीन वर्षीय बेटा है। मुरारी ने शिकायत में बताया कि करीब 20 दिन पहले फारूख अपनी पत्नी शबनम, बेटी-बेटे के साथ कहीं चला गया। उसे लगा कि वह दिल्ली में अपने घर गया होगा, वहां पता किया तो फारूख वहां नहीं था। शुक्रवार को शबनम दिल्ली स्थित फारूख के मकान का किराया लेने के लिए दिल्ली के आजादपुर में गई थी। दोनों बच्चे भी उसके साथ थे। जिन्हें देख कर किरायेदारों को शक हुआ। उन्हें फारूख व शबनम के लापता होने की पहले से सूचना थी। उन्होंने इस बारे में मुरारी को बताया। जिस पर मुरारी ने उन्हें दिल्ली पुलिस को सूचित करने के लिए कहा। केयूके थाना पुलिस आरोपित को दिल्ली से कुरुक्षेत्र लेकर आई। गहन पूछताछ में शबनम ने स्वीकार किया कि उसने अपने प्रेमी दिल्ली के लाल बाग निवासी हितंश कुमार उर्फ राज के साथ मिलकर फारूख को मौत के घाट उतार दिया।

### गीता श्लोकों से जीओ गीता परिवार ने किया हवन यज्ञ

**सिरसा।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की पावन प्रेरणा से जीओ गीता परिवार सिरसा द्वारा ऑटो मार्केट रोड स्थित पुरूषोत्तम गर्ग के निवास पर हवन यज्ञ किया गया।

इस अवसर पर जीओ गीता परिवार के प्रमुख लेखराज सचदेवा ने कहा कि हवन यज्ञ करने से न केवल भगवान खुश होते है अपितु घर व प्रतिष्ठान में अशुद्धियों का भी शुद्धिकरण होता है। गीता के श्लोकों से हवन यज्ञ किया गया जिसका विशेष महत्त्व होता है। यह यज्ञ जीओ गीता परिवार द्वारा निःशुल्क करवाया जाता है जिसने भी करवाना हो, वह किसी भी सदस्य से संपर्क कर बुक करवा सकता है। उपस्थितजनों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली व आरती की। इस मौके पर संदीप मेहता, परविंद्र ठठई, मनोज सचदेवा आदि मौजूद रहे।

# चौदह वैक्सीन शिविरों में छह हजार लोगों को लगवाई वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**कोरोना** महामारी से बचाव के लिए सरकार द्वारा देश की जनता को मुफ्त वैक्सीन लगाने को लेकर लोगों में वैक्सीन लगवाने के लिए काफी जागरूक देखा जा रहा है।

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वैक्सीन लक्ष्य को पूरा करने में धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने अहम भूमिका निभाई है। उसी कड़ी में कैथल में प्रताप गेट स्थित सावन कृपाल रूहानी मिशन कृपाल आश्रम के सेवादारों द्वारा मानवता की सेवा के उदेश्य को अपनाते हुए कृपाल आश्रम में 14 वैक्सीन शिविरों का आयोजन करवाया। जिसमें लगभग छह हजार वैक्सीन लगाई गई। कृपाल आश्रम के अध्यक्ष कृष्ण लाल आहूजा ने कहा कि कृपाल आश्रम के सभी सेवादार मानवता की सेवा के लिए जी जान से सेवा करते है। कृपाल आश्रम के उपाध्यक्ष गुलशन नंदा ने कहा कि सावन कृपाल रूहानी मिशन का मुख्य उदेश्य ही मानवता की सेवा करना है। कृपाल आश्रण द्वारा आयोजित सभी वैक्सीन शिविरों में प्रमुख सेवादार राममदान, अशोक भारती, रूप लाल गंभीर, बीडी चावला, राज कुकरेजा, हरीश टागरा, चुनी लाल, नितिन दुआ, बंटी, मोहित को आश्रम से अन्य सेवादारों के साथ वैक्सीन शिविरों में बड़े उत्साह से समर्पण सेवा करते देखा गया। कृपाल आश्रम में इस सप्ताह में लगातार पांच दिन वैक्सीन शिविर लगाए गए। सभी शिविरों में वैक्सीन लगवाने वाले पुरुष और महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया।

# देश को आर्थिक गुलामी से बचाने के लिए किसानों का साथ दें लोग : लक्ष्मीकांत शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**देश** को आर्थिक गुलामी से बचाने तथा अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए हर व्यक्ति को किसान का साथ देना चाहिए। यह शब्द हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता तथा कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी कांत शर्मा ने किसान आंदोलन के दस महीने पूरे होने पर कहे।

उन्होंने कहा कि पिछले दस महीने से भयंकर सर्दी, गर्मी, बरसात और तूफान के बीच देश का अन्नदाता ना केवल राजधानी के बॉर्डर पर डटा है बल्कि देश के हर हिस्से में आंदोलनरत होकर आने वाली पीढ़ियों को चन्द उद्योगपतियों की गुलामी से बचाने की लडाई लड़ रहा है। किसान केवल खुद के लिए नही बल्कि देश के हर नागरिक के लिए लड़ रहा है ऐसे में हर भारतीय का फर्ज बनता है कि वो इस आंदोलन में किसान का साथ दें। कांग्रेस नेता ने कहा कि संघ से जुड़े लोग पहले अंग्रेजों के लिए काम करते थे। इसीलिए वो देश की आजादी के खिलाफ थे।

### शिविर में 218 नेत्र रोगियों की हुई जांच

**ऐलनाबाद।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल संगठन की ओर से शनिवार को गांव मिठीसुरेरां में निशुल्क नेत्र जांच कैंप आयोजित किया गया जिसमें 218 नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच कर उन्हें उपचार विधि दी गई।

संगठन के अध्यक्ष अंजनी लढ़ा व भजनलाल गर्ग के नेतृत्व में आयोजित इस नेत्र जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद सैनी व उनकी टीम ने नेत्र रोगियों की बारीकी से जांच की और उन्हें आंखों की उचित देखभाल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अग्रवाल संगठन की ओर से लोगों के हित के लिए किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अध्यक्ष अंजनी लढ़ा ने बताया कि उनके संगठन की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में नेत्र जांच शिविर लगेगा।

# सरकार अधिकार देने की बजाए लाठियों से दबा रही आवाज : विधायक रावदान

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**महेन्द्रगढ़** से कांग्रेस विधायक रावदान सिंह का भिवानी में पहुंचने पर इंटक के जिला प्रधान प्रधान ईश्वर शर्मा समेत कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक रावदान सिंह ने कहा कि मौजूदा केन्द्र की भाजपा व प्रदेश की गठबंधन सरकार से हर वर्ग परेशान हो चुका है। अब हर वर्ग अपने अधिकारों व मांगों को लेकर सड़कों पर धरना प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन यह सरकार उनके अधिकार देने की बजाए लाठियों के दम पर उनकी आवाज को दबाने का काम कर रही है। विधायक ने कहा कि भाजपा द्वारा लाए गए तीन काले कानूनों के कारण प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश का किसान, मजदूर व व्यापारी वर्ग पिछले लगभग 10 महीनों से आंदोलन कर रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण ही आज महंगाई बढ़ती जा रही है। गैस, पेट्रोल व डीजल के दाम आसमान को छू रहे हैं। बढ़ते गैस व तेल के दामों के कारण घर का बजट बिगड़ चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण ही प्रदेश के लाखों युवा बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा व प्रदेश की गठबंधन सरकार ने चुनाव से पहले जनता के साथ जो वायदे किए थे। वे उन वायदों को लागू करने में पूर्ण रूप से असमर्थ साबित हुई है।

# आईएएस की 51वीं रैंकर निशा ग्रेवाल को दी बधाई डुडेजा दम्पति ने



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**देश** के मानचित्र पर भिवानी का नाम रोशन करने वाली समीपी गांव बामला की बेटी निशा ग्रेवाल का आईएएस की परीक्षा में 51वां रैंक पर आने पर भाजपा के स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पार्षद हर्षदीप डुडेजा अपनी पत्नी सुमिता बजाज डुडेजा के साथ गांव पहुंच कर बेटी को बधाई दी। उनके परिवार को शुभ कामनाएं दी।

पार्षद हर्षदीप डुडेजा ने कहा कि आईएएस की परीक्षा देश की सबसे कठिन समझी जाने वाली परीक्षाओं में से एक है। उसमें 51वां रैंक हासिल करना निशा ग्रेवाल की मेहनत और काम के प्रति लग्न को दर्शाता है। साधारण किसान परिवार में जन्मी और पली निशा की पूरी पृष्ठभूमि ग्रामीण है। इन हालातों में इतना उच्च स्थान पाकर यह साबित कर दिया है कि प्रतिभाएं केवल महानगरों में ही नहीं रहती।

### आगे बढ़ने की जिद्द करने वाली लड़कियों के लिए प्रेरणा बनी निशा : सुमिता

भाजपा नेत्री सुमिता बजाज डुडेजा ने कहा कि भिवानी की शान निशा ग्रेवाल से उनका पुराना सम्बंध रहा है। प्रारम्भ से ही वो शालिन और प्रखर बुद्धि की लड़की रही है। अब आईएएस की परीक्षा में उच्च स्थान पाकर उन्होंने यह साबित कर दिया। निशा ग्रेवाल आगे बढ़ने की जिद्द रखने वाली लड़कियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। इस मौके पर उनके साथ भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय दुआ, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोक्ष कक्कड़, सन्नी सिंह भी थे।

# बंद के दौरान हथकंडा अपनाया तो सरकार को भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

### संयुक्त किसान मोर्चे ने दी सरकार और प्रशासन को सरेआम चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



**यदि** कल 27 सितंबर को बंद के दौरान सरकार या प्रशासन ने कोई ओच्छा हथकंडा या दमन की कार्यवाही की तो प्रदेश की खट्टर सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। यह चेतावनी जिला संयुक्त किसान मोर्चे की कोर कमेटी के नेता भरत सिंह बैनीवाल, ओम प्रकाश ढांडा, ईशम सिंह गुज्जर, राधा कृष्ण शर्मा खुराना व पूर्व मैनेजर सतपाल आंनद ने संयुक्त किसान मोर्चे की बैठक को संबोधित करते हुए सरकार को दी।

बैठक जवाहर पार्क कैथल में डा अश्वनी कुमार हत्वाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कैथल में पूर्णतया चक्का जाम व बाजार बंद करने की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि कैथल शहर में अनाज मंडी, सब्जी मंडी, मियां मंडी, जनता मार्केट, नरवानियां बिल्डिंग, कपड़ा मार्किट, सर्राफा बाजार, लोहा मंडी, लक्कड मंडी, छात्रावास रोड, जींद रोड, करनाल रोड, कुरुक्षेत्र रोड, अंबाला रोड, सीवन रोड, गढी पाडला रोड, बाबा लदाना रोड व खुराना रोडों पर सभी दुकानें, प्राईवेट व्यवसाय, रेहडी, फडी, मैडिकल स्टोर, ट्रांसपोर्ट व स्कूल, कालेज प्राइवेट पूर्णतया बंद रहेंगे। सभी सामाजिक व व्यावसायिक संगठनों ने बंद में शमिल होने का ऐलान किया है और जिला संयुक्त किसान मोर्चे ने पूरे कैथल शहर वासियों, सभी वर्गों, छात्रों कर्मचारियों, गरीब मजदूर, किसानों, छोटे दुकानदारों व छोटे व्यापारियों से अपील की है कि, कल के कैथल बंद में सभी सहयोग व समर्थन दें।

**प्रातः** 6 बजे कल छोटू राम चौक पर पहले जाम लगाया जाएगा। एक टीम वहां रहेगी, उसके बाद 9 बजे जवाहर पार्क में सभा की जाएगी। सभा के बाद साढे 10 बजे पूरे शहर में सहयोग और समर्थन के लिए भाजपा सरकार के तीनों काले कृषि कानूनों व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया जाएगा। बैठक के बाद संयुक्त किसान मोर्चे की कमेटी स्वर्गीय सत्यवान दंपित्त आढ़ती के घर शोक जताने पहुंची। परिवार को सांत्वना दी। हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बैठक को जय प्रकाश शास्त्री, मास्टर रामकला बालू, कामरेड प्रेम चंद, रामफल भानपुरा, कृष्ण शेरगढ, ओमप्रकाश देवीगढ, महेन्द्र गुज्जर, रामपाल चहल नरड ने भी संबोधित किया।

### शहीद हुए किसानों को आज नेशनल हाइवे पर श्रद्धाजंलि दी गई

**सिरसा।** कृषि कानूनों को रद्द करवाने के लिए 10 महीनों से चल रहे किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को आज नेशनल हाइवे पंजुआना किसान लंगर स्थल पर श्रद्धाजंलि दी गई।

पंजुआना में संचालित लंगर में सतनाम वाहेगुरु नाम का जाप कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर भारतीय किसान एकता के प्रदेशाध्यक्ष लखविंद्र सिंह ने कहा कि दिल्ली की सरहदों पर कृषि कानूनों की लडाई को आज 10 महीने पूरे हो गए है। इस लडाई में हमारे सैंकड़ों किसान शहीद हो गए। आज पंजुआना में शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी गई।

# कैंसर के 6.10 लाख मामलों में से बचपन में होने वाले कैंसर की संख्या 7.9 प्रतिशत

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) के तहत 2012 से 2019 के बीच सामने आए और विश्लेषण किए गए कैंसर के 6.10 लाख मामलों में से 52.4 प्रतिशत पुरुषों में और 47.6 प्रतिशत महिलाओं में दर्ज किए गए। क्लीनिकोपैथोलॉजिकल प्रोफाइल ऑफ कैंसर्स इन इंडिया: ए रिपोर्ट ऑफ हॉस्पिटल बेस्ड कैंसर रजिस्ट्रीज, 2021 के अनुसार बचपन (0-14 वर्ष) में होने वाले कैंसर के मामलों की संख्या सभी कैंसर की 7.9 प्रतिशत थी।

तंबाकू के उपयोग से जुड़े कैंसर के मामलों में से पुरुषों में 48.7 प्रतिशत और महिलाओं में 16.5 प्रतिशत शामिल हैं। 2012-19 के दौरान एनसीआरपी के तहत 96 अस्पतालों से कैंसर के कुल 13,32,207 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 6,10,084 मामलों को डेटा की पूर्णता और गुणवत्ता के आधार पर विश्लेषण के लिए शामिल किया गया था। रिपोर्ट भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, बेंगलुरु द्वारा तैयार की गई। रिपोर्ट के अनुसार, पुरुषों में होने वाले कैंसर में से लगभग एक तिहाई (31.2 प्रतिशत) कैंसर सिर और गर्दन के हैं। महिलाओं में होने वाले सभी कैंसर में से आधे से अधिक स्तन कैंसर (51 प्रतिशत) सहित स्त्री रोग संबंधी कैंसर हैं।

रिपोर्ट एनसीआरपी के तहत 96 अस्पताल आधारित कैंसर रजिस्ट्रियों एचबीसीआर से कैंसर के मामलों के सात साल के आंकड़ों पर आधारित है। कैंसर की रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों में कैंसर की निगरानी एक अनिवार्य हिस्सा है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने जनसंख्या और अस्पताल आधारित कैंसर रजिस्ट्रियों (पीबीसीआर और एचबीसीआर) के नेटवर्क के माध्यम से 1981 में राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) शुरू किया था।

# नमामि गंगे की 50 प्रतिशत परियोजनाओं पर ही काम पूरा हुआ

**दीपक रंजन।** नई दिल्ली



**गंगा** नदी की स्वच्छता के लिए शुरू किए गए नमामि गंगे अभियान के तहत पिछले छह साल में मंजूर की गईं 347 परियोजनाओं में से करीब 50 प्रतिशत पर ही काम पूरा हो पाया है। वहीं, इस अवधि में संबंधित अभियान के तहत 11,842 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जो स्वीकृत धनराशि का 40 प्रतिशत है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) से प्राप्त 31 अगस्त 2021 तक परियोजनाओं के प्रगति संबंधी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

इस बारे में मिशन के महानिदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने एजेंसी से कहा, इन परियोजनाओं का बड़ा हिस्सा परिचालन एवं रखरखाव से संबंधित है जिसके लिए 15 साल का अनुबंध है। ऐसे में रखरखाव का कार्य 15 साल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें जलमल संबंधी आधारभूत ढांचे के तहत 24 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं, जिसमें एक बड़ा हिस्सा रखरखाव से संबंधित है। मिश्रा ने कहा, हमें यह समझना होगा कि यह राशि पांच वर्ष में खर्च नहीं होगी तथा धीरे-धीरे निर्माण का खर्च कम होता जाएगा और रखरखाव का खर्च बढ़ेगा।


### 13 मई 2015 को शुरू हुई थी परियोजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 13 मई 2015 को गंगा नदी और इसकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिए नमामि गंगे परियोजना को मंजूरी दी थी। परियोजना के तहत जलमल आधारभूत ढांचे से जुड़े कार्यों के लिए 24,136 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। इसके तहत मंजूर 158 परियोजनाओं में से 68 पूरी हो गई हैं, जबकि 69 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इसमें 18 परियोजनाओं पर निविदा की प्रक्रिया चल रही है। एनएमसीजी की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, जलमल संबंधी परियोजनाओं पर अब तक 8,832 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

एनएमसीजी के आंकड़ों के अनुसार, 31 अगस्त 2021 तक गंगा की स्वच्छता एवं निर्मलता से जुड़ी 347 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और 30,255 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। मिशन के अनुसार, अगस्त माह तक 167 परियोजनाओं पर काम पूरा हो गया है, 145 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है तथा 28 परियोजनाओं पर निविदा की प्रक्रिया चल रही है। परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक मंजूर 30,255 करोड़ रुपये में से 11,842 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इस प्रकार, मंजूर धनराशि का 40 प्रतिशत खर्च हुआ है और करीब 50 प्रतिशत परियोजनाओं पर ही काम ही पूरा किया जा सका है।

# कोविड-19 रोधी टीकाकरण के सुरक्षा चक्र से कोई छूटे नहीं: मोदी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**पर्व** और त्योहारों के मौसम से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से कोविड-19 से बचाव के सभी उपायों का पालन करने का आग्रह किया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि टीकाकरण अभियान में कोई भी पीछे न छूटे। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की ताजा कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल लेनदेन से देश की अर्थव्यवस्था में स्वच्छता और पारदर्शिता आ रही है तथा इसके कारण भ्रष्टाचार जैसी रुकावटों में बहुत कमी आई है।

प्रधानमंत्री ने नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने, स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने और खादी तथा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय त्योहारों का है और पूरा देश असत्य पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की विजय का पर्व भी मनाने वाला है, लेकिन इस उत्सव में देशवासियों को एक और लड़ाई के बारे में याद रखना है तथा वह है कोरोना से लड़ाई। उन्होंने कहा, टीम इंडिया इस लड़ाई में रोज नए रिकॉर्ड बना रही है। टीकाकरण में देश ने कई ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है और इस लड़ाई में हर भारतवासी की अहम भूमिका है। मोदी ने कहा, हमें अपनी बारी आने पर टीका तो लगवाना ही है, पर इस बात का भी ध्यान रखना है कि कोई इस सुरक्षा चक्र से छूट न जाए। उन्होंने लोगों से कहा कि आस-पास के जिन लोगों ने टीके नहीं लगवाए हैं, उन्हें भी टीकाकरण केंद्र तक ले जाकर टीका लगवाना सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीका लगने के बाद भी जरूरी दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि इस लड़ाई में एक बार फिर टीम इंडिया अपना परचम लहराएगी।

### अमेरिका में 65 घंटे के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने बैठकें कीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा में लगातार कई बैठकें कीं। सरकारी सूत्रों ने रविवार को बताया कि मोदी करीब 65 घंटे अमेरिका में रहे और इस दौरान वह 20 बैठकों में शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि अमेरिका जाते वक्त और वहां से लौटते वक्त भी प्रधानमंत्री ने विमान में अधिकारियों के साथ चार लंबी बैठकें कीं। इनकी जानकारी देते हुए सूत्रों ने बताया कि बुधवार को अमेरिका जाते वक्त मोदी ने विमान में दो बैठकें की और वहां पहुंचने के बाद होटल में तीन बैठकें कीं। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को प्रधानमंत्री ने विभिन्न सीईओ के साथ पांच बैठकें कीं और फिर अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात की। उन्होंने अपने जापानी समकक्ष योशिहिदे सुगा और ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरिसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री ने तीन आंतरिक बैठकों की भी अध्यक्षता की। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने अगले दिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की और फिर क्वाड के शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। 24 सितंबर को उन्होंने चार आंतरिक बैठकें भी कीं।

### डिजिटल लेनदेन से देश की अर्थव्यवस्था में स्वच्छता, पारदर्शिता आ रही है

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह घर-घर शौचालय निर्माण की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ने गरीबों की गरिमा बढ़ाई, वैसे ही आर्थिक स्वच्छता गरीबों के अधिकार सुनिश्चित करती है, उनका जीवन आसान बनाती है। मोदी ने कहा कि जन-धन खातों के अभियान की वजह से आज गरीबों के हक का पैसा सीधा उनके खाते में जा रहा है, जिसके कारण भ्रष्टाचार जैसी रुकावटों में बहुत अधिक कमी आई है। डिजिटल लेनदेन के बढ़ते प्रचलन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक स्वच्छता में प्रौद्योगिकी बहुत मदद कर सकती है। उन्होंने कहा, पिछले अगस्त महीने में यूपीआई से 355 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। आज औसतन छह लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का डिजिटल भुगतान यूपीआई से हो रहा है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में स्वच्छता और पारदर्शिता आ रही है।

स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वाधीनता के सपने के साथ जोड़ दिया था, उसी प्रकार इतने दशकों बाद स्वच्छता आंदोलन ने एक बार फिर देश को नए भारत के सपने के साथ जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अभियान साल-दो साल या एक सरकार-दूसरी सरकार का विषय नहीं है, बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी स्वच्छता के संबंध में सजगता से लगातार बिना थके-बिना रुके बड़ी श्रद्धा के साथ जुड़े रहना है और स्वच्छता के अभियान को चलाए रखना है। मोदी ने कहा, स्वच्छता महात्मा गांधी को इस देश की बहुत बड़ी श्रद्धांजलि है और यह श्रद्धांजलि हमें हर बार देते रहना है, लगातार देते रहना है। प्रधानमंत्री ने विश्व नदी दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि नदियां सिर्फ भौतिक वस्तु नहीं हैं, बल्कि वे एक जीवंत इकाई हैं और इसलिए भारतवासी नदियों को मां कहते हैं।

# 470 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.37 लाख करोड़ बढ़ी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 470 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.37 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की अगस्त, 2021 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,718 परियोजनाओं में से 470 की लागत बढ़ी है, जबकि 560 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, इन 1,718 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,99,181.52 करोड़ रुपये थी, जिसके बढ़कर 26,36,710.50 करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 19.90 प्रतिशत या 4,37,528.98 करोड़ रुपये बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2021 तक इन परियोजनाओं पर 12,52,298.40 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 47.49 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 373 पर आ जाएगी।

रिपोर्ट में 871 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 560 परियोजनाओं में 96 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने की, 128 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 210 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 126 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी में चल रही हैं। इन 560 परियोजनाओं की देरी का औसत 46.94 महीने है।

इन परियोजनाओं की देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख हैं।

# इंडिया आइडियाज समिट 2021 सुधार से पुनरुत्थान पर केंद्रित होगा

**वाशिंगटन।** इंडिया आइडियाज समिट 2021 के आयोजकों का कहना है कि शिखर सम्मेलन महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार के जरिए पुनरुत्थान पर केंद्रित होगा और इसमें अमेरिका और भारत से कई शीर्ष नेता शामिल होंगे। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और जलवायु संबंधी मामलों के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के शीर्ष वक्ताओं में शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने मनमोहन सिंह को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की। राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में से एक सिंह रविवार को 89 साल के हो गए। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को जन्मदिन की बधाइयां। मैं उनके बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि 1990 के दशक में आमूलचूल आर्थिक सुधार के प्रणेता कहे जाने वाले मशहूर अर्थशास्त्री सिंह 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे।

### सैम चौथी श्रेणी के तूफान में तब्दील

**मियामी।** अटलांटिक महासागर में सैम तूफान शनिवार को चौथी श्रेणी के तूफान में तब्दील हो गया। यह जमीन से अभी काफी दूर है। तूफान के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। यह शनिवार रात को कैरिबियाई सागर में उत्तरी लीवार्ड द्वीप से करीब 1,595 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में था। यह पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। मियामी में अमेरिका के राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने कहा कि सैम के कारण 230 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सैम रविवार सुबह तक मजबूत हो सकता है और उसके प्रभाव से 240 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि तूफान से अगले हफ्ते की शुरुआत में लेसर एंटिलिस के तट पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। इस बीच, उपोष्णीय तूफान टेरेसा शनिवार को कमजोर पड़ गया।

### राजस्थान की सोजत मेहंदी को जीआई का दर्जा मिला

**नई दिल्ली।** राजस्थान की सोजत मेहंदी को सरकार से भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा मिला है। जीआई दर्जा उत्पाद के निर्माताओं को उच्च मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है और कोई अन्य निर्माता अपने उत्पादों के विपणन के लिए इस नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकता। राजस्थान के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव मुग्धा सिन्हा ने एजेंसी से बातचीत में कहा, सोजत मेहंदी के लिए जीआई का दर्जा किसानों, एमएसएमई उद्योग, कारीगरों और उपभोक्ताओं के लिए समान रूप से फायदे की बात है। हम इसके हर्बल कॉस्मेटिक और औषधीय उपयोगों को देखते हुए इसका निर्यात बढ़ाने के लिए इसका लाभ उठा सकते हैं। एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले कृषि, प्राकृतिक या निर्मित उत्पाद (हस्तशिल्प और औद्योगिक सामान) के लिए एक जीआई दर्जे का उपयोग किया जाता है। आमतौर पर यह दर्जा नाम, गुणवत्ता और विशिष्टता का आश्वासन देता है, जो मुख्य रूप से इसके मूल स्थान के कारण होता है। दार्जिलिंग की चाय, तिरुपति लड्डू, कांगड़ा पेंटिंग, नागपुर का संतरा और कश्मीर पश्मीना भारत में पंजीकृत जीआई उत्पादों में से हैं।

### कनाडा ने भारत से सीधी उड़ानों पर रोक हटाई

**टोरंटो।** कनाडा ने भारत से सीधी उड़ानों पर रोक हटाने की घोषणा की है। कनाडा सोमवार से भारत से सीधी उड़ानों की अनुमति देगा। करीब पांच माह बाद कनाडा ने यह रोक हटाई है। इस फैसले की घोषणा करते हुए ट्रांसपोर्ट कनाडा ने शनिवार को ट्वीट किया, 27 सितंबर से 00:01 ईडीटी से भारत से सीधी उड़ानें कनाडा में उतर सकेंगी। इसके लिए अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय लागू किए जाएंगे। ट्रांसपोर्ट कनाडा ने कहा कि यात्रियों के पास दिल्ली हवाईअड्डे की मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से कोविड-19 की नेगेटिव रिपोर्ट होनी चाहिए। यह रिपोर्ट कनाडा के लिए सीधी उड़ान से कम से कम 18 घंटे के अंदर की होनी चाहिए। अप्रैल में कनाडा ने भारत से और भारत के लिए सभी सीधी उड़ानों पर रोक लगा दी थी। भारत से सीधी उड़ानों को अनुमति देने की तारीख में कई बार बदलाव किया गया। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच हवाई संपर्क को सामान्य करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

### आईआईएम ने फिनटेक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस शुरू किया

**उदयपुर।** उदयपुर के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) ने वित्तीय तंत्र को मजबूती देने के लिए फिनटेक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस शुरू किया है। संस्थान के फिनटेक और सेंटर फॉर डिजिटल एंटरप्राइज के प्रभारी डॉ. वाई शेखर ने बताया कि यह पहल उद्योग जगत के व्यवसायियों, बाजार नियामकों, उद्यमियों, उद्यम पूंजीपतियों, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को तेजी से उभरते और बदलाव वाले वित्तीय कार्यक्षेत्र के लिए नए ज्ञान, प्रथाओं, और ढांचे को विकसित करने के लिए एक साथ लाएगी। उन्होंने कहा कि फिनटेक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस से डिजिटल क्षेत्र में संस्थान को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# प्रमुख संकेतक अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार का संकेत दे रहे हैं: भानुमूर्ति

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**जाने-माने** अर्थशास्त्री एन आर भानुमूर्ति ने रविवार को कहा कि प्रमुख संकेतक बता रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था सुधार के रास्ते पर है और स्पष्ट रूप से कोविड-19 महामारी के बाद संकट के बादल छंटने लगे हैं। बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स (बीएएसई) के कुलपति भानुमूर्ति ने आगे कहा कि आर्थिक सुधार की सीमा के लिहाज से महामारी से पहले के स्तर पर वापस आने में एक और साल लग सकता है।


उन्होंने एजेंसी को एक साक्षात्कार में बताया, कुछ प्रमुख संकेतकों के हालिया रुझानों के अनुसार स्पष्ट रूप से सकारात्मक संकेत हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी के बाद संकट के बादलों से बाहर निकल रही है। भानुमूर्ति ने बताया कि एक प्रमुख संकेतक जिस पर विचार किया जा सकता है, वह है मजबूत सरकारी राजस्व संग्रह। यह बजट अनुमान से अधिक है, जो वृद्धि में सुधार की उम्मीद जगाता है। प्रख्यात अर्थशास्त्री के अनुसार भारत में आर्थिक सुधार का आधार व्यापक है, हालांकि सेवा क्षेत्र के कुछ घटक अभी भी आपूर्ति-पक्ष के व्यवधानों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन यह स्थिति महामारी की दूसरी लहर के कारण भी हो सकती है, जिसने आर्थिक सुधार को बाधित किया। भारत इस साल दुनिया में सबसे तेज वृद्धि दर हासिल करने की राह पर है।

# किसानों के भारत बंद का बसपा का समर्थन: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार से इन कानूनों को वापस लेने की मांग की है। बसपा प्रमुख ने रविवार को ट्वीट किया, केन्द्र द्वारा जल्दबाजी में बनाए गए तीन कृषि कानूनों से असहमत और दुखी देश के किसान इनकी वापसी की मांग को लेकर लगभग 10 महीने से पूरे देश व खासकर दिल्ली के आसपास के राज्यों में आंदोलन कर रहे हैं और उन्होंने सोमवार को भारत बंद का आह्वान किया है जिसके शांतिपूर्ण आयोजन को बसपा का समर्थन।

# शाह ने मुख्यमंत्रियों के साथ नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**एजेंसी।** नई दिल्ली



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छह मुख्यमंत्रियों और चार राज्यों के शीर्ष अधिकारियों के साथ नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा स्थिति और विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन की रविवार को समीक्षा की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाग लिया। बैठक के लिए पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और केरल के मुख्यमंत्रियों को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन इन चार राज्यों का प्रतिनिधित्व राज्य के किसी मंत्री या शीर्ष अधिकारियों ने किया। सूत्रों ने बताया कि गृहमंत्री ने मुख्यमंत्रियों और अधिकारियों के साथ मिलकर नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा स्थिति और माओवादियों के खिलाफ चल रहे अभियानों तथा विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। शाह ने इन राज्यों की जरूरतों, उग्रवादियों से निपटने के लिए तैनात बलों की संख्या, नक्सल प्रभावित इलाकों में किए जा रहे सड़कों, पुलों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण जैसे विकास कार्यों का जायजा लिया। ओडिशा के मुख्यमंत्री पटनायक ने कहा कि उनके राज्य में माओवादी समस्या केवल तीन जिलों तक सिमट कर रह गई है। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि इसे और कम करने के लिए क्या किया जाना चाहिए।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, गिरिराज सिंह, अर्जुन मुंडा और नित्यानंद राय भी बैठक में शामिल हुए।

# चन्नी को मुख्यमंत्री बनाने से दलित राजनीति फिर से राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आई: संजय

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने पंजाब के नए मुख्यमंत्री के रूप में दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी का नाम तय कर सबको चौंका दिया। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के इस फैसले ने आइडेंटिटी पॉलिटिक्स (पहचान की राजनीति) को देश के राजनीतिक विमर्श के केंद्र में ला दिया है। राजनीति के इन्हीं पहलुओं पर सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के निदेशक संजय कुमार से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब।

***सवाल: पंजाब में दलित समुदाय के चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाए जाने का फैसला कांग्रेस का मास्टरस्ट्रोक या देशव्यापी जातिगत लामबंदी का प्रयास, आप क्या कहेंगे?***

**जवाब:** चन्नी को मुख्यमंत्री बनाए जाने को मास्टरस्ट्रोक इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि वह दलित सिख समुदाय से आते हैं और पंजाब में दलित मतदाताओं की तादाद तकरीबन 32 प्रतिशत है। पंजाब में दलित मतदाताओं की संख्या को देखते हुए सभी पार्टियां उन्हें लुभाने में लगी हैं। आम आदमी पार्टी ने तो घोषणा कर दी है कि यदि वह सत्ता में आती है, तो दलित को उपमुख्यमंत्री बनाएगी। शिरोमणि अकाली दल ने दलितों को अपने खेमे में करने के लिए बहुजन समाज पार्टी से गठबंधन किया है। ऐसी स्थिति में जब दोनों पार्टियां अपनी-अपनी चाल चल रही थीं तो कांग्रेस ने एक दलित को मुख्यमंत्री बनाकर उनकी चाल की धार ही कुंद करने का प्रयास किया है। अब यह मास्टरस्ट्रोक साबित होगा या नहीं, यह देखने की बात है, लेकिन पंजाब में जिस तरह से कांग्रेस में अंतर्कलह मची है, उस स्थिति में कांग्रेस ने सर्वश्रेष्ठ कदम तो जरूर उठाया है।

***सवाल: अगले साल की शुरुआत में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव हैं, क्या कांग्रेस के इस कदम का देश की राजनीति पर भी कोई असर देखते हैं आप?***

**जवाब:** इससे दलित राजनीति जरूर फिर से राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आ गई है, लेकिन यह मानना सही नहीं होगा कि दलित मुख्यमंत्री बनाने से दलित कांग्रेस को वोट करने लगेंगे। मैं नहीं मानता कि ऐसी कोई चीज होने वाली है। पंजाब में तो दलित वोट पहले से ही कांग्रेस को मिलता रहा है। यह कोई नई बात नहीं होगी। इसका असर, अन्य चुनावी राज्यों में होगा, इसकी संभावना मुझे दिखाई नहीं देती।

***सवाल: जाति के आधार पर बड़े पदों पर बैठाकर जातीय ध्रुवीकरण करने की कोशिश कोई नई बात नहीं है, लेकिन क्या ऐसे कदमों से उस जाति का भला होता है?***

**जवाब:** ऐसी नियुक्तियां सांकेतिक होती हैं। अलग-अलग जातियों के मतदाताओं को लुभाने के लिए पार्टियां प्राय: यह काम करती हैं। जहां वे सत्ता में होती हैं, वहां सरकार में बड़े पदों पर बिठाती हैं



और जहां सत्ता में नहीं होतीं तो वहां संगठन में बड़े पदों पर जाति विशेष के लोगों को बिठाकर एक संदेश देती हैं। हालांकि ऐसे कदमों से उस जाति विशेष का कोई फायदा होते नहीं दिखता है। राजनीतिक दलों को जरूर फायदा हो जाता है।

***सवाल: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हाल ही में गुजरात, कर्नाटक और उत्तराखंड में मुख्यमंत्री बदले हैं और इससे पहले केंद्रीय मंत्रिपरिषद में हुए बदलाव में पिछड़े वर्ग को प्रतिनिधित्व देकर उसने उसे भुनाने की भी कोशिश की। इसे आप कैसे देखते हैं?***

**जवाब:** भाजपा की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। कुछ लोगों को यदि लगता है कि भाजपा के केंद्र की सत्ता में आने के बाद जाति की राजनीति खत्म हो गई तो वे बड़ी भूल कर रहे हैं। कुछ राजनीतिक पार्टियां बेहिचक और खुलकर जाति की राजनीति करती हैं और कुछ पार्टियां हाथी के दांत दिखाने के कुछ और खाने के कुछ, वाले सिद्धांत पर काम करती हैं। भाजपा की राजनीति हाथी के दांत वाली है। जातियों के आधार पर बने कई छोटे-छोटे राजनीतिक दलों के साथ भाजपा का गठबंधन है। इन गठबंधनों को बनाने का आधार जातीय गोलबंदी ही है। ऐसा तो नहीं है कि ये पार्टियां विकास का मसीहा रही हैं। जाति की राजनीति तो टिकटों के बंटवारे से ही आरंभ हो जाती है और मंत्रिपरिषद के गठन तक चलती है। वह चाहे कांग्रेस हो या भाजपा या फिर कोई अन्य दल।

***सवाल: जाति आधारित जनगणना की मांग को लेकर हो रही राजनीति के क्या निहितार्थ हैं?***

**जवाब:** जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की गिनती की मांग हो रही है। इसे लेकर दो खेमे बंटे हैं। एक खेमे में भाजपा है और दूसरे खेमे में कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दल हैं। कांग्रेस और क्षेत्रीय दल जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे हैं और भाजपा यह नहीं चाहती है। अभी ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण है, लेकिन यह स्पष्ट है कि उनकी तादाद 27 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। मुझे लगता है कि भाजपा को भय इस बात का है कि जैसे ही जाति आधारित जनगणना होगी, ओबीसी जनाधार वाली क्षेत्रीय पार्टियां आबादी के हिसाब से आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग शुरू कर देंगी। इसके लिए वे सरकार पर दबाव बनाएंगी और इसे लेकर भाजपा के खिलाफ देशभर में एक माहौल खड़ा हो सकता है। अगर ऐसी स्थिति आती है तो मंडल-2 वाली स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में भाजपा को नुकसान होने का अंदेशा है। यही वजह है कि वह इस मामले से अपने हाथ पीछे खींच रही है जबकि उसे घेरने के लिए विपक्षी दल इस मुद्दे को हवा दे रहे हैं।

# सम्राट मिहिर भोज पर बढ़ा विवाद, राजनीति गरमाई

## प्रतिमा को गंगाजल से धोने का किया ऐलान, पंचायत में गुर्जर शब्द जोड़ने का लिया गया फैसला

● कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी में सम्राट मिहिर भोज को लेकर शुरू हुआ विवाद राजनीतिक रंग लेता जा रहा है। मामले पर गुर्जर समाज की पंचायत हुई। कानून-व्यवस्था को देखते हुए नोएडा पुलिस ने बड़ी संख्या में नेताओं और लोगों को हिरासत में लिया है, हालांकि हिरासत में लिए गए गुर्जर नेताओं ने पुलिस लाइन में ही पंचायत की और तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए। इसमें कहा गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में गुर्जर समाज भाजपा का बहिष्कार करेगा। दादरी में गुर्जर सम्राट लिखा नया शिलापट्ट लगाया जाएगा।

पंचायत में सर्वसम्मति से 51 सदस्यीय गुर्जर स्वाभिमान समिति का गठन किया गया। यह आगे के आंदोलन का संचालन करेगी। सम्राट मिहिर भोज के नाम के आगे गुर्जर लिखने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुर्जर समुदाय मिहिर भोज के आगे गुर्जर सम्राट लिखने के लिए आंदोलन करने जा रहा था। हालांकि एहतियात बरतते हुए पुलिस ने बड़े स्तर पर नेताओं को हिरासत में लिया है, लेकिन पुलिस लाइन में ही राष्ट्रीय गुर्जर समन्वय समिति के अध्यक्ष अंतराम तंवर की अध्यक्षता में समुदाय ने तीन प्रस्ताव पास किए। इसमें एक प्रस्ताव भारतीय जनता पार्टी के लिए बेहद नुकसानदेह होगा। साथ ही गुर्जरों के स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने के लिए 51 सदस्यों वाली गुर्जर स्वाभिमान समिति का गठन किया गया है। यह समिति अब से इस समाज से जुड़े विषयों को संभालेगी। संगठन ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में गुर्जर समाज भारतीय जनता पार्टी का बहिष्कार करेगा। इस मामले को लेकर समुदाय के लोग एकजुट हैं।

पंचायत में तय हुआ कि दादरी में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा स्थल पर एक नया शिलापट्ट लगाया जाएगा। इस पर गुर्जर सम्राट लिखा जाएगा।

हालांकि समिति ने कहा है कि जिला प्रशासन स्वयं नया सिलावट लगवाए। नहीं तो गुर्जर समाज इसे लगवा लेगा।

साथ ही अनावरण की गई सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा को गंगाजल से धोकर पवित्र किया जाएगा। पुलिस लाइन में मौजूद सभी लोगों ने इन तीनों प्रस्ताव को सहमति दी है। इन फैसलों के बाद माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीयजनता पार्टी को गुर्जर समुदाय का वोट नहीं मिलेगा।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 22 सितंबर को दादरी के मिहिर भोज पीजी कॉलेज में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण के दौरान शिलापट्ट से गुर्जर शब्द हटाने को लेकर गुर्जर समाज के लोग विरोध में उतर आए। दादरी के मिहिर भोज पीजी कॉलेज में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण को लेकर गुर्जर और राजपूत (क्षत्रिय) समाज आमने सामने थे। हालांकि, मुख्यमंत्री के दौरे से पहले दोनों समुदाय के प्रतिनिधियों ने विवाद खत्म कर दिया था।


पंचायत के लिए जाते गुर्जर समाज के लोग। फोटो: दीपक यादव


नेताओं को धरने से उठाती नोएडा पुलिस।

### मर्यादा भूले बसपा नेता बिजेंद्र भाटी

*पंचायत में गौतमबुद्ध नगर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और फिलहाल बसपा नेता बिजेंद्र सिंह भाटी ऐसे भड़के कि भाषा की मर्यादा तक भूल गए। उन्होंने भाजपा नेताओं को गद्दार करार दिया। आपको बता दें, 22 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दादरी में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण किया था। प्रतिमा में सम्राट मिहिरभोज के नाम के साथ गुर्जर शब्द नहीं जोड़ा गया है, जिस पर समाज में रोष है।*

### अनुमति नहीं थी, जिले में धारा 144 लागू: आयुक्त

अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) लव कुमार ने बताया कि गुर्जर समाज के लोगों ने मिहिर भोज पीजी कॉलेज में महापंचायत की अनुमति मांगी थी लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए इसकी अनुमति नहीं दी गई। गुर्जर समाज के लोग बिना अनुमति की महापंचायत कर रहे थे, जबकि जिले में धारा 144 लागू है।

### समर्थन देने पहुंचे भाजपा विधायक अवतार भड़ाना

मीरापुर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक अवतार सिंह भड़ाना भी दादरी पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पंचायत स्थल से पहले ही रोक लिया, जिसके बाद वह पैदल ही पंचायत स्थल की तरफ चल दिए। आखिरकार पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया और वह चिटैहरा गांव में महापंचायत स्थल पहुंच गए हैं।

# नोएडा प्राधिकरण ने सुविधाओं और निवेश बढ़ाने की बनाई योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर को संवारने और अत्याधुनिक बनाने के लिए प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक में 11 महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इसमें शहर में सड़क से लेकर रोजगार, बिजली और औद्योगिक विकास पर बल दिया गया है। शनिवार को प्राधिकरण की 123वीं बोर्ड बैठक हुई थी।

बैठक में शहर में साफ-सफई को भी बल देने के लिए प्लान बनाया गया। डाटा सेंटर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की नीतियों को लागू करने का फैसला हुआ। इस बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अरविंद कुमार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ दीपचंद्र व एसीईओ अमनदीप डुली व शासन से अन्य अधिकारी व प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

आईआईटीजीएनएल की महत्वपूर्ण परियोजना मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार हो गई है।

### स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने किया सड़क कार्य का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार वार्ड 55 ए ब्लाक में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग की विधायक निधि से इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर सयोजक अनुज मित्तल ने विधिवत नारियल फोड़ कर आठ लाख रुपये के कार्य का शुभारम्भ किया। राजेन्द्र मित्तल ने कहा कि राज्य मंत्री अतुल गर्ग सभी का एकसमान ध्यान रखते है, आवश्यकता के वरीयता क्रम में विकास कार्य किये जा रहे हैं। मंत्री ने जनता की पेय जल की समस्या के निदान के लिए 5 टंकियों का निर्माण कराया।

# ना जाने कौन भागीरथ ग्रेनो लाएगा गंगाजल

● फिर बढ़ी डेट लाइन, तीन माह का विस्तार

**पायनियर सामचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के निवासियों को इस साल के अंत तक गंगाजल की आपूर्ति हो सकती है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में 85 क्यूसेक गंगाजल प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। इसके बाद बोर्ड ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को अगले तीन महीने में पूर्ण करने का आदेश दिया। बोर्ड ने कहा है कि अगली बैठक में इसकी रिपोर्ट भी पेश की जाए। इससे पहले प्राधिकरण गंगाजल की सप्लाई इसी साल अप्रैल-मई में शुरू करने वाला था। मगर कोरोना वायरस और दूसरी वजहों से काम ठप पड़ गया।

अब सेकेंड वेव का खतरा कम होने के बाद प्राधिकरण इस प्रोजेक्ट को फिर से युद्धस्तर पर शुरू करेगा। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन संजीव मित्तल ने की।

बैठक में अफसरों ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में 85 क्यूसेक गंगाजल पहुंचाने की परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इसकी लागत करीब 800 करोड़ रुपये है। ऊपरी गंग नहर से गंगाजल ग्रेटर नोएडा आएगा। देहरा में यह पानी शोधित होगा। वहां पर 210 एमएलडी का जल शोधन यंत्र लगाया गया है।

अगले तीन माह में गंगाजल ग्रेटर नोएडा पहुंचने का अनुमान है। यह प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी गंगाजल परियोजना है।

इससे ग्रेटर नोएडा ईस्ट व ग्रेनो वेस्ट के लाखों निवासियों को बड़ा लाभ मिलेगा। बताते चलें कि ग्रेटर नोएडा के निवासी करीब 10 साल से गंगाजल आपूर्ति का इंतजार कर रहे हैं। 85 क्यूसेक पानी के इस प्रोजेक्ट पर अगस्त, 2010 में काम शुरू हुआ था लेकिन किसी न किसी कारण यह लटकता रहा है।

### वसुंधरा में निशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर आज

**गाजियाबाद।** कोरोना महामारी से लोगों को बचाने के लिए गाजियाबाद के वसुंधरा निशुल्क टीकाकरण शिविर का सोमवार 27 सितंबर को आयोजन किया जा रहा है।

वसुंधरा के वार्ड नंबर 74 की पार्षद आशा नरेश भाटी ने बताया कि वसुंधरा के सैक्टर 15 स्थित सुनेजा पब्लिक स्कूल में जनता के लिए निशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रात: 8.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 18 साल से अधिक उम्र तक के लोग कोविड वैक्सीन लगवा सकते हैं।

# मीडिया कर्मी बनकर वसूली करने वाले गिरफ्तार

● झूठी करवेज की धमकी देकर मांगे थे तीन लाख रुपये

● तीन अभियुक्त अभी भी है फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र स्थित डासना इलाके में पेंट की दुकान पर एशियन पेंट को नकली बताकर तीन लाख की रंगदारी मांगने वाले 4 बदमाशों को मसूरी पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है जबकि इनमें से तीन अभियुक्त अभी भी फरार है।

पुलिस अधीक्षक देहाती डॉक्टर ईरज राजा ने बताया कि यह लोग 45 हजार दुकानदार से मौके पर ही वसूल चुके थे। शेष रकम बाद में पहुंचाने के लिए यह धमकी देकर चले गए थे कि यदि समय पर पैसा नहीं पहुंचाया तो उनके खिलाफ खबर चलाने की कार्रवाई की जाएगी।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनीष कुमार, अंकुर, पवन और मोहम्मद अली है इनके कब्जे से नकदी, घटना में प्रयुक्त सिलेरियो कार व मीडिया से संबंधित परिचय पत्र भी इन से बरामद किए गए हैं।

यह सभी अपने आप को पत्रकार बताते थे और खबर चलाने की धमकी देकर पैसा वसूलते थे। उन्होंने बताया कि जो तीन अन्य अभियुक्त फरार हैं उनमें अमरपाल, नसीम सैफ व कपिल इनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में अंकुर दिल्ली पुलिस होमगार्ड में तैनात है। पीड़ित दुकानदार का नाम नदीम पुत्र जमालुद्दीन निवासी डासना मसूरी गाजियाबाद है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# नगर आयुक्त ने किया बस अड्डे का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महानगर के पर्यावरण को सुधारने और वायु की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम के आयुक्त महेंद्र सिंह तवर ने यहां के कई महत्वपूर्ण इलाकों का दौरा किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर उन्हें आवश्यक निर्देश भी जारी किए। संजय नगर सेक्टर 23 स्थित एएलटी बस अड्डे का भ्रमण किया गया। यहां डस्ट कंट्रोल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए और उनसे कार्य योजना बनाने के लिए भी कहा गया। साथ ही अन्य विभागों को भी प्रश्न गत स्थल पर निरीक्षण कर कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं इस अवसर पर एआरटीओ राघवेंद्र सिंह,अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार ,क्षेत्राधिकारी उत्सव व अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



### गांधी जयंती से शुरू होगी राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता

**नोएडा।** समाज सेवी संस्था कलांतर आर्ट ट्रस्ट राष्ट्रीय आर्ट फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर होगा। कलांतर की राष्ट्रीय सचिव पूजा श्रीवास्तव ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ ही लेखन संगीत तथा अभिनय प्रतियोगिता को भी शामिल किया गया है। यह प्रतियोगिताएं पूर्णतया नि:शुल्क होंगी।

# पंडित दीनदयाल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद।

● भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर कार्य करती है

महान विचारक महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज जगह-जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अर्जुन नगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने श्रद्धांजलि देते हुए अपने विचार भी रखे। राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर कार्य करती है।

इस अवसर पर राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, अनुज मित्तल, ओ पी अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, पार्षद राजेश शर्मा, कलवा कश्यप, अनिल कौशिक, करमवीर नागर, संजीव शर्मा, गौरव कौशिक, रिंकू, रविन्द्र मेहरा, राकेश शर्मा, रजनीश बंसल, राधे श्याम गुप्ता, राजू छाबड़ा, सुनील चाचा, निधि चौधरी, दयानन्द बंसल, सुनील प्रताप सिंह, विपुल अग्रवाल, श्री कांत पाल, अजित गौतम, गौरव चौधरी, योगेश कसाना व मंत्री मीडिया प्रभारी नीरज गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्री के लिए परेशान पंचशील ग्रीन्स के लोगों की ने नारेबाजी

● मूलभूत सुविधाओं के लिए जुझ रहे निवासी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित पंचशील ग्रीन्स-1 सोसाइटी के निवासियों ने रजिस्ट्री नहीं होने के विरोध और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर बिल्डर के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। निवासियों ने नारेबाजी की और बिल्डर के खिलाफ आक्रोश जताया। हाथों में बैनर-पोस्टर लिए निवासियों ने अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही नए खरीदारों को सावधानी बरतते हुए घर खरीदने की सलाह दी। इस सोसाइटी के निवासी लंबे वक्त से रजिस्ट्री करवाने और मूलभूत सुविधाएं देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन-प्राधिकरण चुप हैं। प्रदर्शन कर रहे सोसाइटी के निवासी नवीन सिंह ने कहा मुद्दा है बिल्डर द्वारा फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं करवाना। पंचशील ग्रीन्स-1 में 3 नए टावर बनाये गए। खरीदारों को पजेशन दिया गया। निवासियों ने फ्लैट की पूरी कीमत चुकाई। यहां लेकिन बिल्डर रजिस्ट्री नहीं करवा रहा है। प्रदर्शन में नवीन सिंह प्रकाश सिंह विनय दुबे अनुज सिंहा अभय कुमार केबी वर्मा आशीष त्रिपाठी नीरज द्विवेदी अजय कुमार और संजय मिश्रा समेत अन्य निवासी शामिल रहे।

**बिल्डर मालामाल है**

निवासियों का कहना है कि रजिस्ट्री के लिए उन्हें दर-दर भटकना पडता है। हर काम के लिए रजिस्टर्ड ऑनर के कागजात की मांग की जाती है। मगर हम अपने ही घर के रजिस्टर्ड ऑनर नहीं हैं। हमने अपने जीवन भर की जमापूंजी से घर खरीदा। मगर हमारे पैसे से बिल्डर मालामाल है, हम बेहाल हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनके घर की रजिस्ट्री नहीं हो जाती और उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल जातीं उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

भावनात्मक फैसलों के लिए अच्छा समय नहीं है, क्योंकि आप जो भी निर्णय लेंगे उसे पूरा करना मुश्किल होगा। मनोदशा और आत्मविश्वास में गिरावट का अनुभव कर सकते हैं। साहस को बटोरें तथा समय का अधिकतम लाभ उठाएं। पारिवारिक सदस्यों का व्यवहार पहेली बन सकता है। सामुदायिक और साझेदारी के कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ेंगे और आप व्यक्तिगत शिखर पर होंगे।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** भगवान शिव को गंगाजल से स्नान कराएं।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज वाहन सावधानी से चलाएं। परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। अविवाहित लोगों के विवाह में आने वाली बाधाएं समाप्त होंगी। मेहनत और लगन से जो चाहे, वह हासिल कर सकते हैं। लाभ मिलेगा। बच्चों को नए कोर्स में दाखिला दिलवा सकते हैं। व्यवसाय वृद्धि के लिए अधिक परिश्रम की आशा है। किसी कारण से निजी संबंधों में कटुता पैदा होने की संभावना है। आर्थिक दृष्टि से चीजें यथावत रहेंगी।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** रुद्री पाठ करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

बिजनेस में धन लाभ के योग बन रहे हैं। पार्टनर से सहयोग मिल सकता है। पार्टनर का सुझाव महत्वपूर्ण हो सकता है। धन लाभ हो सकता है। फंसा हुआ पैसा भी वापस मिल सकता है। अच्छे मौके मिल सकते हैं। अच्छा और मीठा बोलकर आप अपने काम पूरे करवा लेंगे। सेहत को लेकर टेंशन बढ़ सकती है। भोजन में सावधानी रखें। मानसिक तनाव के कारण स्वास्थ्य अस्थिर रह सकता है।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** शिव महिमा का वर्णन करें।

### कर्क
(ही, हू ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

छात्रों के लिए यह दिन शुभ है। प्रतियोगिताओं में अच्छा करेंगे इच्छित संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक जीवन सुचारु रहेगा। कृषि से संबंधित व्यवसाय में अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों को कार्य स्थल पर बहुत अधिक तनाव और दबाव कुछ बेचैन कर सकता हैं। सहयोगियों के विश्वास प्राप्त कर आप आने वाले दिनों में शुभ प्रगति कर पाएंगे।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करें।

### सिंह
(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

नौकरी के लिए किए गए प्रयास सार्थक सिद्ध होंगे, नौकरी मिल सकती है। पारिवारिक एवं सामाजिक संबंध मजबूत होंगें और नए दोस्त भी बनाएंगे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आज चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं। आकस्मिक खर्च बढ़ने से आप तनाव महसूस करेंगे।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** मंदिर में कपूर का दान करें।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

परिवार की मदद मिल सकती है। मानसिक स्थिति संतुलित रहेगी पारिवारिक जीवन में भी खुशी मिल सकती है। काम पूरे हो सकते हैं। कॅरियर और निवेश के क्षेत्रों में कुछ नए और शानदार मौके भी मिल सकते हैं। पैसों की और परिवार की स्थिति पर पूरा ध्यान देना चाहिए। सेहत में भी सुधार हो सकता है। बहुत दिनों से चली आ रही सेहत संबंधी परेशानी में राहत मिल सकती है।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** सफेद गाय को चारा खिलाएं।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

नए संपर्क और संचार व्यवसाय को एक नवीन दिशा प्रदान कर सकते हैं। अपना ध्यान व्यावहारिक मामलों की ओर मोड़ें और उन उपायों को अपनाएं जो वित्तीय मामलों में दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान कर सकती है। लक्ष्यों को वास्तविक जिम्मेदारियों के प्रकाश में स्वीकार करते हुए परिभाषित करेंगे। बहुत सारी गतिविधियां संपन्न हो सकती हैं और यात्रा भी लाभदायक होगी।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** शिव मंदिर में देसी घी का दीपक जलाएं।

### वृश्चिक
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

आज किसी विशेष व्यक्ति से मेल जोल बढ़ सकता है। मंदिर में कुछ दान करने से आपके मन को शांति मिल सकती है। आर्थिक नुकसान की भरपाई होने की संभावना है। अगर करीबी लोगों के साथ समय नहीं गुजारेंगे, तो वे आपसे नाराज हो सकते हैं। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। जीवनसाथी से फुल सपोर्ट मिलेगा। आर्थिक मामनों में थोड़ा संभलकर फैसले लेने चाहिए।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** श्वेत वस्त्र धारण करें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। बॉस के साथ अपने संबंधों को लेकर थोड़े सावधान रहें। जो लोग कॅरियर के लिए महत्वपूर्ण हैं, वे आज थोड़ा परेशान भी कर सकते हैं। अपनी बात रखने का अवसर थोड़े समय बाद मिलेगा। कोई खास काम पूरा होने की उम्मीद थी, आज वो पूरा न हो तो तनाव में न आएं। आज थोड़ा धैर्य रखना चाहिए। शांति से दिन निकाल लें। सेहत सामान्य रहेगी।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** नम: शिवाय का जाप करें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज का आपका दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यस्थल पर नई कठिनाइयों का सामना कर सकते हैं। नई रणनीति और दृष्टिकोण अपनाने और केंद्रित रहने का है। सहयोगी और सहकर्मी बात को समझनहीं पाएंगे। व्यक्तिगत संबंध मजबूत होंगे और आप जब चाहें तब अपने साथी का पूरा सहयोग प्राप्त करेंगे। बौद्धिक और शैक्षिक गतिविधियों के लिए तैयार रहेंगे। अचानक खर्च हो सकता है, लेकिन परेशान न हो।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:**मीठी खीर का भंडारा करें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)


आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सच्चा प्यार मिलेगा। स्वास्थ्य संतोषजनक रहेगा, पेट से संबंधित बीमारियों के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रतिष्ठा तथा उन्नति के संतुलन बनाने का प्रयास होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। उदार स्वभाव से लोगों को अट्रैक्ट करने में सफल रहेंगे। गुस्से पर नियंत्रण रखना उचित रहेगा। बच्चों और प्रियजनों के साथ बिताया समय रिश्तों को मजबूत करेगा।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** पीपल के पत्ते पानी में बहाएं।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

कॅरियर से जुड़े संवेदनशील फैसले लेने में सावधानी रखें। सोच-समझकर निवेश करें। कोई खास काम भूल सकते हैं। कामकाज में गलतियां हो सकती हैं। दूसरे लोग भी अपने हिस्से का काम आपको दे सकते हैं। जरूरत से ज्यादा थक भी सकते हैं। लव लाइफ में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। सेहत पर ध्यान दें, छोटी-छोटी परेशानियां बढ़ सकती हैं। अपनी सोच और सपने प्रेमी से साझा करेंगे।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** शिव परिवार की पूजा करें।



**असंतुलित और बिगड़ा हुआ खान-पान पेट संबंधित कई परेशानियों का कारण बन सकता है, जिनमें एसिडिटी और गैस भी शामिल हैं। इन समस्याओं से शायद ही कोई आज तक बच पाया होगा। इससे राहत पाने के लिए लोग कई प्रकार के जतन करते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि योगासन के जरिए एसिडिटी और गैस की समस्या पर काबू पाया जा सकता है।**


# योगासन से एसिडिटी और गैस की समस्या पर पाया जा सकता है काबू

असंतुलित और बिगड़ा हुआ खान-पान पेट संबंधित कई परेशानियों का कारण बन सकता है, जिनमें एसिडिटी और गैस भी शामिल हैं। इन समस्याओं से शायद ही कोई आज तक बच पाया होगा। इससे राहत पाने के लिए लोग कई प्रकार के जतन करते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि योगासन के जरिए एसिडिटी और गैस की समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

एसिडिटी और गैस की समस्या में सुधार करने के लिए योग लाभकारी साबित हो सकता है। एनसीबीआई (नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन) की वेबसाइट पर प्रकाशित एक मेडिकल रिसर्च में साफ तौर से बताया गया है कि ध्यान और योग करने से पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं को कम किया जा सकता है, जिसमें एसिडिटी और गैस की समस्या शामिल हैं। वहीं, एक अन्य रिसर्च के अनुसार योग का अभ्यास पाचन संबंधित कई परेशानियों और उनके लक्षणों को रोकने में फायदेमंद हो सकता है। गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) उनमें से एक है, जिसमें पेट में गैस के साथ ही एसिडिटी की समस्या भी हो सकती है। शोध में बताया गया है कि कपालभाती और अग्निसार क्रिया के नियमित अभ्यास से जीईआरडी के रोगियों के गंभीर लक्षणों में सुधार हो सकता है। इस आधार पर यह माना जा सकता है कि गैस और एसिडिटी के लिए योग फायदेमंद हो सकता है।

## हलासन

**एसिडिटी** और गैस के लिए योग की लिस्ट में हलासन को शामिल किया जा सकता है। इस आसन को करते हुए शरीर हल की तरह दिखाई देता है, जिस वजह से इसे हलासन के नाम से जाना जाता है। एनसीबीआई पर प्रकाशित एक शोध में हलासन को कब्ज, अपच व अन्य पाचन संबंधित परेशानियों के लिए लाभकारी माना गया है। इस आधार पर माना जा सकता है कि नियमित रूप से हलासन का अभ्यास एसिडिटी और गैस की समस्या से राहत प्रदान कर सकता है।



### विधि

- सबसे पहले समतल जगह पर एक योग मैट बिछा लें।
- मैट पर पीठ के बल लेट जाएं।
- हाथों को शरीर से सटाकर रखना है और हथेलियों को जमीन की ओर रखें।
- इसके बाद सांस लेते हुए अपने पैरों को ऊपर लेकर जाएं और 90 डिग्री का कोण बनाएं।
- यदि पैरों को उठाने में परेशानी हो, तो हाथ से कमर को सहारा दे सकते हैं।
- फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए पैरों की अंगुलियों को जमीन से स्पर्श कराने का प्रयास करें।
- अब हाथों को कमर से हटाकर जमीन पर पहले की तरह ही सीधा रख लें।
- इस मुद्रा में सामान्य रूप से सांस लेते रहें।
- इसके बाद आराम आराम से वापस सामान्य मुद्रा में आ जाएं।
- इस योगासन को आप अपनी क्षमता के अनुसार तीन से पांच बार कर सकते हैं।

**सावधानियां:** पीरियड्स के दिनों में महिलाएं हलासन करने से परहेज करें। गर्दन में चोट होने पर भी हलासन करने से बचें। गर्भवती महिलाएं इस आसन से परहेज करें। सर्वाइकल या रीढ़ से संबंधित समस्या से ग्रसित लोग हलासन का अभ्यास न करें।

## वज्रासन

वज्रासन को डायमंड पोज भी कहा जाता है। गैस और एसिडिटी की समस्या के लिए वज्रासन लाभकारी हो सकता है। एक शोध में साफतौर से बताया गया है कि वज्रासन योग करने से पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद हो सकती है। शोध में बताया गया है कि यह ब्लड फ्लो को बढ़ा सकता है, जिससे कब्ज, एसिडिटी, पाइल्स, आंतों की गैस आदि में आराम मिल सकता है। इस तरह एसिडिटी और गैस के लिए योग में वज्रासन की गिनती की जा सकती है।

### करने की विधि

- सबसे पहले मैट बिछाएं और घुटनों के बल बैठ जाएं।
- ध्यान रहे कि दोनों पैरों के अंगूठों को साथ मिला लें। एड़ियों को अलग ही रखें।
- अब नितंबों को एड़ियों पर टिकाएं और हथेलियां को घुटनों पर रख दें।
- सिर और पीठ को बिल्कुल सीधा रखें।
- घुटनों को आपस में मिलाएं।
- इसके बाद आंखों को बंद करें व सामान्य रूप से सांस लेना जारी रखें।
- कम से कम दस मिनट तक इस अवस्था में बैठने का प्रयास करें।
- यदि वज्रासन करते समय घुटनों में दर्द हो रहा हो तो जबरदस्ती इस आसन को न करें।
- रोजाना एक से दो मिनट इस अवस्था में बैठने का प्रयास करें और धीरे-धीरे इसे करने का समय बढ़ाते रहें।



**सावधानियां:** घुटने और पैरों में दर्द होने पर यह आसन नहीं करें। घुटने या टखने की हड्डी के खिसकने पर इस आसन से परहेज करें। हाइपोटेंशन यानी निम्न रक्तचाप वाले लोग वज्रासन नहीं करें। अगर किसी के घुटनों की सर्जरी हुई है, तो यह आसन नहीं करें। गर्भवति महिलाओं को यह आसन नहीं करना चाहिए। रीढ़ की हड्डी में समस्या होने पर इसे बिल्कुल नहीं करें।

## उष्ट्रासन



उष्ट्रासन को अंग्रेजी में केमल पोज के नाम से जाना जाता है। इस आसन को करने से पेट संबंधी कई समस्याओं में राहत मिल सकती है। एक रिसर्च के अनुसार उष्ट्रासन आसन पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के साथ कब्ज और अपच पर सकारात्मक प्रभाव दिखा सकता है। वहीं, कब्ज की समस्या एसिडिटी और गैस का कारण बन सकता है। इस आधार पर उष्ट्रासन को एसिडिटी और गैस की समस्या के लिए कारगर इलाज माना जा सकता है।

### विधि

- सबसे पहले योग मैट पर वज्रासन की अवस्था में बैठें।
- इसके बाद घुटनों के बल खड़े हो जाएं।
- अब लंबी सांस लें और पीछे की ओर झुकते हुए बाएं हाथ से बाएं पैर की एड़ी और दाएं हाथ से दाएं पैर की एड़ी को पकड़ें।
- ध्यान रहे कि इस दौरान मुंह ऊपर यानी आसमान की तरफ हो।
- इस स्थिति में शरीर का सारा वजन हाथों और पैरों पर होगा।
- कुछ देर तक इसी मुद्रा में रहें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें।
- इसके बाद शुरुआती अवस्था में आ जाएं।
- इस आसन को चार से पांच बार तक किया जा सकता है।

**सावधानियां:** हर्निया और उच्च रक्तचाप के मरीजों को इस आसन को करने से बचना चाहिए। किसी भी तरह का दर्द हो, तो भी इस आसन को नहीं करें।

## पवनमुक्तासन

पवनमुक्तासन के जरिए भी एसिडिटी और गैस की समस्या से राहत मिल सकती है। एक अध्ययन में साफ तौर से जिक्र मिलता है कि पाचन संबंधित परेशानियों के लिए पवनमुक्तासन बेहद लाभकारी हो सकता है। इसके अलावा, एक अन्य शोध के अनुसार, इस आसन को नियमित तौर पर करने से मल त्याग की प्रक्रिया में सुधार के साथ कब्ज की समस्या के लिए कारगर माना गया है। वहीं, लेख में पहले ही बताया जा चुका है कि एसिडिटी और गैस की परेशानी कब्ज की वजह से हो सकती है। ऐसे में पवनमुक्तासन को एसिडिटी और गैस की समस्या के लिए फायदेमंद कहना गलत नहीं होगा।



### विधि

- जमीन पर मैट बिछाकर पीठ के बल लेट जाएं और हाथों को शरीर से सटा कर रखें।
- गहरी सांस लें और दाएं पैर को घुटने से मोड़ें और दोनों हाथों से घुटने को पकड़ कर छाती से लगाने का प्रयास करें।
- इसके बाद सांस छोड़ते हुए सिर को उठाएं और नाक को घुटने से स्पर्श कराने का प्रयास करें।
- कुछ सेकेंड तक इसी अवस्था में बने रहें।
- फिर पैरों और सिर को सांस छोड़ते हुए शुरुआती अवस्था में ले आएं।
- दाएं पैर की प्रक्रिया पूरी होने पर इसी प्रकार से बाएं पैर के साथ करें।
- फिर दोनों पैरों को साथ में लेकर इस प्रक्रिया को दोहराएं।
- इस आसन को चार से पांच बार आसानी से किया जा सकता है।

**सावधानियां:** यदि पीठ और कमर में दर्द या चोट हो, तो इस योग को करने से बचें। इस योगासन को भोजन के बाद बिल्कुल नहीं करें।

## भस्त्रिका प्राणायाम

अनुलोम विलोम प्राणायाम के जैसे ही भस्त्रिका प्राणायाम भी गैस और एसिडिटी की समस्या से राहत दिलाने में लाभदायक हो सकता है। इस बात की पुष्टी एक शोध से होती है। दरअसल, अत्यधिक वजन जीईआरडी के मुख्य कारणों में से एक है। रिसर्च पेपर में साफ तौर से बताया गया है कि भस्त्रिका प्राणायाम मोटापे को नियंत्रित करने के साथ जीईआरडी (एसिडिटी) को काफी हद तक कम कर सकता है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि एसिडिटी और गैस के लिए योग की लिस्ट में भस्त्रिका प्राणायाम भी शुमार है।

### करने की विधि



- सबसे पहले समतल स्थान पर योगा मैट बिछाएं और उस पर पद्मासन मुद्रा में बैठ जाएं।
- इस दौरान सिर, गला और रीढ़ की हड्डी को बिल्कुल सीधा रखें।
- अब नाक से लंबी और गहरी सांस लें। ध्यान रहे कि इस आसन को करते समय मुंह खुला न रहे।
- गहरी सांस लें। इस प्रक्रिया के दौरान फेफड़े पूरी तरह फूलने चाहिए।
- इसके बाद एक ही झटके में भरी हुई सांस को दोनों नाक के छिद्रों के माध्यम से छोड़ दें।
- सांस इतनी तेजी से और झटके से छोड़नी चाहिए कि फेफड़े सांस छोड़ने के साथ सिकुड़ जाएं।
- इस प्रकार झटके से सांस लेने और तेजी से छोड़ने पर भस्त्रिका का एक चक्र पूरा होता है।
- शुरुआत में धीमे-धीमे करीब 10 -12 चक्र पूरे किए जा सकते हैं। इसके अभ्यस्त होने पर इसकी तीर्वता और चक्रों को अपनी क्षमता के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

**सावधानियां:** शुरुआत में इस योगासन का अभ्यास धीमी गति से करना चाहिए। गंभीर समस्या से ग्रसित होने पर भस्त्रिका प्राणायाम नहीं करें। गर्भवती को यह योग बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं करना चाहिए। अगर किसी की हाल ही में सर्जरी हुई है, तो इस योग को न करें। पहली बार भस्त्रिका प्राणायाम कर रहे हैं, तो किसी विशेषज्ञ की देखरेख में ही इसका अभ्यास करें।

## कपालभाति प्राणायाम

गैस और एसिडिटी की समस्या को कम करने के लिए कपालभाति प्राणायाम कारगर साबित हो सकता है। एक वैज्ञानिक शोध के मुताबिक, कपालभाति पेट के निचले हिस्से की मांसपेशियों पर सकारात्मक प्रभाव दर्शाता है। साथ ही यह श्वसन मार्ग को साफ करने और डायाफ्राम को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। डायाफ्रामिक को मजबूत कर यह पेट से अन्नप्रणाली तक गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स को कम कर सकता है। बता दें कि एसिडिटी को गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स रोग के रूप में जाना जाता है।

### करने की विधि

- सबसे पहले साफ और स्वच्छ जगह पर योग मैट बिछा लें।
- इसके बाद सुखासन, वज्रासन या पद्मासन की मुद्रा में बैठ जाएं।
- अब ध्यान मुद्रा में घुटने पर दोनों हाथों को रख लें।
- ध्यान रहे कि इस दौरान रीढ़ की हड्डी सीधी और आंखें बंद रखें।
- इसके बाद गहरी सांस लें और धीरे-धीरे छोड़ें। इस क्रिया को कम से कम 2 बार करें।
- अब नाक से सांस को बाहर निकालें। इस दौरान पेट को अंदर की ओर खींचें।
- ऐसा बिना रुके 15 से 20 बार करें।
- ध्यान रहें इस दौरान मुंह बंद रहना चाहिए। मुंह से न सांस लें और न ही छोड़ें।
- इस प्रकार कम से कम 15 बार करने पर कपालभाति प्राणायाम का एक चक्र हो जाता है।
- कपालभाति प्रणायाम के ऐसे तीन चक्र किए जा सकते हैं।
- इसके बाद सुखासन में थोड़ी देर बैठें और ध्यान लगाएं।



**सावधानियां:** जो लोग पहली बार कपालभाति प्रणायाम कर रहे हैं, वो किसी विशेषज्ञ की देखरेख में ही शुरू करें। जिनको हाई ब्लड प्रेशर, मिर्गी, हृदय संबंधी समस्या और माइग्रेन है, वो कपालभाति प्राणायाम करने से पहले एक बार डॉक्टर की सलाह जरूर लें। अगर कोई गर्भवती है, तो कपलभाति करने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श करे। कपालभाति करने के कुछ देर पहले और बाद में कुछ खाए-पिएं नहीं। जिन्हें दमा की शिकायत है, वो सावधानी से कपालभाति प्राणायाम करें। मासिक धर्म के दौरान भी कपालभाती करने से बचें। जिन लोगों को नाक से खून आने की समस्या है, उन्हें इस प्रणायाम को नहीं करना चाहिए।

## पश्चिमोत्तानासन

एसिडिटी और गैस की परेशानी से राहत पाने के लिए योगासन में पश्चिमोत्तानासन को भी शामिल किया जा सकता है। दरअसल, एक शोध में जिक्र मिलता है कि इर्रिटेबल बॉउल सिंड्रोम जैसी समस्या को कम करने के लिए पश्चिमोत्तानासन करना फायदेमंद हो सकता है। बता दें, एसिडिटी और गैस इर्रिटेबल बॉउल सिंड्रोम के लक्षण हैं। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि पश्चिमोत्तानासन गैस और एसिडिटी की समस्या में फायदेमंद हो सकता है।



### विधि

- जमीन पर योग मैट बिछाएं और अपने पैरों को आगे की ओर फैलाकर बैठ जाएं।
- सुनिश्चित करें कि इस स्थिति में दोनों पैर आपस में सटे हों और घुटने बिल्कुल सीधे रहें।
- वहीं, अभ्यास के दौरान सिर, गर्दन और रीढ़ की हड्डी भी सीधी होनी चाहिए।
- अब दोनों हाथ ऊपर की ओर उठाएं फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए आगे कि ओर झुकें और माथे को घुटनों से सटाते हुए हाथों से पैरों के अंगुठों को पकड़ने का प्रयास करें।
- ध्यान रहे कि आगे झुकते समय घुटने मुड़ने नहीं चाहिए।
- कुछ सेकेंड के लिए इसी अवस्था में बने रहने का प्रयास करें और सामान्य गति से सांस लेते रहें।
- अंत में एक गहरी सांस लेते हुए प्रारंभिक अवस्था में वापस आ जाएं।

**सावधानियां:** पेट दर्द में इस आसन को न करें। गर्भवती महिलाओं को इस आसन को न करने की सलाह दी जाती है। ऐसे लोग जो अस्थमा, अल्सर और स्लिप डिस्क (जोड़ों से संबंधित विकार) जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं, उन्हें इस आसन को करने से बचना चाहिए। पीठ, कमर या किसी अन्य अंग से संबंधित ऑपरेशन हुआ हो, तो इस आसन को करने का बिल्कुल भी प्रयास न करें। डायरिया से पीड़ित लोगों को इस आसन को करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।



## अनुलोम विलोम

अगर कोई एसिडिटी और गैस की समस्या से परेशान है, तो अनुलोम विलोम प्राणायाम का रोजाना अभ्यास करके इन परेशानियों से काफी हद तक राहत पाई जा सकती है। दरअसल, एक शोध में शरीर में चर्बी की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए अनुलोम विलोम को लाभकारी बताया गया है। वहीं, अधिक वजन एसिडिटी और गैस की समस्या के मुख्य कारणों में से एक है। इन तथ्यों को देखते हुए अनुलोम विलोम को एसिडिटी और गैस की समस्या के लिए गुणकारी माना जा सकता है।

### करने की विधि

- अनुलोम विलोम करने से पहले इस बात को ध्यान में रखें कि इसे दाहिने हाथ की मध्यमा अंगुली और अंगूठे के माध्यम से ही किया जाता है।
- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योग मैट पर पद्मासन मुद्रा में बैठ जाएं।
- यदि पद्मासन मुद्रा में बैठने में समस्या हो रही हो, तो सुखासन मुद्रा में भी बैठ सकते हैं।
- जिन लोगों को जमीन पर बैठने में परेशानी हो रही हो, तो वो कुर्सी पर बैठ सकते हैं।
- इसके बाद आंखों को बंद करके कमर को सीधा करें। एक लंबी सांस लें और धीरे-धीरे छोड़ दें और मन को एकाग्र करने का प्रयास करें।
- इसके बाद दाएं हाथ के अंगूठे से दाई ओर नाक के छिद्र को बंद करें और बाईं ओर की नाक के छिद्र से धीरे-धीरे सांस लें। सांस लेते वक्त बिल्कुल जोर न लगाएं।
- अब बाद दाएं हाथ की मध्यमा अंगुली से बाएं तरफ नाक के छिद्र को बंद करके दाईं ओर से अंगूठे को हटाएं और आराम आराम से सांस छोड़ें।
- कुछ सेकेंड तक आराम लें और दाएं हाथ के अंगूठे से दाहिनी नासिका को बंद करें। फिर बाईं ओर वाले नाक के छिद्र से मध्यमा अंगुली को हटाएं और आराम आराम से सांस छोड़ें।
- इस प्रकार से अनोम विलोम का चक्र पूरा होता है। लगभग 10 मिनट तक रोज अनुलोम विलोम के पांच से लेकर सात चक्र तक किए जा सकते हैं।

### सावधानियां

- शाम की तुलना में सुबह आठ बजे से पहले अनुलोम विलोम के फायदे ज्यादा हैं।
- अगर कोई पहली दफा अनुलोम-विलोम कर रहा है, तो किसी योग प्रशिक्षक की देखरेख में इसका अभ्यास करें।
- अनुलोम-विलोम का अधिक लाभ पाने के लिए खान-पान का भी खास ख्याल रखें।
- यह जरूर सुनश्चित कर लें कि अनुलोम-विलोम करने के स्टेप सही हों।
- गंभीर हृदय रोग, रक्तचाप संबंधि रोग से ग्रसित लोग डॉक्टरी परामर्श पर ही इस आसन के अभ्यास के लिए आगे बढ़ें।
- प्रेग्नेंट महिलाएं भी इस योगासन को करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले।

# राजस्थान को जीत की राह पर लौटने के लिए बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

एजेंसी। दुबई

**राजस्थान** रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए सोमवार को यहां तालिका में सबसे निचले पायदान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटना होगा। इसके लिए टीम के बल्लेबाजों को लय में चल रहे कप्तान संजू सैमसन का साथ देना होगा। राजस्थान की टीम नौ मैचों में आठ अंकों के साथ तालिका में सातवें (रविवार के मैचों से पहले) स्थान पर काबिज है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद को नौ मैचों में सिर्फ एक सफलता मिली है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। यूएई में आईपीएल के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद राजस्थान ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दो रन से जीत दर्ज की, जबकि शनिवार को उसे तालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 33 रनों से करारी शिकस्त मिली।



दूसरी ओर हैदराबाद की टीम को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के खिलाफ क्रमश: आठ विकेट और पांच रन से शिकस्त मिली। तालिका में निचले स्थान पर काबिज टीमों के मुकाबले में राजस्थान की टीम हैदराबाद के खिलाफ अपने मौकों को भुनाना चाहेगी। भारत में लीग के पहले चरण में राजस्थान ने हैदराबाद को 55 रन से हराया था। राजस्थान की गेंदबाजी इकाई ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को जारी रखते हुए शनिवार को दिल्ली की मजबूत टीम को छह विकेट पर 154 पर रोक दिया था, लेकिन बल्लेबाजी विभाग में सैमसन को छोड़कर (नाबाद 70) सभी ने निराश किया। युवा यशस्वी जायसवाल और महिपाल लोमरोर ने पंजाब के खिलाफ बल्ले से शानदार योगदान दिया था, लेकिन दिल्ली के खिलाफ दोनों नाकाम रहे। लियाम लिविंगस्टोन और डेविड मिलर भी पिछले मैच में सैमसन के साथ साझेदारी करने में विफल रहे। यही हाल ऑलराउंडर रियान पराग और राहुल तेवतिया का भी रहा, जो रन बनाने के लिए जूझते दिखे। मुस्ताफिजुर रहमान, युवा कार्तिक त्यागी और चेतन सकारिया की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी अनुभव में कमी के बाद भी प्रभावशाली रही है तो वहीं दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी और तेवतिया ने स्पिन विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर हैदराबाद के लिए मौजूदा सत्र बेहद ही निराशाजनक रहा है। टीम को अब तक नौ मैचों में से आठ में हार का सामना करना पड़ा है। टीम को ना तो बल्लेबाजों का साथ मिल रहा है न ही उनके गेंदबाज चल रहे हैं। लीग के पहले चरण में हैदराबाद के सर्वोच्च स्कोरर रहे जॉनी बेयरस्टॉ के दूसरे चरण से हटने के कारण उन्हें बड़ा झटका लगा है। डेविड वार्नर का बल्ला अब भी खामोश है। कप्तान केन विलियमसन, मनीष पांडे, रिद्धिमान साहा, केदार जाधव और अब्दुल समद भी टीम की बल्लेबाजी को जरूरी गति प्रदान करने में विफल रहे। हैदराबाद की गेंदबाजी स्पिन सनसनी राशिद खान पर निर्भर है क्योंकि इस सत्र में खलील अहमद, भुवनेश्वर कुमार और जेसन होल्डर का प्रदर्शन औसत दर्जे का रहा है। होल्डर ने हालांकि पंजाब के खिलाफ तीन विकेट लिए थे।

### टीमें

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, एविन लुईस, डेविड मिलर, क्रिस मॉरिस, ओशाने थॉमस, मुस्ताफिजुर रहमान, तबरेज शम्सी, ग्लेन फिलिप्स, चेतन सकारिया, रियान पराग, राहुल तेवतिया, आकाश सिंह, अनुज रावत, केसी करियप्पा, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, कार्तिक त्यागी, मयंक मार्कंडे, जयदेव उनादकट, कुलदीप यादव, महिपाल लोमरोर।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** केन विलियमसन (कप्तान), डेविड वार्नर, मनीष पांडे, शेरफेन रदरफोर्ड, ऋद्धिमान साहा, श्रीवत्स गोस्वामी, राशिद खान, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, अभिषेक शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, सिद्धार्थ कौल, खलील अहमद, टी नटराजन, बासिल थंपी, संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, अब्दुल समद, जे सुचित, जेसन होल्डर, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, केदार जाधव, मुजीब-उर-रहमान, जेसन रॉय।

**मैच शाम 07:30 बजे से**

भारत ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया का अजेय अभियान रोका, तीसरे वनडे में

# भारत ने आस्ट्रेलिया को दो विकेट से हराया

एजेंसी। मैकॉय (आस्ट्रेलिया)

**युवा** बल्लेबाजों यस्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा के विपरीत अंदाज में जड़े अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को दो विकेट से हराकर उसके लगातार 26 मैचों में अजेय अभियान को रोक दिया। भारतीय महिला टीम ने हालांकि श्रृंखला 1-2 से गंवा दी, लेकिन क्लीनस्वीप से बचने में सफल रही। आस्ट्रेलिया के 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यस्तिका ने 69 गेंद में 64 जबकि शेफाली ने 91 गेंद में 56 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी भी की, जिससे भारत ने तीन गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 266 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुए यह सबसे बड़ी जीत है। इस जीत से दिन-रात्रि टेस्ट से पूर्व भारतीय टीम को मनोबल बढ़ेगा।

यस्तिका ने अपनी पारी में नौ चौके मारे जबकि शेफाली ने सात बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। अंत में दीप्ति शर्मा ने 30 गेंद में 31 और स्नेह राणा ने 27 गेंद में 30 रन की पारी खेलने के अलावा सातवें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। आस्ट्रेलिया मुश्किल हालात से उबरते हुए एशलेग गार्डनर (67) और पिछले मैच में शतक जड़ने वाली बेथ मूनी (52) के बीच 98 रन की साझेदारी की बदौलत नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को शेफाली और स्मृति मंधाना (22) ने पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। अर्धशतक जड़ने वाली गार्डनर ने मंधाना को अनाबेल सदरलैंड के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। यस्तिका और शेफाली ने इसके बाद भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया और आस्ट्रेलिया गेंदबाजों को लंबे समय तक सफलता से महरूम रखा। भारत 25 ओवर में एक विकेट पर 131 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में था। शेफाली ने 86 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद सोफी मोलिन्यु की गेंद पर बोल्ड हो गईं। वह पीठ में दर्द और थकान से परेशान दिख रही थी। अपना तीसरा वनडे खेल रही 21 साल की यस्तिका ने आक्रामक रुख अपनाया और 56 गेंद में कॅरियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। स्थानापन्न खिलाड़ी मोली स्ट्रेनो ने स्टेला कैंपबेल की गेंद पर बाउंड्री पर शानदार कैच लपकते हुए यस्तिका की पारी का अंत किया। अनाबेल सदरलैंड ने रिचा घोष को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा जबकि पूजा वस्त्रकार (03) को बोल्ड करके भारत का स्कोर एक विकेट पर 160 रन से पांच विकेट पर 192 रन किया। कप्तान मिताली राज ने स्टेला पर छक्का जड़ा लेकिन रन गति बढ़ाने के दबाव में सदरलैंड की गेंद पर बोल्ड हो गई। उन्होंने 16 रन बनाए। स्नेह और दीप्ति ने हालांकि इसके बाद मोर्चा संभाला और भारत जीत दर्ज करने में सफल रहा।




### झूलन और पूजा ने झटके तीन-तीन विकेट

भारत ने 47वें ओवर में दीप्ति का विकेट गंवाया लेकिन स्नेह ने इसी ओवर में ताहलिया मैकग्रा पर लगातार तीन चौके जड़कर भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। निकोला कैरी ने हालांकि 49वें ओवर में स्नेह को आउट किया लेकिन अनुभवी झूलन गोस्वामी (नाबाद 08) ने अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर सोफी मोलिन्यु पर चौका जड़कर भारत को जीत दिला दी। आस्ट्रेलिया की ओर से सदरलैंड ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर आस्ट्रेलिया को वापसी करने का मौका दिया। आस्ट्रेलिया की टीम एक समय 25वें ओवर में चार विकेट पर 87 रन बनाकर संकट में थी लेकिन गार्डनर और मूनी की पारियों की बदौलत वापसी करने में सफल रही। ताहलिया मैकग्रा ने भी 32 गेंद में 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। भारत के लिए झूलन ने 37 रन देकर तीन जबकि पूजा वस्त्रकार ने 46 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

### सीनियर खिलाड़ी के तौर पर जिम्मेदारी लेना चाहती थी: झूलन

**मैकॉय।** भारतीय महिला टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में मिली हार के बाद यहां तीसरे और आखिरी एकदिवसीय में टीम को सांत्वना भरी जीत दिलाने में अहम योगदान देने की उन्हें खुशी है। गोस्वामी ने अपने 10 ओवरों में 37 रन खर्च कर तीन अहम विकेट चटकाए और दबाव में चौका लगाकर टीम की जीत पक्की की। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस 38 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी के बल्ले से निकले चौके ने ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के 26 मैचों से चले आ रहे जीत के सिलसिले को रोक दिया। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते भारत ने तीन गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 266 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुए यह सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के बावजूद भारतीय टीम ने श्रृंखला 1-2 से गंवा दिया।

झूलन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम बस आखिर तक मैच में बने रहने और सही तरीके से खेल खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार (दूसरे एकदिवसीय में) को गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां मुश्किल थी और आज सीनियर गेंदबाज के तौर पर मैं उदाहरण पेश करना चाहती थी। मैं नई गेंद का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना चाहता थी। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि मुझे विकेट मिल सकती हैं। मैंने यही किया था। मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ देना, सकारात्मकता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और सीनियर खिलाड़ी के तौर में यही मैं यही करना चाहती थी। उन्होंने कहा, लगातार एक के बाद एक मैच खेलने से थोड़ी थकावट है, लेकिन हम गुलाबी गेंद (दिन रात्रि) से पहली बार टेस्ट मैच खेलने को लेकर रोमांचित है। भारतीय टीम को दूसरे एकदिवसीय में आखिरी गेंद पर झूलन गोस्वामी के नो-बॉल के कारण हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय कप्तान मिताली राज को श्रृंखला गंवाने का मलाल है, लेकिन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लगातार 26 मैचों में जीत के सिलसिले को रोकने की खुशी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्थिव पटेल के पिता का निधन

**मुंबई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल के पिता अजयभाई का रविवार को निधन हो गया। पार्थिव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी। छत्तीस साल के पार्थिव ने भारत के लिए 25 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 934 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 71 रन है। पार्थिव ने ट्वीट किया, अत्यंत दु:ख के साथ सूचित कर रहा हूं कि मेरे पिता अजयभाई बिपिनचंद्र पटेल का निधन हो गया है। उनका निधन 26 सितंबर 2021 को हुआ। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप उनके लिए प्रार्थना करें। उनकी आत्मा को शांति मिले। ओम नम: शिवाय। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने पार्थिव के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### पीएसजी ने मोंटपेलियर को हरा लगातार 8वीं जीत दर्ज की

**पेरिस।** फ्रेंच लीग में शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को यहां मोंटपेलियर को 2-0 से हराकर लगातार आठवीं जीत दर्ज की। पार्स डेस प्रिंसेस स्टेडियम में मिडफील्डर इदरिसा गुए ने 14वें मिनट में पहला गोल दागा जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी जूलियन ड्रेक्सलर ने 88वें मिनट में पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। पीएसजी की टीम एक बार फिर सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के बिना उतरी जो घुटने में सूजन के कारण दो मैचों में नहीं खेल पाए हैं और मंगलवार को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ होने वाले चैंपियन्स लीग मुकाबले के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे हैं।

### रीयाल मैड्रिड को विलारीयाल ने गोल रहित बराबरी पर रोका

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड को शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में विलारीयाल ने गोल रहित बराबरी पर रोका जिससे टीम का लगातार पांच मैच में जीत का क्रम भी थम गया। मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में यह पहला मौका है जब टीम किसी मैच में गोल करने में नाकाम रही। पहले सात मैचों में टीम ने 22 गोल किए जबकि उसके खिलाफ सिर्फ आठ गोल हुए। टीम ने लीग के शुरुआती छह मैचों में 21 गोल किए थे जो 1987-88 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मैड्रिड की टीम ला लीगा में पिछले 25 मैचों से अजेय है। इस ड्रॉ के बावजूद मैड्रिड ने अंक तालिका के शीर्ष पर सेविला पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है जिसने इस्पानयोल को 2-0 से हराया। सेविला ने हालांकि मैड्रिड से एक मैच कम खेला है।

### सानिया ने ओस्ट्रावा में सत्र का पहला खिताब जीता

**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने सत्र का पहला खिताब जीता जब रविवार को उन्होंने और चीन की उनकी जोड़ीदार शुआई झेंग ने यहां ओस्ट्रावा ओपन के महिला युगल फाइनल में केटलिन क्रिस्टियन और एरिन रोटलिफ की जोड़ी को हराया। भारत और चीन की दूसरी वरीय जोड़ी ने अमेरिका की क्रिस्टियन और न्यूजीलैंड की रोटलिफ की तीसरी वरीय जोड़ी को खिताबी मुकाबले में एक घंटा और चार मिनट में 6-3 6-2 से शिकस्त दी। चौंतीस साल की सानिया और झेंग ने इस डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में इरी होजुमी और माकोतो निनोमिया की जापान की चौथी वरीय जोड़ी को सीधे सेटों में हराया था।

# सुदीरमन कप: भारत थाईलैंड से हारा

एजेंसी। वानता (फिनलैंड)

**भारत** को रविवार को यहां सुदीरमन कप के ग्रुप ए के शुरूआती मैच में थाईलैंड से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसके नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद खतरे में पड़ गई है। उसके लिए केवल एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष जोड़ी ही एकमात्र जीत हासिल कर सकी। पीवी सिंधू के अलावा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी भी इस मुकाबले में नहीं खेल रही थी। इससे जीत दिलाने की जिम्मेदारी सीनियर खिलाड़ी जैसे किदाम्बी श्रीकांत तथा अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी के कंधों पर थी।



लेकिन श्रीकांत तथा अश्विनी और सिक्की की जोड़ी अपने मैचों में हार गए जबकि युवा मालविका बंसोद को भी महिला एकल में हार का सामना करना पड़ा। इससे तीन बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके थाईलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों के बाद ही भारत का नतीजा निकल गया था। पूर्व नंबर एक श्रीकांत को तीन बार के विश्व जूनियर चैंपियन कुनलावुत वितिदसर्ण से 50 मिनट में 9-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिक्की और अश्विनी भी जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी से 21-23 8-21 से हार गईं। मालविका ने पोर्णपावी चोचुवोंग के खिलाफ अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उनमें विपक्षी को परेशान करने का पैनापन नहीं था जिससे वह दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी से महिला एकल में 11-21 14-21 से हार गईं। अर्जुन और कपिला ने पुरुष युगल में 147वीं रैंकिंग की सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केड्रेन की जोड़ी पर 21-18 21-17 से शानदार जीत दर्ज की। पांचवें और अंतिम मैच में बी साई प्रणीत और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को दुनिया की तीसरे नंबर की देचापोल पुवारानुक्रोह ओर सपसिरी ताराटानचाई की जोड़ी से 13-21 11-21 से पराजय का सामना करना पड़ा।

# बल्लेबाजों ने सही लेंथ पर गेंदबाजी करने को लेकर सुझाव दिए: नोर्जे

एजेंसी। अबुधाबी

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स पर बड़ी जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्जे ने कहा कि उन्हें अपनी टीम के बल्लेबाजों से मिली सलाह से मुश्किल विकेट पर बेहतर गेंदबाजी करने में मदद मिली। दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को खेले गए मैच में राजस्थान के खिलाफ कम स्कोर बनाने के बाद भी 33 रन की बड़ी जीत दर्ज की। नोर्जे ने चार ओवर में सिर्फ 18 रन खर्च कर दो विकेट लिए जिससे जीत के लिए 155 रन का पीछा कर रही राजस्थान की टीम छह विकेट पर 121 रन ही बना सकी।

नोर्जे ने मैच के बाद कहा, हमारे लिए यह अच्छा मैच था। हमारे बल्लेबाजों ने मुश्किल परिस्थितियों में अच्छी बल्लेबाजी कर छह विकेट पर 154 रन बनाए। श्रेयस अय्यर (43) और शिमरोन हेटमायर (28) ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने टीम की शानदार गेंदबाजी का श्रेय भी बल्लेबाजों को देते हुए कहा, बल्लेबाजों ने हमें विकेट के बारे में जानकारी दी। श्रेयस ने कहा कि इस पिच पर सीधे बल्ले से शॉट लगाना आसान नहीं था। इसलिए हमने गेंदबाजी करते समय अपनी लेंथ में बदलाव की और हमारे लिए चीजें कारगर रहीं। उन्होंने कहा, दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा बनना वाकई अच्छा है। हर कोई जानता है कि उसे क्या करना है और योजना को कैसे अंजाम देना है।

# तीरंदाजी चैंपियनशिप: भारत फिर स्वर्ण से चूका, तीन रजत जीते

एजेंसी। यांकटन (अमेरिका)

**भारतीय** तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनाम को कंपाउंड महिला व्यक्तिगत फाइनल में बेहद करीबी मुकाबले में कोलंबिया की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी सारा लोपेज के खिलाफ शिकस्त के साथ यहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। व्यक्तिगत पुरुष कंपाउंड वर्ग में विश्वकप के तीन बार के स्वर्ण विजेता अभिषेक वर्मा शनिवार को कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी माइक स्क्लोसेर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 147-148 से हार गए। भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपने अभियान का अंत तीन रजत के साथ किया।



अंकिता भकत रिकर्व वर्ग में एकमात्र भारतीय तीरंदाज बची हैं और वह रविवार को अंतिम आठ के मुकाबले में उतरेंगी। ज्योति भारत की महिला और मिश्रित युगल कंपाउंड तीरंदाजी टीम का भी हिस्सा थी जिन्हें शुक्रवार को कोलंबिया के खिलाफ एकतरफा हार के साथ रजत पदक मिले थे। भारत को अब भी इस प्रतियोगिता में अपने पहले स्वर्ण पदक की तलाश है। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक सबसे अधिक 11 बार पोडियम पर जगह बनाई है। इस दौरान उसके खिलाड़ियों ने नौ बार फाइनल में चुनौती पेश की लेकिन हर बार रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नीदरलैंड के डेन बोश में 2019 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली ज्योति ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन पांच बार की विश्वकप चैंपियन सारा बेहतर खेल दिखाते हुए 146-144 से जीत दर्ज करने में सफल रही। ज्योति ने दिन की शानदार शुरुआत की और अपने कॅरियर में पहली बार परफेक्ट 150 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच दौर में अपने सभी 15 तीर 10 अंक पर मारे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अंडर 21 विश्व चैंपियन क्रोएशिया की अमांडा म्लिनारिच को छह अंक से हराया।

# डब्ल्यूबीबीएल में गत चैंपियन सिडनी थंडर की ओर से खेलेंगी मंधाना और दीप्ति

**सिडनी।** भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा अगले महीने शुरू हो रहे महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के सातवें टूर्नामेंट में गत चैंपियन सिडनी थंडर की ओर से खेलेंगी। ये दोनों अभी भारतीय टीम के मौजूदा दौरे पर आस्ट्रेलिया में ही हैं और 14 अक्टूबर से शुरू हो रही फ्रेंचाइजी लीग के लिए वहीं रुकेंगी।

बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना का आस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड काफी अच्छा है और उन्होंने शुक्रवार को मैकॉय में मेजबान टीम के खिलाफ 94 गेंद में 86 रन की पारी खेली। पच्चीस साल की मंधाना





इससे पहले डब्ल्यूबीबीएल में होबार्ट हरिकेंस और ब्रिसबेन हीट की ओर से खेल चुकी हैं जबकि आलराउंडर दीप्ति पहली बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनी हैं। सिडनी थंडर के कोच ट्रेवर ग्रिफिन ने रविवार को कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के जुड़ने से खिताब की रक्षा के लिए उतरने वाली उनकी टीम मजबूत होगी।

# चेन्नई का विजय अभियान जारी, जडेडा ने दिलाई केकेआर पर रोमांचक जीत

एजेंसी। अबुधाबी

**रविंद्र** जडेजा ने अपने आक्रामक तेवरों का दिलचस्प नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां आठ गेंदों पर 22 रन बनाए, जिससे चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग में अपना विजय अभियान जारी रखा। चेन्नई के सामने 172 रन का लक्ष्य था। फाफ डुप्लेसिस (30 गेंदों पर 44 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (28 गेंदों पर 40 रन) ने पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़कर उसे अच्छी शुरुआत दिलाई। मोईन अली ने 28 गेंदों पर 32 रन बनाए, लेकिन वह जडेजा थे जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में दो चौके और दो छक्के जड़े जिससे चेन्नई ने आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।




केकेआर ने इससे पहले नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। उसके शीर्ष क्रम में केवल राहुल त्रिपाठी (33 गेंदों पर 45 रन) ही उपयोगी योगदान दे पाए। नितीश राणा (27 गेंदों पर नाबाद 37) और दिनेश कार्तिक (11 गेंदों पर 26 रन) के प्रयासों से केकेआर ने अंतिम तीन ओवरों में 44 रन जुटाए जिससे टीम ने छह विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। चेन्नई को अंतिम दो ओवरों में 26 रन की दरकार थी। ऐसे में जडेजा ने प्रसिद्ध कृष्णा के 19वें ओवर की आखिरी चार गेंदों पर दो छक्के और दो चौके लगाए। सुनील नारायण (41 रन देकर तीन) अंतिम ओवर करने आए जिसमें चेन्नई को चार रन चाहिए थे। नारायण ने बेहतरीन गेंदबाजी करके सैम करेन (चार) और जडेजा का आउट कर दिया लेकिन दीपक चाहर विजई रन लेने में सफल रहे। चेन्नई की यह आईपीएल बहाल होने के बाद लगातार तीसरी जीत है, जिससे उसके 10 मैचों में 16 अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। केकेआर ने लगातार दो जीत के बाद हार झेली। उसके 10 मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 52 रन बनाए। गायकवाड़ और डुप्लेसिस ने गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया। इयोन मोर्गन ने पावरप्ले में चार गेंदबाज आजमाए लेकिन चेन्नई की सलामी जोड़ी ने गेंद को सीमा रेखा तक पहुंचाना जारी रखा।

### गायकवाड़ की टाइमिंग थी शानदार

गायकवाड़ की टाइमिंग शानदार थी। उन्होंने नारायण पर दो छक्के जड़ने के बाद आंद्रे रसेल का स्वागत भी छह रन से किया लेकिन अगली गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर कवर में कैच में बदल गई। उन्होंने तीन छक्कों के अलावा दो चौके भी लगाए। चेन्नई ने 11वें ओवर में 100 का आंकड़ा छुआ। इसमें मोईन का योगदान भी था जिन्होंने लॉकी फर्गुसन पर चौका और छक्का लगाकर हाथ खोले थे। गायकवाड़ की तरह डुप्लेसिस भी अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाए। फर्गुसन ने डीप प्वाइंट पर उनका अच्छा कैच लपका। डुप्लेसिस ने सात चौके जमाए। सुनील नारायण ने अंबाती रायुडु (नौ) का ऑफ स्टंप थर्राकर चेन्नई को दबाव में ला दिया। रन नहीं बन पाने के दबाव में मोईन ने अपना विकेट गंवा दिया। सुरेश रैना (11) रन आउट हो गए और वरुण चक्रवर्ती ने गुगली पर महेंद्र सिंह धोनी (एक) को बोल्ड करके चेन्नई समर्थकों को निराश कर दिया, लेकिन जडेजा ने पूरे समीकरण बदल दिए।